आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 23°C |

इनसाइड न्यूज

अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम, एक अप्रैल...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 29 मार्च, 2026 / पेज : 12 / मूल्य : ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष : 17, अंक : 165 www.janexpresslive.com/epaper



पश्चिम एशिया के हालात : मंत्रियों के... 12

## जेवर का 'उड़ान' उत्सव : पीएम मोदी ने किया देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन

# 'जंग के संकट से मिलकर लड़ेगा भारत'

## एशिया का भविष्य : जेवर एयरपोर्ट के फेज-1 की शुरुआत, 4 फेज पूरे होने पर बनेगा एशिया का नंबर-1 एयरपोर्ट

जन एक्सप्रेस । नोएडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यूपी के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के फेज-1 का उद्घाटन किया। यह अभी देश का सबसे बड़ा और एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। 4 फेज पूरे होने पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हो जाएगा। पीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से इजराइल-अमेरिका और ईरान की जंग से उपजे संकट से एकजुट होकर लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा- कल सभी राज्यों के सीएम से चर्चा हुई। देशवासियों से कहूंगा कि धैर्य और एकजुटता के साथ इस संकट का सामना करें। ये पूरी दुनिया को परेशान करने वाला संकट है। प्रधानमंत्री ने कहा- देश के राजनीतिक दलों से कहना चाहता हूं कि संकट की घड़ी में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। एयरपोर्ट के पहले फेज का काम पूरा हो गया है। इसमें करीब 3300 एकड़ जमीन पर टर्मिनल और रनवे बनाए गए हैं। यह टर्मिनल हर साल लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

### उड्डयन प्रदेश के रूप में विकसित हो रहा यूपी : केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू

केंद्रीय मंत्री ने कहा- पीएम मोदी से हमें सीख लेनी चाहिए। जिनका एक ही संकल्प है- भारत की विजय। उनका हर काम भारत से जुड़ा होता है। उनकी ताकत भारत है। उनकी शक्ति भारत है। उनका परिवार भारत है। उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बन गया है। यहां पर क्राइम घट गया है। कॉमर्स को बढ़ाया। करप्शन को हटाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा- उड्डयन प्रदेश के रूप में यूपी विकसित हो रहा है। राम मंदिर की स्थापना से लेकर कानून व्यवस्था के मामले में पूरे देश के लिए प्रेरणा बन रहा है। सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को देखते हुए एक नए एयरपोर्ट की जरूरत थी। ये ऐतिहासिक पल है। जेवर की बात करेंगे तो निवेश की बात करेंगे। विकास की बात करेंगे।

### विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक बनेगा एयरपोर्ट : पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि साथियों, नोएडा के इस एयरपोर्ट से गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलंदशहर, आगरा, मथुरा आदि को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। एयरपोर्ट पश्चिमी यूपी के किसानों छोटे व लघु उद्योगों और नौजवानों के लिए नए अवसर लाने वाला है। यहां से विमान तो उड़ेगा ही, यह एक विकसित यूपी की उड़ान का प्रतीक बनेगा। पश्चिमी यूपी की जनता को इसके लिए बधाई देता हूं।




### हमारी सरकार की प्राथमिकता देश के नागरिकों की सुविधा : पीएम मोदी

- पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस की सुविधा नहीं है। 85 प्रतिशत हवाई जहाजों को मेंटेनेंस और मरम्मत के लिए विदेश भेजना पड़ता है। हमारी सरकार ने ठाना है कि इस क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाएंगे। बड़े पैमाने पर एमआरओ सुविधा बढ़ाई जा रही है। जेवर पर भी ये सुविधा शुरू की जा रही है। इससे देश की कमाई बढ़ेगी। युवाओं को रोजगार भी मिलेगा।
- उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता देश के नागरिकों की सुविधा है। देश के नागरिकों का समय बचे और जेब पर ज्यादा बोझ भी न पड़े, ये हमारा लक्ष्य है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत ट्रेन का बड़ा फायदा हो रहा है। अब तक ढाई करोड़ लोग सफर कर चुके हैं। पहले घंटों का समय लग जाता था, अब वो सफर मिनटों में पूरा हो रहा है।
- पीएम ने कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर बड़ा निवेश कर रही है। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर 17 हजार करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। 2014 में रेलवे में सिर्फ 20 हजार किमी रूट का बिजलीकरण हुआ था। अब इसे 40 हजार किमी कर दिया गया है। ब्रॉडगेज से सभी क्षेत्र को जोड़ दिया गया है। कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक ट्रेन पहुंच चुकी है। देश में नदी जलमार्गों की संख्या भी बढ़ रही है। विकसित भारत के निर्माण के लिए जरूरी हर क्षेत्र में देश काम कर रहा है।

### जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरण : सीएम योगी

नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी जी का बहुत आभार। हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई उड़ान मिलेगी। जेवर एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। पिछले 11-12 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो कार्ययोजना बनी है, आज हम सबको देखने को मिल रही है। भारत के अंदर पेट्रोलियम उत्पादों का दाम नियंत्रित है। उसकी आपूर्ति स्मूथ बनाई गई है। उस पूरी व्यवस्था में अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते दिख रहे हैं। भारत के पड़ोसी देशों में भी पेट्रोलियम उत्पादों के दाम बढ़े हुए हैं, वहां पर अव्यवस्था का माहौल है। उन्हें अपने कार्य की अवधि को कम करना पड़ रहा है, उत्पादन को रोकना पड़ा है। जनता में कोटा सिस्टम लागू करना पड़ा है, लेकिन भारत के पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति बनाए रखना, दाम को नियंत्रित करना और कल का ऐतिहासिक निर्णय जो लिया, जिसमें पेट्रोलियम उत्पादों में एक्साइज ड्यूटी कम करने का फैसला जो लिया, उसके लिए यूपी की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं।

### पूरी दुनिया में पेट्रोलियम के दाम आसमान छू रहे, हमारे यहां सब ठीक : योगी

सीएम योगी ने कहा कि यूपी की 25 करोड़ जनता की ओर से पीएम का हृदय से स्वागत करता हूं। कल ही रामनवमी के पावन अवसर पर पूरे देश के अंदर उत्साह का माहौल था। पूरी दुनिया में वर्तमान में अराजकता का माहौल है। पेट्रोलियम उत्पादों के दाम आसमान छूते हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच की वजह से देश में सब कुछ ठीक है। उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोलियम के दाम स्थिर है। आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अमेरिका जैसे देशों में पेट्रोलियम के उत्पादों की कीमत बढ़ी हुई दिख रही है। पड़ोसी देशों में भी ऐसा दिख रहा है। वहां के देशों में अव्यवस्था बन चुकी है। पब्लिक में कोटा सिस्टम लागू करना पड़ रहा है, लेकिन हमारे देश में उत्पादन को बनाए रखने और एक्साइज ड्यूटी कम करने का निर्णय लिया गया। मैं इसके लिए प्रदेशवासियों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

### 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, आज 160 हैं

पीएम मोदी ने कहा- किसी भी देश में एयरपोर्ट सिर्फ एक संचालन की सुविधा नहीं होती। ये एयरपोर्ट प्रगति को उड़ान देते हैं। 74 एयरपोर्ट 2014 से पहले देश में थे। आज 160 एयरपोर्ट हैं। आज महानगरों के साथ छोटे शहरों में हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। पहले की सरकार मानती थी कि हवाई यात्रा अमीरों के लिए ही होनी चाहिए। लेकिन, भाजपा की सरकार ने सामान्य लोगों के लिए हवाई यात्रा को आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी में तेजी से हवाई एयरपोर्ट की संख्या 17 कर दी है। भाजपा सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि एयरपोर्ट भी रहे और किराया-भाड़ा भी सामान्य परिवारों की पहुंच में रहे। इस कारण उड़ान योजना शुरू की। इसकी वजह से 1.60 करोड़ लोगों ने सस्ती दरों पर यात्रा की। हाल ही में उड़ान योजना को और विस्तार दिया गया है। इसके लिए 29000 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इससे छोटे शहरों में 100 नए एयरपोर्ट और 200 हेलीपैड बनाने की योजना है। यूपी को इससे बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

### पश्चिमी यूपी को सपा ने लूट का एटीएम बना लिया था

पीएम मोदी ने कहा कि पश्चिमी यूपी को सपा ने लूट का एटीएम बना लिया था। आज नोएडा को भाजपा सरकार ने विकास का सशक्त इंजन बना दिया है। इस एयरपोर्ट से हर दो मिनट में एक फ्लाइट उड़ेगी। इस एयरपोर्ट को अटल जी ने 2003 में मंजूरी दे दी थी। कई लोगों का तो तब जन्म भी नहीं हुआ होगा, लेकिन एयरपोर्ट नहीं बना। केंद्र में कांग्रेस और यहां की पहले की सरकारों ने सालों तक इस एयरपोर्ट की नींव तक नहीं पड़ने दी। 2004 से 2014 तक ये एयरपोर्ट फाइलों में दबा रहा। हमारी सरकार बनी तो यूपी में सपा की सरकार थी। शुरू के दो तीन सालों में सपा ने इस पर काम नहीं होने दिया। जैसे ही भाजपा की यूपी में सरकार बनी। दिल्ली में सरकार बनी, तो जेवर एयरपोर्ट की नींव भी पड़ी, निर्माण भी हुआ और अब ये शुरू भी हो गया।



### मोदी के भाषण की 3 बड़ी बातें

- **'पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से दुनिया के सामने संकट खड़ा हुआ' :** पश्चिम एशिया में युद्ध चल रहा है। इसके चलते कई देशों में संकट पैदा हो गया है। भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस युद्ध-प्रभावित क्षेत्रों से मंगाता है। इसलिए सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे सामान्य परिवारों और किसानों पर बोझ न पड़े। 140 करोड़ देशवासी इस मुसीबत का एकजुट होकर सामना करें।
- **'नोएडा को पहले अंधविश्वास की वजह से अपने हाल पर छोड़ दिया गया था' :** नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। जब यहां सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया। तब पुराने मुख्यमंत्री (अखिलेश) इतने डरे हुए थे कि वे कार्यक्रम में आए ही नहीं। मुझे भी डराने की कोशिश की गई, कहा गया- नोएडा मत जाइए। अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हैं।
- **'सपा ने पश्चिमी यूपी को लूट का एटीएम बना दिया था' :** सपा ने पश्चिमी यूपी को लूट का एटीएम बना दिया था। जब हमारी सरकार बनी तो यूपी में सपा की सरकार थी। शुरू के 2-3 सालों में उन्होंने जेवर एयरपोर्ट का काम नहीं होने दिया, लेकिन जैसे ही यहां भाजपा सरकार बनी तो जेवर एयरपोर्ट की नींव पड़ी, निर्माण हुआ और अब शुरू भी हो गया।

### हर दो मिनट में एक जहाज उड़ेगा

पीएम मोदी ने कहा, 'सेमीकंडक्टर फैक्टरी भारत को तकनीकी में आगे बढ़ा रही है। मेरठ मेट्रो और नमो भारत रेल तेज और स्मार्ट कनेक्टिविटी दे रही है और यह हमारा जेवर एयरपोर्ट, पूरे उत्तर भारत को दुनिया से जोड़ रहा है। यह सभी प्रोजेक्ट पूरा होना डबल इंजन की सरकार का शानदार उदाहरण है। पीएम ने आगे कहा, आपने वीडियो में देखा होगा, यह ऐसा एयरपोर्ट बन रहा है, जिससे हर दो मिनट में एक जहाज उड़ेगा।'

### एयरपोर्ट 2040 तक पूरा बनकर तैयार होगा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 52 स्क्वायर किमी में बनना प्रस्तावित है। पूरा बनने की डेडलाइन 2040 है। नोएडा एयरपोर्ट अथॉरिटी से जुड़े अफसरों ने बताया- एयरपोर्ट से फ्लाइट मई से शुरू हो सकती है। एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खूबी यह है कि एंट्री के बाद 20 मिनट से कम समय में बोर्डिंग संभव है। एशिया की सबसे बड़े एयरपोर्ट की बात करें तो अभी चीन का बीजिंग डेक्सिंग इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। इसका एरिया 47 स्क्वायर किमी है।

### ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक

पीएम मोदी ने कहा कि देश के सभी राजनीतिक दलों से आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं कि इस प्रकार के संकट में ऐसी बातें करने से बचें, जो देश के लिए नुकसानदायक हैं। उन्होंने कहा कि जो भारतीयों के हक में है, हित में है, वहीं भारत सरकार की नीति और रणनीति है। राजनीति के लिए गलत बयानबाजी करने के लिए राजनीतिक बहस में कुछ नंबर तो पा लेंगे, लेकिन देश को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी कुछ लोगों ने गुमराह किया, झूठ बोले, लेकिन जनता ने चुनावों के दौरान ऐसी राजनीति को नकार दिया। ठुकरा दिया। मुझे भरोसा है कि देश के राजनीतिक दल इससे सबक सीखेंगे और एकजुट प्रयासों को बल देंगे, ताकत देंगे।

### सत्ताधारी यहां आने से डरते थे

प्रधानमंत्री ने कहा, नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था, कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। मुझे याद है, जब यहां सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया, तो मुख्यमंत्री इतने डरे हुए थे कि वे उस कार्यक्रम में नहीं आए। मुझे भी डराने की कोशिश की गई, कहा गया, 'नोएडा मत जाइए, मोदी जी, अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हैं।' मैंने कहा, 'मैं उस धरती का आशीर्वाद लेने जा रहा हूं, जो मुझे लंबे अरसे तक सेवा करने का मौका देगी।' आज वही इलाका पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार है। यह पूरा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त कर रहा है।

## हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे 'बजरंगी' 50 साधु-संतों सहित 200 विशिष्ट मेहमान आमंत्रित

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

यूपी के अयोध्या में राम मंदिर के परकोटा स्थित हनुमान मंदिर में दो अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसकी अगुवाई 'बजरंगी' के नाम से विख्यात विनय कटियार करेंगे। कार्यक्रम में बजरंग दल से जुड़े अब तक के सभी पूर्व संयोजकों, 50 साधु-संतों सहित करीब 200 विशिष्ट मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। राम मंदिर आंदोलन में बजरंग दल के योगदान को देखते हुए यह आयोजन खास महत्व रखता है। माना जा रहा है कि मंदिर ट्रस्ट की ओर से पहली बार इस तरह से बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ताओं को मंच देने के पीछे आंदोलन से जुड़े सभी घटकों को सम्मान और साथ लेकर चलने का



संकेत छिपा है। गौरतलब है कि बजरंग दल की स्थापना विनय कटियार ने की थी, लेकिन राम मंदिर ट्रस्ट के गठन से लेकर मंदिर निर्माण तक आयोजित कई प्रमुख कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय उपस्थिति नहीं रही। इस दौरान उनकी नाराजगी समय-समय पर बयानों में भी सामने आती रही, खासकर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को लेकर दिए गए उनके बयान चर्चा में रहे। ऐसे में हनुमान जयंती के इस मंच पर विनय कटियार को प्रमुख भूमिका में आमंत्रित करना केवल धार्मिक आयोजन भर नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे संगठनात्मक समन्वय और पुराने मतभेदों को पाटने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश में बजरंग दल को मजबूत आधार देने वाले और वर्तमान में वित्त आयोग के चेयरमैन रहे जयभान सिंह पवैया को भी विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इसके लिए बजरंग दल के संयोजक रहे प्रकाश शर्मा व सुरेंद्र जैन को भी आमंत्रित किया गया है।

### पवैया का राम मंदिर आंदोलन में विशेष योगदान

विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा के अनुसार जयभान सिंह पवैया और कटियार दोनों संगठन के शीर्ष पदों पर रह चुके हैं और राष्ट्रीय स्तर पर बजरंग दल के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पवैया का राम मंदिर आंदोलन में विशेष योगदान रहा है। वर्ष 1995 में जब आतंकियों की धमकियों के चलते अमरनाथ यात्रा बाधित हुई थी, तब पवैया ने हजारों बजरंगियों के साथ यात्रा कर एक बड़ा संदेश दिया था। इसके बाद से यात्रा निरंतर जारी है। समग्र रूप से देखा जाए तो यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, योगदान के सम्मान और समन्वय का भी प्रतीक बनता नजर आ रहा है।

## मैनाठेर कांड : तत्कालीन डीआईजी पर हमले के 16 दोषियों को आजीवन कारावास, कोर्ट परिसर की बढ़ाई गई सुरक्षा

जन एक्सप्रेस। मुरादाबाद

मुरादाबाद के बहुचर्चित 15 साल पुराने मैनाठेर कांड में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तत्कालीन डीआईजी पर जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार दिए गए 16 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शनिवार को एडीजे-दो कृष्ण कुमार की अदालत ने सजा पर सुनवाई पूरी करने के बाद यह आदेश दिया। इससे पहले 23 मार्च को अदालत ने सभी 16 आरोपियों को दोषी ठहराया था। सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। दोषियों को पुलिस हिरासत में कोर्ट में



पेश किया गया। सजा सुनते ही परिजन सन्न रह गए। यह घटना छह जुलाई 2011 को मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में हुई थी। जब पुलिस एक आरोपी की तलाश में दबिश देने पहुंची थी। दबिश के दौरान धार्मिक पुस्तक के अपमान का आरोप लगाते हुए लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला हिंसक हो गया। गुस्साई भीड़ ने मुरादाबाद-संभल रोड पर तीन स्थानों पर जाम लगाते हुए मैनाठेर थाने और डींगरपुर पुलिस चौकी में आग लगा दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार और डीएम राजशेखर को भीड़ ने घेर लिया था। इस दौरान डीआईजी पर हमला किया गया और उनकी पिस्टल छीन ली गई थी। मामले में पीआरओ रवि कुमार की तहरीर पर 33 नामजद और करीब 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के बाद 25 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई, जिनमें से छह आरोपी नाबालिग होने के कारण उनकी फाइल किशोर न्यायालय भेज दी गई थी। सुनवाई के दौरान तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है।

## फ्रांस में भारत की धमक : जी7 समिट के बीच जयशंकर-मैक्रों की मुलाकात, वैश्विक तनाव पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पेरिस

विश्व की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थाओं वाले देश के समूह 'जी7' की विदेश मंत्रियों की बैठक इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। फ्रांस में हो रही इस बैठक के बीच विदेश मंत्री जयशंकर की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात हुई है। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर बातचीत हुई है। भारतीय विदेश मंत्री की विशेष मुलाकात ने दोनों देशों के बीच भविष्य के सामरिक रोडमैप की झलक भी पेश की है। बैठक की



शुरुआत में जयशंकर ने राष्ट्रपति मैक्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं और मित्रता का संदेश दिया।

### वैश्विक मुद्दों पर चर्चा

एस जयशंकर ने मुलाकात के बाद कहा कि मैक्रों के साथ विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा से जो 'इनसाइट्स' यानी अंतर्दृष्टि मिली है, वह काफी मूल्यवान है। जानकारों का मानना है कि इस बातचीत में न केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा, बल्कि पश्चिम एशिया और यूरोप के बदलते समीकरणों पर भी विस्तार से मंथन हुआ है।

### जी7 में भारत की भूमिका

हालांकि, भारत जी7 का पूर्ण सदस्य नहीं है, लेकिन फ्रांस की ओर से विशेष भागीदार के रूप में भारत को आमंत्रित किया जाना यह बताता है कि आज के दौर में भारत के बिना वैश्विक समाधान संभव नहीं हैं। इस सम्मेलन के दौरान लाल सागर और 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में समुद्री सुरक्षा को लेकर भी चिंताएं जताई गईं।

### द्विपक्षीय संबंधों का नया अध्याय

राष्ट्रपति मैंक्रों से भेंट के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वहां मौजूद सऊदी अरब, कनाडा और ब्रिटेन के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। लेकिन फ्रांस के साथ भारत की केमिस्ट्री अलग ही स्तर पर नजर आती है।

### सऊदी के क्राउन प्रिंस से पीएम मोदी ने की बात, ऊर्जा संयंत्रों पर हमले की निंदा की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट में गहराते संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस सह प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की। दोनों के बीच पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'मैंने ऊर्जा के बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों को लेकर भारत के रुख को दोहराया।' पीएम मोदी ने क्षेत्रीय हालात का जिक्र करते हुए लिखा, 'हम इस बात पर सहमत हुए कि नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और शिपिंग लाइनों को खुला और सुरक्षित रखना आवश्यक है।

## रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा : 1 अप्रैल से बैन शुरू भारत पर कम, चीन-तुर्किये और ब्राजील पर ज्यादा असर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को

रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्किये,



ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है।

### रूस के फैसले का भारत पर कितना असर

एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) पर निर्भर है। क्रूड ऑयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20% रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल रिफाइन करता है। यह न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरत पूरी करता है, बल्कि तैयार ईंधन का निर्यात भी करता है।

# शिक्षकों के पास उनका सम्मान ही सबसे बड़ी उनकी पूंजी होती है: आशुतोष त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस । बांदा



शनिवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद के तत्वाधान में शिक्षक गौरव सम्मान कार्यक्रम का आयोजन राजा पैलेस में किया गया।जिसमें जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग में अपनी लंबी सेवाएं दे चुके 41 शिक्षक जो कि सेवाकाल की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रहे का सम्मान और विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही सेवारत रहते हुए अपने विद्यालयों को सुव्यवस्थित करने के साथ ही अपने परिश्रम से बच्चों को आगे बढ़ाते हुए सफ़लता प्राप्त कराई ऐसे 25 शिक्षकों को सम्मानित किए जाने का कार्य किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा शिक्षकों के पास उसका सम्मान ही उसकी पूंजी होती है।कार्यक्रम में अतिथि के रूप जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद,सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी,विधायक नरैनी ओम मणि वर्मा,चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ,नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी,डायट प्राचार्य सत्येंद्र कुमार,वित्त एवं लेखाधिकारी नरेंद्र कुमार,ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू जिला उपाध्यक्ष रामबाबू पाल नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधिअंकित बासू संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि गुरुजनों के सम्मान से ईश्वरत्व को प्राप्त किया जा सकता है।अनेक विद्यालयों को सुसज्जित करने का कार्य बिना भेदभाव के किया है।शिक्षकों के साथ सदैव खड़े मिलेंगे।संबोधित करते हुए जल शक्ति राज्य मंत्री ने कहा सरकार शिक्षक हितों के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है।विद्यालयों का कायाकल्प हो रहा है।शिक्षकों के साथ सदैव खड़ा रहूंगा।संबोधित करते हुए नरैनी विधायक ओम मणि वर्मा ने कहा शिक्षकों के सम्मान साथ सदैव खड़ी मिलूंगी।संबोधित करते हुए चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा अपने सम्मान की रक्षा करना सबका अधिकार है।सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षक जिनको शिक्षक गौरव सम्मान दिया गया उनमें प्रमुख रूप से अनूप तिवारी,महेंद्र कुमार गुप्ता मुस्ताक अहमद ,रमाशंकर गुप्ता,कुंज बिहारी,सविता देवी,रमेश सिंह, नफीसा, पीताम्बर लाल यादव,राजकुमारी देवी त्रिपाठी,ज्योति बाला,निगार सुल्ताना,राम मोहन ,अख्तर अजीज,ब्रजमोहन द्विवेदी,दिनेश सिंह यादव ,हीरा प्रसाद पांडेय,जागेश्वर,रामहित,संतोष बाबू,विद्या देवी,विजय कुमार वर्मा,रामचंद्र यादव,अशफाक अंसारी,चंद्र प्रभा सक्सेना,कुसुमा वर्मा, शगुफ्ता खातून,इशाकुद्दीन सिद्दीकी,जरीना परवीन,रमेश चंद्र सिंह पटेल,शिवमंगल सिंह, रविकिरण साहू, रविकरन तिवारी,रामेश्वर प्रसाद शालिगराम यादव,श्रवण कुमार ,रागिनी निगम,उमाशंकर लखेरा और वंदिता सिंह रहे। जबकि सेवारत रहते हुए अच्छा कार्य और उपलब्धि हासिल कर शिक्षक गौरव सम्मान प्राप्त करने वाले शिक्षकों में डा. नंदिता चौहान,जय गोपाल,अंजना, प्रतीक्षा पाण्डेय,समीर गुप्ता,शिवकुमार सिंह,धीरेंद्र कुमार गुप्ता,प्रमोद पटेल,सुरेंद्र यादव,लाल बहादुर,रविकांत,विजय बिहारी,धीरू प्रशांत,वीर प्रताप श्रीवास,दीपा भारती,अवधेश तिवारी,शिव सिंह,राम लाल कुशवाहा,शमसुननिशा,शिवकरण सिंह,जसवंत सिंह कोटार्य,महेंद्र कुमार ,शिवम सिंह तथा रईसा बानो आदि रहे। जिला मंत्री प्रजीत सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक बड़ोखर खुर्द की वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षिका रंजना सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी,शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

# जेवर एयरपोर्ट बुंदेलखंड की अर्थव्यवस्था के लिए साबित होगा मील का पत्थर



जन एक्सप्रेस । बांदा

जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट आने वाले समय में बुंदेलखंड क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने वाला गेम चेंजर साबित होगा। इज़के बन जाने से न केवल कनेक्टिविटी सुधरेगी बल्कि जनपद समेत पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में आर्थिक विकास और पर्यटन के नए युग की शुरुआत होगी। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इस एयरपोर्ट की बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से इसकी सीधी कनेक्टिविटी होगी।वर्तमान में इस क्षेत्र के लोगों को अगर विदेश जाना होता है तो उन्हें अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट जाना पड़ता है जिसके लिए उन्हें ट्रैफिक और दूरी का सामना करना पड़ता है। जनपद और बुंदेलखण्ड के आसपास के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों जैसे कालिंजर दुर्ग,चित्रकूट व अन्य के लिए अब विदेशी पर्यटकों की राह आसान हो जाएगी।एयरपोर्ट से सीधी पहुंच होने के कारण बुंदेलखंड के पर्यटन स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। जिससे पर्यटन बढ़ने से स्थानीय स्तर पर होटल इंडस्ट्री, टूरिस्ट गाइड और परिवहन सेवाओं में रोजगार के हजारों नए अवसर पैदा होंगे। यह एयरपोर्ट बुंदेलखंड की अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी का काम करेगा। बेहतर लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी के कारण क्षेत्र में नए उद्योगों की स्थापना होगी। जिससे पलायन रुकेगा और स्थानीय व्यापार को वैश्विक बाजार मिलेगा। बीजेपी नेता डा. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट आने वाले समय मे इस क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतर और सुलभ विकल्प बनकर उबरेगा। जिससे यात्रा का समय तो कम होगा ही वही लागत भी कम होगी और यहां के लोग अब आसानी से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को यहां से पकड़ सकेंगे। इन्होंने बताया कि यह एयरपोर्ट सपनों को उड़ान देने वाला है और इसके जरिए यहां के व्यापारियों की वैश्विक पहुंच आसान होगी।

# घरेलु विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

## पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

जन एक्सप्रेस । बांदा



शराब के नशे में पत्नी और मां को पीट कर घर से निकालने के बाद युवक ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के छेहरांव गांव निवासी 36 वर्षीय धर्मेंद्र सेन पुत्र सूबेदार सेन अपनी पत्नी मिथलेश और मां के साथ शहर के स्वराज कालोनी में रहता था। वह एक गुटखा फैक्ट्री में काम करता था। शुक्रवार की रात धर्मेंद्र नशे की हालत में घर पहुंचा और उत्पात मचाने लगा। पत्नी और मां रामसखी ने मना किया। तो इसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया। धर्मेंद्र ने माँ तथा पत्नी को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। दोनों को घर निकालने के बाद वह कमरे के अंदर घुस गया। जहां उसने पंखा के हुक पर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो परिजनो ने आवाज लगाने के साथ कुंडी खटखटाई। लेकिन अंदर से कोई आहट नहीं हुई। पत्नी मिथलेश ने मामले की जानकारी अपने नंदोई अनिल को दी। मौके पर पहुंचे अनिल तथा परिजनो ने किसी तरह दरवाजा खोल कर कमरे के अंदर पहुंचे देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। फंदा काट कर उसे नीचे उतारने के बाद जीवित होने की आशंका पर उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बहनोई अनिल ने बताया कि धर्मेंद्र ने नशे की हालत में उसने घटना को अंजाम दिया है।

# नाबालिग का अपहरण करने वाले गुनहगार को सात साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ पन्द्रह हजार का जुर्माना

**हमीरपुर।** सुमेरपुर में 24 जनवरी 2017 को नाबालिग को बहलाफुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पीडित पिता की तहरीर पर सुमेरपुर पुलिस ने नाबालिग छात्र के खिलाफ मु0अ0सं0-25/2017 धारा-363,366,376 आईपीसी सहित 4 पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया था,वही अभियोजन की तरफ से मामले की पैरवी करते हुये एडीजीसी रुद्रप्रताप सिंह ने बताया किआपरेशन कन्विक्शन के तहत स्पेशल पॉक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ति माला सिंह ने मुल्जिम को धारा-363,366, आईपीसी के साथ ही 4 पॉक्सो के तहत गुनहगार मानते हुये 7 साल की सख्त सजा के साथ ही किया 15 हजार रुपये का जुर्माना। वही मामले की जांच तत्कालीन एस आई सुरजीत कुमार ने पूरी करते हुये अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी।

# दस दिवसीय पुस्तक मेला व आई केयर आक्टिकल का क्षेत्रीय विधायक ने किया फीता काट शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बांदा




नगर के रघुनाथ भवन मैरिज हॉल में दस दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया आचार्य पंडित राम शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पुस्तक मेले का शुभारंभ किया गया इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने पुस्तक मेले की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत दुर्लभ संयोग है हर चीज के मिले तो मिलते हैं पर पुस्तक मेला बहुत कम देखने को मिलते हैं जहां एक ओर साहित्य से लोग विमुख हो रहे हैं वहीं यह पुस्तक मेला युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा कार्यक्रम के संरक्षक पूर्व प्राचार्य डा डीसी गुप्ता ने कहा कि पंडित आचार्य शर्मा ने 3300 किताबें लिखी हैं जहां एक अप्लीकेशन लिखने में हम दो से तीन पेज कागज खराब करते हैं वही इतनी बड़ी संख्या मे पुस्तक को लिखने में कितना बड़ा संघर्ष शर्मा जी ने किया होगा आज इस पुस्तक मेले में हर प्रकार की किताबें उपलब्ध हैं आचार्य जी के जीवन से लेकर उनकी कृतियां की संपूर्ण पुस्तके मौजूद है हर प्रकार की साहित्य की किताबें उपलब्ध हैं 10 दिन यह मेला चलेगा उद्घाटन के बाद क्षेत्रीय विधायक ने स्वयं कई साहित्य लेकर उन्हें पढ़ने की बात कही है और अधिक से अधिक लोगों को पुस्तक मेले से जोड़ने की भी वकालत की है साथ ही हर प्रकार का सहयोग भी देने का वादा किया है इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डा अभिलाष श्रीवास्तव, राजकिशोर बाजपेई, अर्जुन मिश्र, मंजू चौरिहा, गीता द्विवेदी, डा अजय आर्य, राजकुमार, गोपाल गुप्ता, रितेश निगम, भूरा, आदि लोग उपस्थिति रहे। वहीं मौजूद बांदा रोड स्थित जहाज बिल्डिंग में आई केयर आप्टिकल शाप का क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया दुकान के प्रो0आशीष द्विवेदी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया आशीष द्विवेदी ने बताया कि उनकी दुकान पर छोटे-बड़े सभी के लिए किफायती दामों में चश्मे उपलब्ध हैं और मशीन की जांच कर टेस्टेड चश्मे भी बनाए जाएंगे क्षेत्र के लोगों के हिसाब से यह दुकान खोली गई है बहुत धन अर्जन करना मेरा लक्ष्य नहीं है मुझे आम जनमानस को अच्छी सेवा देने का संकल्प है इस पर क्षेत्रीय विधायक ने अधिक से अधिक सहयोग करने की बात कही है और चश्मा खरीद कर शुरुआत की है इस मौके पर भाजपा नेता आत्माराम शुक्ला,विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मिश्र, विवेक शुक्ला, रोहित शुक्ला, विज्ञान शुक्ला, कौशलेंद्र गुप्ता सहित अन्य ग्राहक मौजूद रहे।

# रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल भक्तों को कांग्रेसियों ने कराया जलपान

जन एक्सप्रेस । बांदा



भगवान श्री राम के प्रकटोत्सव राम नवमी के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा कालीदेवी मंदिर के निकट सट्टन चौराहे पर पंडाल लगाकर राम भक्तों व जनता जनार्दन को कांग्रेसियों ने मीठा शरबत व ठंडा पानी पिलाया गया एवं सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने पंडाल में आकर जिला अध्यक्ष सहित कांग्रेस जनों से शिष्टाचार मुलाकात कर राम नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। प्रेम व सौहार्द का प्रतीक राम नवमी पर्व पर शहर वासियों द्वारा भगवान राम सहित अन्य देवी देवताओं की झाकियां मुख्य मार्ग से निकाली गई। हजारों की संख्या में राम भक्तों का कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि राम नवमी का पर्व भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है एवं मर्यादा में रहकर कार्य करने की सीख के साथ साथ सभी वर्गों को गले से लगाने का संदेश भी देता है जिस प्रकार भगवान श्री राम ने निषादराज, और सबरी को गले से लगाया उसी प्रकार समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एक दूसरे का सम्मान कर भाई चारा बनाए रखने का काम करना चाहिए।राम नवमी पर गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली मुस्लिम भाइयों ने बढ़ चढ़ कर राम भक्तों को गले से लगाया और सदैव से चली आ रही भाई चारे की मिशाल को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आदिशक्ति दीक्षित,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश दीक्षित,जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट,अमित तिवारी, कालीचरण निगम,शोएब रिज़्वी, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष संतोष द्विवेदी,जिला प्रवक्त राममिलन एडवोकेट, कांग्रेस सभासद इरफान खान, सुनील चौरसिया,नरेंद्र तिवारी, सुशील शिवहरे,शाद खान, अच्छन भाई,राम किशोर द्विवेदी, लाल बाबू राजपूत,लालू,कृपाल सहित प्रमुख कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# मार्च क्लोजिंग: तीन दिन में कैसे खर्च होंगे 1.49 अरब रुपये

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

चालू बजट वर्ष अब अलविदा कहने की ओर बढ़ रहा है। मार्च माह को समाप्ति होने में महज तीन रोज बचे हैं पर चित्रकूट जिले में सरकारी महकमे विकास की सौ फीसदी रकम खपा नहीं पाए। विभिन्न सरकारी विभागों को अभी 1.49 अरब की रकम खर्चना बाकी है। हालांकि इससे जनपद में विकास कार्य कराए जाएंगे। वर्ष 2025-2026 में योगी सरकार ने सूबे में विकास की खूब योजनाएं बनाईं और इन्हें मंजूरी देकर बजट आवंटित किया। 27 मार्च तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार चालू बजट साल में प्रदेश सरकार ने चालू वित्त वर्ष में जनपद को विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 13.98 अरब रुपये से अधिक का बजट दिया था। इसके सापेक्ष आवंटित रकम में से सरकारी विभाग करीब 12.49 अरब रुपये ही खपा पाए। जबकि लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई विभाग के सरकारी खजाने में करोड़ों की रकम पड़ी है। इस रकम को खर्चने में अब शेष तीन दिन बचे हैं। हालांकि इन सरकारी महकमों को अभियान चलाकर मार्च क्लोजिंग के तहत शेष बजट को निपटाना होगा।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग को इस वित्त वर्ष में एक अरब एक करोड़ रुपये से अधिक का बजट मिला था। विभाग ने इसके सापेक्ष 62.27 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए। अभी भी 39.15 करोड़ रुपये से अधिक का बजट खर्चना बाकी है। स्वास्थ्य विभाग को 58.42 करोड़ रुपये से अधिक का बजट मिला था। आवंटित बजट के सापेक्ष विभाग ने 53.54 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए, जबकि 4.87 करोड़ रुपये से अधिक का बजट खर्च करना बाकी है।

# अवैध बालू खनन में 27 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

## संयुक्त टीम के छापे के दौरान मौके से भागे खनन माफिया

जन एक्सप्रेस । बांदा

जिलाधिकारी व एसपी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक में सदर तहसील स्थित ग्राम अछरौड़ व उजरेहटा में बालू मोरम के अवैध खनन व परिवहन की प्राप्त हो रही शिकायतो की जांच कर संलिप्त व्यक्तियो के विरूद्ध आवश्यक कडी दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उक्त के क्रम में खनिज विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 27 मार्च 26 को प्रश्नगत स्थल का औचक निरीक्षण/जांच की गयी। जांच के दौरान संयुक्त जाच टीम को मौके पर आते देख अवैध खनन/परिवहन में संलिप्त ट्रैक्टरो द्वारा लोड बालू/मोरम को अपने ट्रैक्टरो से नदी तल में ही पलटकर मौके से भाग गये। संयुक्त जांच टीम द्वारा केन नदी तल में हो रहे बालू/गोरग के अवैध खनन/परिवहन से बने पिट्स की पैमाईश / नाप की गयी, जिसमें 05 पिट्स पर कुल 1988 घन मी. बालू/मोरम का अवैध खनन / परिवहन किया जाना पाया गया। अतः उक्त अपराध के सम्बन्ध में अवैध खनन / परिवहन में संलिप्त 27 व्यक्तियों के विरूद्ध नामजद प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना मटौंध में दर्ज कराया गया। थाना मटौंध में अवैध खनन/परिवहन में संलिप्त 27 व्यक्तियों, जिनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी है।थाना मटौंध में अवैध खनन/परिवहन में संलिप्त 27 व्यक्तियों, जिनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी है।थाना मटौंध में अवैध खनन/परिवहन में संलिप्त 27 व्यक्तियों, जिनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# बारिश ने डाला दीपदान में खलल, फिर भी सजी दीयों की चादर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



रामनवमी की शाम को बारिश ने दीपदान की तैयारियों पर खलल डाल दिया। धर्मनगरी में रामघाट पर सजाई गई आकर्षक रंगोली और भगवान श्रीराम से जुड़ी कलाकृतियां तेज बारिश में बह गई। साथ ही दीपदान भी प्रभावित हो गया। हालांकि शाम सात बजे बारिश थमने के बाद वहां पर लोगों ने दीपदान किया तो दीयों की रोशनी से समूचा रामघाट जगमगा उठा। इसके अलावा सभी मंदिरों में जलाए गए दीये झिलमिलाते नजर आए।

मंदाकिनी नदी के रामघाट पर गौरव दिवस पर 22 लाख दीपक जलाने की तैयारियों में प्रशासन कई दिनों से जुटा था। सुबह से वहां पर तैयारियों को अंतिम रूप देने की जुगत छिड़ी थी। स्कूली छात्र-छात्राएं रामघाट पर आकर्षक रंगोलियां सजाने में जुटी थी तो कुछ प्रभु श्रीराम के जीवन से कलाकृतियों को उकेरने में लगे थे। साथ ही दीपदान के लिए दीपक भी सजाए जा रहे थे। लेकिन शाम को अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद हुई बारिश ने सारी तैयारियों पर पानी फेर दिया। करीब एक घंटे तक चली बारिश के चलते लोग खुद को भीगने से बचाने के लिए इधर-उधर छिपते नजर आए। हालांकि उनका हौसला कम नहीं हुआ। सात बजे बारिश धीमी हुई तो एक बार फिर दीपदान की आस जगी। इसके बाद जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एडीएम चंद्रशेखर, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव ने दीयों को जलाकर शुरुआत की। फिर विभिन्न टोलियों ने दिए जलाए।

# ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को नुकसान, किसान चिंतित

**चित्रकूट/राजापुर।** जिले में शुक्रवार देर शाम राजापुर और मानिकपुर सहित कई स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश हुई। इससे गेहूं, सरसों और अरहर जैसी खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज हवाओं ने भी नुकसान को और बढ़ा दिया। शुक्रवार सुबह मौसम में बदलाव आया और दोपहर बाद काले बादल छा गए। राजापुर तहसील क्षेत्र में लगातार एक घंटे तक ओलावृष्टि और बारिश जारी रही। लमियारी, चिल्लीमल, नैनी, देवारी, सुरसेन, भदेहदू और कनकोटा जैसे गांवों में व्यापक असर दिखा। किसानों की मेहनत बर्बाद हो गई और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। राजकुमार, करुणेश मिश्रा और संतोष वर्मा सहित कई किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स के साथ की बैठक

जन एक्सप्रेस । बांदा



शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ मीटिंग की गई।मीटिंग में पुलिस पेंशनर्स की पेंशन,चिकित्सा सुविधाएं,पारिवारिक पेंशन,लंबित प्रकरणों एवं अन्य व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को गंम्भीरता पूर्वक सुना गया और संबंधित शाखाओं/अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए तथा पेंशनर्स को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा तथा अनावश्यक विलंब नहीं होने दिया जाएगा।साथ ही पेंशनर्स की सराहना करते हुए बताया गया कि उनके द्वारा अपने सेवाकाल में पुलिस विभाग के लिए निष्ठा एवं समर्पण के साथ किए गए कार्य किए गए है इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान करना विभाग का नैतिक एवं प्रशासनिक दायित्व है।पेंशनर्स के सम्मान, सुविधा एवं कल्याण के लिए पुलिस प्रशासन सदैव प्रतिबद्ध है।अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स से अपील कि वे सभी नौकरी से रिटायर हुए हैं सेवा से नहीं,आज भी कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाएं रखने तथा अपराधों पर कार्यवाही करने में उनके अहम योगदान कि आवश्यकता है।इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव सहित पुलिस पेंशनर्स आदि मौजूद रहें।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, रविवार, 29 मार्च, 2026






**बंगाल में सियासी घमासान...**

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक आरोप पत्र 'चार्जशीट' जारी की है। इस आरोप पत्र के जरिए शाह ने तृणमूल... पढ़ें पेज 12 पर...

# अडानी एयरपोर्ट विस्तार पर किसान बनाम सिस्टम

## 66 दिन का संघर्ष खत्म, लेकिन न्याय की लड़ाई जारी

- 23 अक्टूबर 2024 से शुरू हुआ आंदोलन 66 दिन के लंबे संघर्ष के बाद 28 मार्च 2026 को खत्म हुआ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




अडानी ग्रुप की एयरपोर्ट विस्तार परियोजना को लेकर रहीमाबाद, भक्तिखेड़ा और आसपास के गांवों में किसानों का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर दिख रहा है। 23 अक्टूबर 2024 से शुरू हुआ आंदोलन 66 दिन के लंबे संघर्ष के बाद 28 मार्च 2026 को खत्म तो हुआ, लेकिन किसानों की नाराजगी और सवाल अब भी कायम हैं।

### 'अनशन टूटा, भरोसा नहीं '

भूख हड़ताल से लेकर आमरण अनशन तक पहुंचे इस आंदोलन ने प्रशासन को झुकने पर मजबूर जरूर किया, लेकिन किसानों का साफ कहना है– 'अनशन खत्म हुआ है, संघर्ष नहीं। 'भारतीय किसान मजदूर यूनियन (दशहरी) के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव के आमरण अनशन ने प्रशासन को वार्ता की टेबल तक खींचा, लेकिन ठोस समाधान अब भी दूर है।

### 2010 की डील पर उठे गंभीर सवाल

किसानों का आरोप है कि वर्ष 2010 में हुई भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी हुई। जमीन अधिग्रहण में पारदर्शिता नहीं बरती गई किसानों को पूरी जानकारी नहीं दी गई बाजार मूल्य से कम कीमत पर सौदे कराए गए किसान लगातार इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं।

### प्रशासनिक वार्ता: समाधान या औपचारिकता?

28 मार्च को उपजिलाधिकारी सरोजिनी नगर, एसीपी कृष्णा नगर, थाना अध्यक्ष और एलआईयू की मौजूदगी में वार्ता हुई। इसके बाद अनशन समाप्त कराया गया। लेकिन जमीनी सच्चाई यही है किसानों की मूल समस्याएं अब भी जस की तस बनी हुई हैं।

### 2013 कानून की अनदेखी का आरोप

किसानों का कहना है कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के तहत मिलने वाले अधिकारों को नजरअंदाज किया गया। उनकी प्रमुख मांगें हैं:

- बाजार दर का दो गुना मुआवजा
- 100% सोलैशियम (अतिरिक्त मुआवजा)
- 10% विकसित भूमि पुनर्वास के तहत
- प्रभावित परिवारों को मासिक पेंशन और आजीविका सहायता
- रोजगार और शिक्षा के लिए विशेष नीति

### बड़ा सवाल: विकास या विस्थापन?

अब सबसे बड़ा सवाल यही है

- क्या विकास के नाम पर किसानों के अधिकार कुचले जाएंगे?
- या फिर कानून के मुताबिक उन्हें न्याय और सम्मान मिलेगा?

### निष्कर्ष: संघर्ष की आग अभी बाकी

- अडानी एयरपोर्ट विस्तार परियोजना अब महज एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट नहीं रही, बल्कि यह 'किसानों के हक बनाम सिस्टम की चुप्पी' की लड़ाई बन चुकी है।
- अगर समय रहते ठोस फैसला नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन आने वाले दिनों में और उग्र रूप ले सकता है–
- और इसकी सीधी जिम्मेदारी प्रशासन और शासन पर होगी।

### 'जमीन भी गई, भविष्य भी अधर में '

- प्रभावित किसानों का दर्द साफ झलकता है खेती की जमीन चली गई
- रोजगार के साधन खत्म हो गए पुनर्वास की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं
- किसानों का कहना है कि यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, बल्कि पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है।

# इटौंजा भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर ना मिलने पर थाना समाधान दिवस पर लगाई गुहार, तब मिला सिलेंडर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकड़रिया कलां गांव निवासी संत साधु सतीश कुमार उर्फ संतोष पुरी वर्मा सिलेंडर लेकर इटौंजा महोना रोड भारत का एजेंसी वितरक इटौंजा पर सिलेंडर लेकर पहुंचे, जहां सिलेंडर के लिए लाइन लगाकर धूप में खड़ा रहा। वहीं सतीश वर्मा उर्फ संतोष पुरी ने बताया कि 22 तारीख से लगातार 27 तारीख तक रोजाना धूप में लगकर सिलेंडर भारत गैस सिलेंडर के लिए लाइन लगकर सिलेंडर लेने के लिए खड़ा रहता था, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। शनिवार को थाना समाधान दिवस में सिलेंडर लेकर शिकायत किया। उसके बाद गैस एजेंसी मालिक व कर्मचारियों ने गैस सिलेंडर इटौंजा थाने के सामने यादव होटल पर पहुंच कर उपलब्ध करवाया, लेकिन कहीं ना कहीं लापरवाहीं साफ देखी जा रही है। वहीं कहीं गैस एजेंसीयों पर गरीब व अनपढ़ व्यक्तियों को सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, झूठ बताकर वापस कर देते हैं,इसका खुलासा तब हुआ जब सतीश वर्मा उर्फ संतोष पुरी ने अपनी आपबीती मीडिया के सामने बाय की। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने पुलिस भेज कर सतीश वर्मा उर्फ संतोष पुरी को सिलेंडर दिलवाया, संतोष पुरी संत ने एस एच ओ को बधाई करते हुए कहा कि अगर पुलिस ना होती तो आज संत को सिलेंडर न मिलता, जहां एक तरफ योगी सरकार संतों के लिए लाखे दावे कर रही है। वहीं गैस सिलेंडर के लिए एक संत को चार दिन तक लाइन में खड़े होकर धूप में परेशान होना पड़ा है। चंद्रा गैस एजेंसी बख्शी का तालाब लखनऊ तो बड़ा परेशान किए हुए है उपभोक्ताओं को। बुकिंग कर ली लेकिन डिलीवरी नहीं कर रहे हैं। उपभोक्ता लाइन में शाम तक खड़े रहते हैं फिर वापस आ जाते हैं। वहीं विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि इस एजेंसी से गैस की कालाबाजारी हो रही है इस वजह से उपभोक्ताओं को परेशान किया जाता है टरकाया जाता है जिससे वो हताश होकर एजेंसी का रुख न करें व कंडों लकड़ियों जैसे विकल्पों की तरफ जाने को विवश हों। वहीं केशव प्रसाद मौर्य जैसे नेता जब यह बयान देते हैं कि जिसको गैस न मिले मुझसे संपर्क करें घर भिजवा दूंगा अरे नंबर तो जारी करो बस खींसे निकालकर जो अनाप-शनाप मुंह में आए बक दो वारे डिप्टी सीएम। अरे सप्लाई विभाग अगर मौजूद हो तो चंद्रा गैस एजेंसी बीकेटी की जांच करवाओ जमकर कालाबाजारी हो रही है।

# अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम, एक अप्रैल तक बारिश जारी रहने की संभावना



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मौसम का मिजाज हर दिन करवट बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से एक बार फिर से 29 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह दौर एक अप्रैल तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है जो 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अपना प्रभाव डालेगा। मौसम विभाग के अनुसार, 29 मार्च को 3 से 5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का यह क्रम 30 व 31 मार्च को तीव्र हो सकता है और लखनऊ समेत बाकी हिस्सों में भी प्रभाव डाल सकता है। इस वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से 31 मार्च तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की ही गिरावट के बाद फिर से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 30 मार्च को हवा के झोंकों की रफ्तार बढ़कर 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक होने के भी आसार जताए जा रहे हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 मार्च को कोई खास परिवर्तन नहीं होगा लेकिन 30 मार्च को संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ झोंकेदार हवा 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के आसार हैं। शनिवार को झांसी में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 38.6 डिग्री दर्ज किया गया।

# चिनहट में चोरी की बिजली से चल रहा था वाटर प्लांट, 25 लाख रुपये का होगा जुर्माना



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के चिनहट में शनिवार शाम को एक वाटर प्लांट को चोरी की बिजली से चलाते हुए पकड़ा गया। प्लांट के संचालक ने स्मार्ट मीटर से पहले तार को काटकर मीटर को बाईपास कर लिया था। मामले में करीब 25 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित होने का अनुमान है। जानकारी में आने पर प्लांट की बिजली काटकर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। गोमतीनगर के जोनल मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि चिनहट स्थित आनंदी वाटर पार्क के पीछे मौजूद गुरु का पुरवा में अजय ब्रवेरेज नाम से 49 केवीए के वाटर प्लांट के लिए एलटी पर कनेक्शन लिया गया था। अधिशासी अभियंता पवन वर्मा व एपी सिंह की टीम ने जांच के दौरान पाया कि स्मार्ट मीटर से पहले लगने वाले करंट टर्मिनल के तारों को काट कर सीधे बिजली चोरी की जा रही थी। यह वाटर प्लांट गुरु का पुरवा निवासी अजय सिंह का है जिसको कार्तिक कुमार ने किराए पर लिया था। हालांकि, जांच में स्मार्ट मीटर तो बंद मिला,जिसके कारण विद्युत लोड की खपत का अनुमान नहीं हो सका। इस संबंध में कनेक्शन मालिक को नोटिस जारी किया गया है। सबसे बड़ा सवाल है कि एमआरआई बेस बिलिंग के बाद भी कैसे बिजली चोरी की जा रही थी। इस प्रकरण की भी जांच कराई जाएगी।

# 'बेटी के लिए रिश्ता तलाशने के लिए नहीं दे सकते पैरोल ', जेल में बंद पूर्व मंत्री की याचिका खारिज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि किसी दोषी कैदी को केवल अपने बच्चों की शादी तय करने या उसके लिए प्रयास करने के आधार पर पैरोल नहीं दी जा सकती। अदालत ने यह भी कहा कि जिन कैदियों के खिलाफ अन्य आपराधिक मामले लंबित हैं, वे कानूनन पैरोल के हकदार नहीं हैं। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने हत्या मामले में उम्रकैद की सजा भुगत रहे पूर्व विधायक अंगद यादव की पैरोल की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह फैसला पूर्व विधायक अंगद यादव की याचिका पर दिया। याची ने राज्य सरकार के उन आदेशों को चुनौती दी थी, जिनमें उसे पैरोल पर रिहा करने से इन्कार किया गया था।अंगद यादव, 1995 के एक हत्या मामले में लखनऊ के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से सुनाई गई उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। सजा के फैसले के खिलाफ उनकी अपीलें पहले ही हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज की जा चुकी हैं। याचिकाकर्ता ने राज्य सरकार के समक्ष दो बार पैरोल की मांग की थी। पहली बार उन्होंने स्वास्थ्य और मानवीय आधार पर रिहाई की मांग की, जिसे यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि नियमों में कैदी के व्यक्तिगत इलाज के लिए पैरोल का प्रावधान नहीं है। दूसरी बार, उन्होंने 60 दिन की पैरोल मांगी, ताकि वे अपने बेटे और बेटी की शादी तय कर सकें और खेती-बाड़ी का काम देख सकें। सरकार ने यह कहते हुए यह मांग भी ठुकरा दी कि शादी की कोई तारीख तय नहीं है और केवल रिश्ते तलाशने के लिए पैरोल नहीं दी जा सकती। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने भी राज्य सरकार के फैसले को सही ठहराया। कोर्ट ने कहा कि नियमों में स्पष्ट रूप से ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिससे बच्चों की शादी तय करने के लिए पैरोल दी जा सके। खेती-बाड़ी के मुद्दे पर अदालत ने कहा कि पैरोल तभी दी जा सकती है जब कोई अन्य विकल्प न हो। लेकिन याचिकाकर्ता के तीन वयस्क बेटे हैं। इसलिए यह माना गया कि खेती के काम के लिए पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था मौजूद है। अदालत ने यह भी महत्वपूर्ण टिप्पणी की कि नियम 1(4)(ग) के तहत जिन कैदियों के खिलाफ अन्य मामले लंबित हैं, उन्हें पैरोल नहीं दी जा सकती। याचिकाकर्ता के खिलाफ कई गंभीर मामले लंबित हैं जिनमें हत्या के मामले भी शामिल हैं।

# भरोसे का कत्ल: पहले विधवा से दोस्ती, नौकरी के नाम पर लाखों ऐंठे; फिर नोचने लगा जिस्म, लात मारने से हुआ गर्भपात

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राजधानी लखनऊ में विकासनगर इलाके में रहने वाली एक विधवा से नौकरी दिलाने के नाम पर जानकीपुरम निवासी अंकुर अग्रवाल ने पहले 3.80 लाख रुपये ऐंठे। फिर, उनका यौन शोषण किया। गर्भवती होने पर कोल्डड्रिंक में दवा देकर गर्भपात कर दिया। पीड़िता ने एक मार्च को आरोपी के खिलाफ विकासनगर थाने में केस दर्ज कराया तो तीन मार्च को आरोपी ने पीड़िता के घर में घुसकर चाकू से हमला कर दिया। अब पुलिस ने आरोपी अंकुर अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### गर्भ निरोधक दवा देकर गर्भपात करा दिया

एसओ आलोक सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में पीड़िता की पहली मुलाकात आरोपी अंकुर से हुई थी। अंकुर ने अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे 3.80 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके बाद पीड़िता को अपने जाल में फंसाया और शारीरिक शोषण करने लगा। इस बीच वह गर्भवती हो गई तो आरोपी ने कोल्डड्रिंक में गर्भ निरोधक दवा देकर गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने माफी मांगते हुए उनको चुप कर दिया। इसके बाद लगातार यौन शोषण करता रहा। दोबारा से गर्भवती होने पर पीड़िता ने जब इस बारे में आरोपी को बताया तो वह भड़क उठा। उनके पेट पर लात मार दी। इससे गर्भपात हो गया।

### अश्लील वीडियो दिखा करता था ब्लैकमेल

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उनकी अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद उनको इस बात का पता चला कि आरोपी अंकुर पहले से शादीशुदा है। पीड़िता जब आरोपी की हरकतों का विरोध करती थी तो वह उनकी फोटो व वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। एक मार्च को पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया। इस बात का पता चलने पर तीन मार्च को आरोपी पीड़िता के घर पहुंचा और उन पर चाकू से हमला कर दिया।

### पहने हुए जेवर छीन लिए

आरोप है कि अंकुर ने पीड़िता के पहने हुए जेवर छीन लिए। धमकी देते हुए भाग गया। एसओ ने बताया कि शनिवार को आरोपी अंकुर को जानकीपुरम सेक्टर एफ से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह मूल रूप से कुशीनगर के पडरौना का रहने वाला है।

# जेवर हवाई अड्डा 'विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को देगा नई गति: संदीप

- उत्तर प्रदेश बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में स्थापित कर रहा नए कीर्तिमान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों द्वारा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, जेवर के प्रथम चरण का लोकार्पण 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह विश्वस्तरीय हवाई अड्डा वैश्विक संपर्क को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए व्यापार, निवेश एवं रोजगार के व्यापक अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाएगा। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश आज बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, औद्योगिक प्रगति, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी और सुशासन के माध्यम से तीव्र गति से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा न केवल प्रदेश के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे क्षेत्रीय संतुलित विकास को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। यह परियोजना निवेशकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगी और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी। संदीप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में प्रभावी रूप से आगे बढ़ रहा है।

# अखिलेश यादव ने पीएम मोदी पर किया पलटवार, बोले, सादर विदाई! सम्मान सहित विदा करेंगे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा में जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी में देश के सबसे ज्यादा एयरपोर्ट हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में नोएडा प्रदेश के विकास का इंजन बन गया है जबकि सपा सरकार ने इसे लूट का एटीएम बना रखा था। इस पर पलटवार करते हुए अखिलेश यादव ने एक्स पर बयान दिया कि हमारे प्रदेश में मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है। जब हार साक्षात् दिखने लगती है तो इंसान को न अपने पद का मान रहता है, न ही अपने कथन पर नियंत्रण। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। सादर विदाई! पीएम बोले- जब मैं यहां आया तो डर के कारण नहीं आए थे मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, नोएडा को पहले अंधविश्वास के कारण अपने हाल पर छोड़ दिया गया था, कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे। मुझे याद है, जब यहां सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया, तो मुख्यमंत्री इतने डरे हुए थे कि वे उस कार्यक्रम में नहीं आए। मुझे भी डराने की कोशिश की गई, कहा गया, 'नोएडा मत जाइए, मोदी जी, अभी-अभी प्रधानमंत्री बने हैं।' मैंने कहा, 'मैं उस धरती का आशीर्वाद लेने जा रहा हूं, जो मुझे लंबे अरसे तक सेवा करने का मौका देगी। ' आज वही इलाका पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार है। यह पूरा क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त कर रहा है।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण: स्वतंत्र देव

- 'यूसीसी एवं विकसित भारत' विषय पर युवाओं के साथ साझा किए विचार
- जलशक्ति मंत्री ने 'युवा संसद–2026' का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भागीदारी भवन में 'युवा संसद-2026' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यूसीसी समान नागरिक संहिता एवं विकसित भारत' विषय पर केंद्रित आयोजन में उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी और नीतिगत समझ के महत्व पर बल दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत - 2047' के विजन को साकार करने में युवा पीढ़ी की शक्ति और सोच सबसे बड़ा आधार है। विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं है, बल्कि ये समान अवसर, न्यायपूर्ण व्यवस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने समान नागरिक संहिता यूसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समरसता और कानूनी एकरूपता एक सशक्त राष्ट्र की नींव होती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझें और नेतृत्व कौशल विकसित कर राष्ट्रीय नीतियों में अपना योगदान दें।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के ज्वलंत नीतिगत मुद्दों से जोड़ना और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य के प्रति जागरूक करना। 'युवा संसद' युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करती है जहाँ वे विधायी कामकाज, सार्वजनिक बहस और नेतृत्व की बारीकियों को सीख सकें। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे और राष्ट्र के भविष्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

# विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा यूपी: पंकज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- यह परियोजना लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन आधारभूत परियोजना का लोकार्पण ही नहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भविष्य, प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक क्षण है। यह एयरपोर्ट प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश के लिए उद्योग, व्यापार, पर्यटन, निर्यात, लॉजिस्टिक्स, निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगा। इससे गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र सहित आसपास के अनेक जिलों में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। यह परियोजना लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी, किसानों को बाजार से जोड़ेगी, व्यापारियों को नई सुविधा देगी और निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश को और अधिक आकर्षक बनाएगी।पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रैपिड रेल, मेट्रो परियोजनाएं, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और लगभग पूर्णता की ओर बढ़ रहा गंगा एक्सप्रेसवे ये सभी मिलकर विकास की एक नई संरचना तैयार कर रहे हैं। यह केवल सड़क, रेल और हवाई संपर्क का विस्तार नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, जीवनशैली और अवसरों को बदलने वाली परिवर्तनकारी यात्रा है। इन परियोजनाओं से समय की बचत, व्यापार की सुगमता, उद्योगों का विस्तार और क्षेत्रीय संतुलित विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि उत्तर प्रदेश को विकास, आधुनिकता, आत्मनिर्भरता और सुशासन का राष्ट्रीय मॉडल बनाया जाए। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उसी परिवर्तनकारी यात्रा का एक ऐतिहासिक अध्याय है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने उत्तर प्रदेश को नई उड़ान, नई पहचान और नए अवसरों से जोड़ा है। '

# कागज़ों में निस्तारण, जमीनी हकीकत जस की तस, खराब हैंडपंप से जूझ रहे ग्रामीण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में जनसुनवाई प्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।तिलोई विकास खंड के पूरे भगवानदीन ग्रामसभा अगौना में खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप की शिकायत दर्ज कराई गई थी,लेकिन प्रशासन द्वारा इसे कागज़ों में ही निस्तारित दिखा दिया गया।ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित हैंडपंप आज भी खराब पड़ा हुआ है।और लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिना मौके पर जांच किए ही अधिकारियों ने शिकायत का निस्तारण कर दिया।इतना ही नहीं, निस्तारण रिपोर्ट में जो फोटो लगाई



गई है,वह किसी अन्य स्थान की प्रतीत होती है।फोटो में छप्पर दिखाई दे रहा है,जबकि शिकायतकर्ता के घर के बाहर कोई छप्पर नहीं है।स्थानीय लोगों का कहना है,कि उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बताया जा रहा है,कि हैंडपंप करीब तीन वर्ष पहले लगाया गया था,लेकिन अब तक उसका चबूतरा भी नहीं बन पाया है, जिससे समस्या और बढ़ गई है।इस मामले ने जनसुनवाई व्यवस्था की पारदर्शिता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जब मौके पर समस्या जस की तस बनी हुई है,तो आखिर किस आधार पर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है,ताकि लोगों को जल्द से जल्द पेयजल की समस्या से राहत मिल सके।

## एनकार्ड की बैठक सम्पन्न, प्रवर्तन अभियान जारी रखने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकार्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नशीली दवाओं, अवैध शराब निर्माण की रोकथाम के लिए अब तक हुई कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान को प्रभावी बनाते हुए विद्यार्थियों एवं युवाओं को जागरूक किया जाए, ताकि समाज में नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध कच्ची शराब के निर्माण करने वालों पर लगातार प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अचानक बारिश से किसान परेशान, पकने को तैयार गेहूं की फसल पर संकट

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

स्थानीय क्षेत्र में आज अचानक हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम के इस बदलते मिजाज ने उन किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का खतरा पैदा कर दिया है जिनकी गेहूं की फसल लगभग पककर तैयार हो चुकी है। खेतों में खड़ी फसल पर बारिश का असर साफ देखा जा रहा है जिससे दाने के खराब होने और पैदावार घटने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ तो भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई जगहों पर तेज हवा और बारिश के कारण फसल गिर गई है जिससे कटाई में भी दिक्कतें आएंगी। किसानों ने बताया कि इस समय फसल को धूप की जरूरत थी लेकिन बारिश ने उनकी उम्मीदों



पर पानी फेर दिया। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय हुई बारिश गेहूं की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती है जिससे बाजार में उचित दाम मिलने में भी समस्या हो सकती है। प्रशासन से किसानों को राहत दिलाने और नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की जा रही है। यह अचानक बारिश किसानों के लिए मुसीबत बनकर आई है और सभी की नजरें अब मौसम के साफ होने पर टिकी हुई है।

# गेहूँ क्रय अवधि 30 मार्च से 15 जून तक निर्धारित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत कृषकों से गेहूँ खरीद हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूँ खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया।



अपर जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान वर्ष 2026-27 में गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585.00 प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है जो गत वर्ष की तुलना में रु0 160 प्रति कुंतल अधिक है। उन्होंने बताया कि वित्तीय रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जनपद में स्थापित होने वाले गेहूँ क्रय केन्द्रों की संख्या 93 है, जिसमें खाद्य विभाग के 34, भारतीय खाद्य निगम के 05, पी0सी0एफ0 29, पी0सी0यू0 15, यू0पी0एस0एस0 08 एवं मण्डी परिषद के 02 गेहूँ क्रय केन्द्र है। उन्होंने कहा कि अनुमोदित क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के 06, पी0सी0एफ0 के 03, पी0सी0यू0 के 01 एवं यू0पी0एस0एस0 के 03 कुल 13 मोबाइल गेहूँ क्रय केन्द्रों का संचालन किया जायेगा।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि गेहूँ क्रय अवधि 30 मार्च से 15 जून 2026 तक निर्धारित हैं, सभी 93 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर केंद्र प्रभारी तैनात है। सभी राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र सामान्यतः प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक खुले रहेंगे। प्रतिदिन क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर पूर्वान्ह 09 बजे तक अपनी बायोमैट्रिक उपस्थिति ई-पॉप डिवाइस पर दर्ज की जायेगी। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश छोड़कर, शेष कार्य दिवसों एवं स्थानीय अवकाश व द्वितीय शनिवार में क्रय केन्द्र खुले रहेंगे। क्रय एजेंसियों द्वारा गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों के लिए पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था एवं वाहन पार्किंग इत्यादि के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की जायेगी। क्रय केंद्र पर खरीद हेतु आवश्यक उपकरण यथा 02 इलेक्ट्रांनिक कांटा, 01 नमी मापक यंत्र, विनोइंग फैन, डबल जाली का छलना एवं पॉवर डस्टर तथा एनालिसिस किट आदि की व्यवस्था मण्डी परिषद द्वारा अनिवार्य रूप से करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि गेहूँ की बिक्री हेतु किसान खाद्य तथा रसद विभाग की वेबसाइट स्नष्टस्र.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर पंजीकरण करायें। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# भव्य सम्मान समारोह के साथ 'श्री राम पर्व' का समापन: अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत और योग शक्ति का शंखनाद

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने और अयोध्या के सर्वांगीण उत्थान के संकल्प के साथ आयोजित नौ दिवसीय %श्री राम पर्व% का भव्य समापन विवेक सृष्टि, अयोध्या में आयोजित सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ। वर्ष प्रतिपदा से शुरू हुआ यह सांस्कृतिक अनुष्ठान भक्ति का केंद्र बना। इसने आधुनिक जीवनशैली और प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया। वशिष्ठ फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं अयोध्या के महापौर पूज्य महंत श्री गिरीश पति त्रिपाठी के संरक्षण और इंजीनियर रवि तिवारी के संयोजन में चले इस उत्सव के अंतर्गत अयोध्या परिक्षेत्र के 16 स्थानों पर विविध आध्यात्मिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन केंद्रों पर पं. ज्वाला प्रसाद संगीत शोध संस्थान के विद्यार्थियों ने %राग मिश्र पीलू% और अवध की पारंपरिक गायन शैली में सुंदरकांड का पारायण किया। संस्थान के निदेशक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में हुई इन प्रस्तुतियों का मुख्य उद्देश्य अयोध्या की संगीत परंपरा को पुनर्जीवित कर उसे जन-जन तक पहुँचाना रहा। इसके साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भारत माता की भव्य आरती के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिला।

उत्सव का एक मुख्य आकर्षण सूर्य कुण्ड, दर्शन नगर में आयोजित सात दिवसीय योग शिविर रहा। योग भारती के संस्थापक श्री श्रीनिवास मूर्ति के प्रत्यक्ष निर्देशन में चले इस शिविर में आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों से निपटने के लिए विशिष्ट योग मुद्राओं, शोधन क्रियाओं और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। शिविर के संयोजक डॉ. राजपाल और रामकुमार गुप्ता के सहयोग से सैकड़ों साधकों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर के समापन अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय



अयोध्या के बी. के. मुकेश की विशिष्ट उपस्थिति रही। उन्होंने विश्व शांति में व्यक्तिगत साधना एवं लोककल्याण के संकल्प की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए योग को आत्मिक शक्ति का आधार बताया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित संगोष्ठियों में %राम राज्य की संकल्पना% और %नागरिक कर्तव्यों% पर गंभीर विमर्श हुआ। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि राम राज्य की स्थापना नागरिकों के अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होने से ही संभव है। समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने अयोध्या की समृद्ध कलात्मक विरासत को प्रस्तुत किया। समारोह में उन सभी विभूतियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने इस नौ दिवसीय अनुष्ठान में अपना विशिष्ट सहयोग प्रदान किया। आयोजन को सफल बनाने में श्रीनिवास शास्त्री, अयोध्या फाउंडेशन के अध्यक्ष चन्द्र शेखर तिवारी, विवेक पाण्डेय %रुद्राक्ष%, ब्रजमोहन तिवारी और डॉ. उपेन्द्र मणि त्रिपाठी सहित वशिष्ठ फाउंडेशन, श्री अयोध्या फाउंडेशन एवं एस्सेल गुरुकुल ट्रस्ट जैसे सामाजिक समूहों की उल्लेखनीय भूमिका रही। संयोजक ई. रवि तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री राम पर्व अयोध्या के गौरव को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का एक सामूहिक प्रयास है। इस अवसर पर बिजेन्द्र दूबे, डॉ अनुजेद्र तिवारी,शशांक मिश्रा,राम कुमार गुप्ता ,जे.पी सिंह भारतीय मजदूर संघ,राजीव पाठक, प्रवीण सिंह, विवेक रुद्राक्ष,राम सूरत तिवारी,राधेश्याम, जितेंद्र ,धनंजय ,सौरभ बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, योग साधक और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी में मीडिया से रूबरू हुए परियोजना प्रमुख

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपद स्थित एनटीपीसी टांडा परियोजना के सप्तरंग क्लब में परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। इस दौरान मीडिया कर्मियों ने विद्युत उत्पादन, पर्यावरण संरक्षण और परियोजना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सवाल पूछे, जिनका परियोजना प्रमुख ने विस्तार से उत्तर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत उपमहाप्रबंधक (योजना एवं प्रणाली) ऋषभ जायसवाल द्वारा एनटीपीसी टांडा परियोजना की परिचयात्मक प्रस्तुति से हुई। इसके बाद नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधियों पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखाई गई, जिसमें परियोजना द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी गई।

मीडिया को संबोधित करते हुए




परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा ने कहा कि एनटीपीसी टांडा को मीडिया का हमेशा सकारात्मक और रचनात्मक सहयोग मिला है। उन्होंने कहा कि मीडिया ने परियोजना की जनकल्याणकारी और विकासात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एनटीपीसी टांडा निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत उत्पादन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अजय सिंह यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) हर्ष कुमार सेठी, महाप्रबंधक (सतर्कता) एस.सी. सिंह, अपर महाप्रबंधक (अनुरक्षण) प्रमोद कुमार गोयल तथा अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान सहित अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रजनीश कुमार खेतान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संयोजन अनुराग सिन्हा तथा संचालन श्रीमती ऋचा बर्धन ने किया।

## सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गई तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए। बैठक का मुख्य एजेंडा राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित अवैध कटों को बंद कराना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर नियमित रूप से प्रभावी पेट्रोलिंग किया जाना, राष्ट्रीय राजमार्गो पर पार्किंग व्यवस्था, सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित की गयी प्रवर्तन कार्यवाही, इन्ट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेन्ट डाटाबेस में विभिन्न विभागों द्वारा रोड एक्सीडेन्ट के सम्बन्ध में एन्ट्री को अद्यतन किया जाना, जनपद में स्थित विभिन्न चौराहों को यातायात की दृष्टि से सुगम व सरल बनाना, सड़कों पर विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाना, ब्लैक स्पॉट्स के निवारण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई।

# बहुप्रतीक्षित झारखंडी ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए पहली किस्त जारी

### 292 करोड रुपए की लागत से बनेगा टू लेन ओवर ब्रिज, पहली किस्त में 90 करोड़ जारी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद मुख्यालय के अत्यंत व्यस्ततम झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर अंततः ओवर ब्रिज की मंजूरी मिल चुकी है। इसके निर्माण के लिए शासन ने 90 करोड रुपए की पहली किस्त भी जारी कर दी है। झारखंडी ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर सालों से मांग उठ रही थी, जिसे सरकार द्वारा अब जाकर पूरा किया जा रहा है।

बताते चलें कि शासन द्वारा बलरामपुर-श्रावस्ती-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर स्थित बलरामपुर-झारखण्डी रेलवे स्टेशन के मध्य सम्पार पर 02-लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस ओवरब्रिज का निर्माण ?29221.35 लाख यानी 292 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जाएगा।

जिसके लिए 90 करोड रुपए की पहली किस्त जारी की गई है । इस ओवर ब्रिज का निर्माण 2 साल के अंदर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।

इस सेतु के निर्माण से निवासियों और इस मार्ग से गुजरने वाले यात्रियों को रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से स्थाई मुक्ति मिल जायेगी। जिससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास और कनेक्टिविटी को भी नई गति मिलेगी।

इस परियोजना में रेलवे पोर्शन निर्माण के लिए ?9262.98 लाख यानी 92 करोड़ 62 लाख 98 हजार, भूमि अर्जन के लिए ?5816.43 लाख यानी 58 करोड़ 16 लाख, 43 हजार, यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए ?1408.32 लाख यानी 14 करोड़ 8 लाख 32 हजार तथा एप्रोच रोड हेतु ?12733.62 लाख यानी 127 करोड़ 33 लाख 62 हजार का प्रावधान किया गया है। विशेष बात यह है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस सेतु निर्माण की पूरी लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दुकानों के लाखों के सामान हुये खाक

**रायबरेली।** स्थानीय कस्बे के मुख्य बाजार में बिजली शॉर्ट सर्किट से दुकानों में भयंकर आग लग गई। इसके पहले की आग पर काबू पाया जाता घटना में रेडीमेड और किराना की दुकानों का लाखों रुपए की कीमत का सामान जल कर नष्ट हो गया। कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित भानु गुप्ता की लक्ष्मी क्लॉथ हाउस व रेडीमेड शॉप से शुक्रवार की सुबह अचानक से धुआं निकलने लगा तभी आस–पास के लोगों ने दुकान संचालक को बुला शटर खुलवाया तो दुकान के भीतर सामान धू–धू कर जल रहा था। इसके पहले की आस–पास के लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया जाता आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। अचानक से हुए शॉर्ट सर्किट में भानू गुप्ता की लक्ष्मी क्लाथ हाउस, पवन कुमार की लक्ष्मी रेडीमेड और जुबेर की किराना शॉप में रखा लगभग तीस से पैंतीस लाख रुपए की कीमत का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की जानकारी होने पर हल्का लेखपाल अंकित सिंह मौके पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का आकलन किया। इसके बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी हरिकेश सिंह ने बताया कि फिलहाल शॉर्ट सर्किट से दुकानों में आग लगने की वजह सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है।

# रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में शनिवार को वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह का अयोजन किया गया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार 28 मार्च को दिन शनिवार को नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, कालीथान, बलरामपुर में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी, उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी ने आये हुए मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रहे जेपी पाण्डेय प्रधानाचार्य एमएलके पीजी कालेज नें विद्यालय के ऑडोटोरियम में फीता काटकर माँ सरस्वती के चरणों में द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात् पुरस्कार वार्षिक रिपोंट कार्ड वितरण के सम्मानित अतिथियों में डॉ0 राजीव रंजन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विभाग एमएलके पीजी कालेज, डॉ0 शिवानंद पाण्डेय विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एमएलके पीजी कालेज, अखिलेश्वर तिवारी संपादक जन एक्सप्रेस, लोहिया क्रांति, क्राइम जंक्शन, पब्लिक लाइव टूडे, इंडिया टीवी बलरामपुर, वेद प्रकाश संवाददाता जन एक्सप्रेस बलरामपुर, मोहम्मद शकील डीसीपी न्यूज व इमरान खान द सोड ऑफ इंडिया बलरामपुर का विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बुके देकर, बैज लगाकर व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। माँ सरस्वती वन्दना गीत-या कुन्देन्दु तुषार हार मे मरियम, सौम्या, श्रेया, आशी, मोहनी, रत्नप्रिया ने माँ सरस्वती की वन्दना करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत हुई। तत्पश्चात् स्वागत गीत-सांसो की सरगम नामक गीत पर मरियम, मोहनी, श्रेया, श्रृश्टि, सौम्या, रत्नप्रिया ने आये हुए मुख्य



अतिथि एवं सम्मानित अतिथियों का स्वागत नृत्य करके सभी का स्वागत किया। इसी क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले कक्षा-नर्सरी से कक्षा-5 तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में प्राइमरी वर्ग के कक्षा-नर्सरी से श्राविका तिवारी प्रथम, अर्थव मलिक द्वितीय तथा अध्यात्म शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-एल0के0जी0 के ग्रुप 'अ' आकृति शर्मा प्रथम, रिमिशा गुप्ता द्वितीय तथा अर्जुन सिंह ने तृतीय तथा ग्रुप 'ब' से अर्नव यादव प्रथम, अर्थव साहू द्वितीय तथा सोना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-यू0के0जी0 के ग्रुप 'अ' से दिव्यांस मिश्रा प्रथम, उत्सव पटेल द्वितीय तथा श्रुतिका शुक्ला त्तीय तथा ग्रुप 'ब' से आयुशी पाण्डेय प्रथम, रूद्र प्रताप सिंह द्वितीय तथा आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-1 के ग्रुप 'अ' से श्रद्धा सिंह प्रथम, प्रिसा गुप्ता द्वितीय तथा नक्श यादव तृतीय तथा ग्रुप 'ब' से अजिनक्या शुक्ला प्रथम, रीत शुक्ला द्वितीय तथा अभीख श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-2 के ग्रुप 'अ' से जयश मिश्रा प्रथम, काव्या पाण्डेय द्वितीय तथा आराध्या यादव तृतीय तथा ग्रुप 'ब' से सैयद हलाता जेहरा प्रथम, रितविजा ओझा द्वितीय तथा आयुष्मान गुप्ता तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-3 के ग्रुप 'अ' से पारूल चौधरी प्रथम, अक्षत श्रीवास्तव द्वितीय व मोहनी तिवारी ने तृतीय तथा ग्रुप 'ब' से प्रज्ञा पाण्डेय प्रथम, निधि चौधरी द्वितीय तथा आदिती श्रैस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-4 के ग्रुप -'अ' से अमन पाण्डेय प्रथम, प्रथमेश तिवारी द्वितीय व आव्या तृतीय तथा ग्रुप 'ब' से आदित्य राज मिश्रा प्रथम, अवन्तिका चौधरी द्वितीय व विजयेन्द्र विराट मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-5 के ग्रुप 'अ' से रिया प्रथम, मेधावी सिंह द्वितीय व अभिराज पाण्डेय ने तृतीय तथा ग्रुप 'ब' से रत्नाप्रिया प्रथम, आकर्ष श्रीवास्तव द्वितीय तथा श्रृष्टि श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त करके सभी का मान बढाया। मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि रहे जेपी पाण्डेय प्रधानाचार्य एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर द्वारा रिपोर्ट कार्ड व मेडल देकर सम्मानित किया । एकल नृत्य-गीत-झूम बराबर झूम नामक गीत पर श्रद्धा सिंह ने बहुत ही मनमोहक नृत्य करके दर्शकों का मन मोह लिया। साथ ही समूह नृत्य गीत-हइया हो नामक गीत पर आकृति, तान्या, सिविका, हर्षिता, अर्जुन, अरनव, अर्थव, सोना एंव रिमिसा ने बहुत सुन्दर नृत्य किया । शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें वाले कक्षा-6 से कक्षा-8 तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में जूनियर वर्ग में कक्षा-6 के ग्रुप 'अ' से श्लोक मिश्रा प्रथम, वर्णित श्रीवास्तव द्वितीय तथा साहवी महमूद ने तृतीय ग्रुप 'ब' से अविशी मलिक प्रथम, आस्था तिवारी द्वितीय तथा अफसा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-7 के ग्रुप 'अ' से प्रशान्त विश्वकर्मा प्रथम, वैशणवी श्रीवास्तव द्वितीय तथा अर्सलान खान ने तृतीय ग्रुप 'ब' से अवनी त्यागी प्रथम, अविरल श्रीवास्तव द्वितीय तथा अर्थव तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली इकाई

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली इकाई द्वारा संचालित दैनिक निःशुल्क योग शिविर आज सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ। आदरणीय डीके सिंह एवं अशोक सिंह द्वारा अत्यंत कुशल तरीके से योगाभ्यास कराया गया, जिसमें उपस्थित साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मातृभूमि सेवा मिशन विगत 4 वर्षों से निरंतर रायबरेली की सेवा में समर्पित है। यह जनपद की ऐसी अग्रणी संस्था है, जो निस्वार्थ भाव से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा नियमित निःशुल्क योग शिविर, जरूरतमंद बच्चों की सहायता, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता, युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए विशेष पहल, तथा समय-समय पर वस्त्र, पुस्तक एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण जैसे अनेक सेवा कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों पर आधारित यह संस्था समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन रही है। कार्यक्रम का संरक्षण अनूप शर्मा का रहा, जिनके मार्गदर्शन में आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### मैं तुम्हारा हूं और तुम मेरी...अपने बर्थडे पर सुकेश ने

# जैकलीन फर्नांडीज़

## को लिखा लेटर, बोला- मुझे माफ कर दो

देश का सबसे बड़ा ठग सुकेश चंद्रशेखर फिल्म अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज़ को अक्सर जेल से लव लेटर लिखता रहा है. कथित तौर पर कभी दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे थे. हालांकि जैकलीन ने कभी अपने रिश्ते पर कुछ नहीं कहा. मगर वो लगातार एक्ट्रेस को जेल से ही लेटर लिखता रहा है. अब एक बार फिर सुकेश ने जैकलीन फर्नांडीज़ को जेल से लेटर लिखा है. इस बार अपने जन्मदिन के मौके पर उसने एक्ट्रेस के लिए अपने प्यार का इजहार किया है. लेटर के साथ सुकेश ने एक तस्वीर भी शेयर की है.अपने इस कथित प्रेम पत्र में उसने लिखा है, जैकी शेखर फॉरएवरज्मेरी बेबी गर्ल जैकी, आज मेरे जन्मदिन पर, सब कुछ अधूरा सा लग रहा है. क्योंकि वो एक इंसान, जो मेरी ज़िंदगी के हर पल को मायने देता हैवो मेरे पास नहीं है- तुम. जिस दिन लोग शोर, तोहफों और हंसी के साथ जश्न मनाते हैं- आज मुझे सिर्फ तुम्हारी कमी महसूस हो रही है. मुझे तुम्हारी आवाज़, तुम्हारी मुस्कान, तुम्हारा मेरे पास होना याद आ रहा है. आज तुम मुझे जिस तरह देखती, वो भी याद आ रहा है. इस दिन, जो मेरे लिए खास होना चाहिए था, मैं सिर्फ ये सोच रहा हूं कि मैं तुम्हें कितना मिस कर रहा हूं- जिस तरह तुम इस दिन को मेरे लिए जादुई बना देती थींज्और वो वादा कि हम एक-दूसरे के खास दिन साथ मिलकर उम्रभर मनाएंगे. आज इस दूरी से मैं तुम्हें लाखों उड़ते हुए किस भेज रहा हूं, जिनमें मेरा सारा प्यार, मेरी तड़प और मेरे आंसू शामिल हैं.



पत्र में सुकेश ने अपनी जिंदगी के मुश्किल वक्त की भी बात की. वो लिखता है, अपनी बेबी, ज़िंदगी हमें एक ऐसे तूफान से गुज़ार रही है, जिसकी मैंने कभी कल्पना नहीं की थी. एक ऐसा तूफान, जिसमें सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि तुम भी मेरी लड़ाइयों की वजह से उलझ गई. और इसके लिए मेरे दिल में हर दिन एक अपराधबोध रहता है. लेकिन इन सबके बावजूद- अदालतों, अफरा-तफरी और इस दूरी के पार, एक सच्चाई कभी नहीं बदली. तुम मेरी सबसे बड़ी नेमत हो. सिर्फ प्यार में नहीं, बल्कि ज़िंदगी में भी.

**पेरिस के ब्रिज पर 'शेखर और जैकी' का नाम लॉक!**

वो लिखता है, आज, अपने इस खास दिन पर, मैंने कुछ ऐसा किया है जो मैंने पहले कभी नहीं किया. हमेशा की तरह महंगे और दिखावटी तोहफों की जगह, जो मैं तुम्हें और खुद को दिया करता था, मैंने खुद को एक हमेशा रहने वाला तोहफा दिया- तुम्हारी तरफ सेज्मैंने किसी को पेरिस भेजा- हमारा पसंदीदा शहर, प्यार और फूलों का शहर. और खूबसूरत डेबिली फुटब्रिज पर. अब एक लव लॉक है, जिस पर हमारे नाम लिखे हैं- 'शेखर और जैकी', जो हम एक-दूसरे को बुलाते हैं. वो लॉक हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है, पेरिस के आसमान के नीचे उसकी चाबी? वो सीन नदी में फेंक दी गई है, जो उस पुल के नीचे बहती है. वो कभी खोली नहीं जा सकती. बिल्कुल मेरे दिल की तरह, जो अब कभी किसी और के लिए नहीं खुलेगा- सिर्फ तुम्हारे लिए, हमेशा के लिए.

**पेरिस के ब्रिज पर 'शेखर और जैकी' का नाम लॉक!**

वो लिखता है, आज, अपने इस खास दिन पर, मैंने कुछ ऐसा किया है जो मैंने पहले कभी नहीं किया. हमेशा की तरह महंगे और दिखावटी तोहफों की जगह, जो मैं तुम्हें और खुद को दिया करता था, मैंने खुद को एक हमेशा रहने वाला तोहफा दिया- तुम्हारी तरफ सेज्मैंने किसी को पेरिस भेजा- हमारा पसंदीदा शहर, प्यार और फूलों का शहर. और खूबसूरत डेबिली फुटब्रिज पर. अब एक लव लॉक है, जिस पर हमारे नाम लिखे हैं- 'शेखर और जैकी', जो हम एक-दूसरे को बुलाते हैं. वो लॉक हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है, पेरिस के आसमान के नीचे उसकी चाबी? वो सीन नदी में फेंक दी गई है, जो उस पुल के नीचे बहती है. वो कभी खोली नहीं जा सकती. बिल्कुल मेरे दिल की तरह, जो अब कभी किसी और के लिए नहीं खुलेगा- सिर्फ तुम्हारे लिए, हमेशा के लिए.

### 'धुरंधर 2' की तारीफ करते हुए



# अमीषा पटेल

## ने इंडस्ट्री पर साधा निशाना, कहा- असली एक्टर्स लाओ

बॉक्स ऑफिस पर इस वक्त सिर्फ एक ही नाम का शोर है और वो नाम है 'धुरंधर 2'. रणवीर सिंह की इस फिल्म ने न सिर्फ कमाई के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं, बल्कि फिल्म जगत के दिग्गजों को भी अपना मुरीद बना लिया है. अब इस कड़ी में 'गदर' फेम एक्ट्रेस अमीषा पटेल का नाम भी जुड़ गया है, जिन्होंने फिल्म की तारीफ करते हुए बॉलीवुड की दुखती रग पर हाथ रख दिया है.अमीषा पटेल ने सोशल मीडिया हैंडल 'ङ्ग' (पहले ट्विटर) पर फिल्म को 'आई ओपनर' (आंखें खोलने वाला) बताया है. उन्होंने निर्देशक आदित्य धर की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इंडस्ट्री को अब 'प्रोजेक्ट' बनाना बंद कर 'फिल्में' बनाने पर ध्यान देना चाहिए.




**जानें अपने ट्वीट में क्या बोलीं अमीषा**

अमीषा ने बॉलीवुड के मौजूदा ट्रेंड पर निशाना साधते हुए लिखा, इंडस्ट्री धुरंधर की तारीफ कर रही है, ये देखकर बहुत अच्छा लगा. मेकर्स को समझना होगा कि आदित्य ने फिल्म बनाई है, कोई प्रोजेक्ट नहीं. उन्होंने असली एक्टर्स को कास्ट किया है, न कि उन इंस्टाग्रामर्स को जो सिर्फ पार्टियों में ट्रेंड होते हैं. प्रोजेक्ट्स बनाना बंद करो और फिल्में बनाना शुरू करो.

**रजनीकांत से लेकर एसएस राजामौली तकज्हर कोई फिदा!**

धुरंधर 2 का जादू सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सिर चढ़कर भी बोल रहा है. बॉलीवुड से जहां आलिया भट्ट, सिद्धार्थ मल्होत्रा, आयुष्मान खुराना और रितेश देशमुख ने फिल्म की सराहना की है, वहीं साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत, जूनियर एनटीआर, अल्लू अर्जुन और महेश बाबू भी रणवीर सिंह की एक्टिंग के फैन हो गए हैं. दिग्गज निर्देशक एसएस राजामौली और नगार्जुन ने भी इस फ्रेंचाइजी को सिनेमा के लिए एक बेहतरीन उपलब्धि बताया है.

**बॉक्स ऑफिस पर 'सुनामी', 800 करोड़ के पार!**

कमाई के मामले में 'धुरंधर 2' ने तबाही मचा रखी है. रिलीज के पहले सोमवार को ही फिल्म ने भारत में करीब 65 करोड़ रुपये का कारोबार किया था. इसी के साथ फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है. लेटेस्ट मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 844.76 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. जिस रफ्तार से फिल्म आगे बढ़ रही है, मेकर्स को उम्मीद है कि ये जल्द ही 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी.

## फेक फोटो पर भड़कीं कुनिका सदानंद, कुमार सानू के साथ तस्वीर देख खोया आपा, बोलीं- 'शर्म करो, वो शादीशुदा हैं'




बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री और हाल ही में 'बिग बॉस 19' में अपनी बेबाकी से चर्चा बटोरने वाली कुनिका सदानंद एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं. हालांकि, इस बार वजह कोई फिल्म या शो नहीं, बल्कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उनकी एक 'फेक' (एआई जनरेट) तस्वीर है. मशहूर सिंगर कुमार सानू के साथ अपनी एक कथित फोटो देख कुनिका का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है और उन्होंने इसे पोस्ट करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दे डाली है.दरअसल, इंटरनेट पर कुनिका और कुमार सानू की एक तस्वीर तेजी से सर्कुलेट हो रही है, जिसे कुनिका ने पूरी तरह से फर्जी करार दिया है. इस तस्वीर को री-शेयर करते हुए अभिनेत्री ने पोस्ट डालने वाले शख्स को जमकर लताड़ लगाई. कुनिका ने लिखा, शर्म कीजिए, फोटो में ये जो इंसान है, वो शादीशुदा है और उनके बच्चे भी हैं. आप लोगों को पता होना चाहिए कि कोर्ट ने उन्हें उनके 'पर्सनैलिटी राइट्स' दिए हैं. इस तरह की हरकत के लिए आप बड़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं.

**सोशल मीडिया यूजर को दे डाली धमकी**

कुनिका ने साफ शब्दों में कहा कि उनकी या कुमार सानू की निजी जिंदगी को इस तरह के 'फैंडम वॉर' (प्रशंसकों की आपसी लड़ाई) में घसीटना गलत है. उन्होंने तमाम यूजर्स को चेतावनी देते हुए कहा,दूसरों की प्राइवेसी का सम्मान करना सीखो. मैं तुम्हारे खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने जा रही हूं, बेहतर होगा कि इस फोटो तुरंत हटा दो.

**अफेयर को लेकर पहले भी रही हैं बेबाक**

कुनिका का ये गुस्सा हैरान करने वाला है क्योंकि कुछ समय पहले ही कुनिका ने एक इंटरव्यू में कुमार सानू के साथ अपने पुराने रिश्तों पर खुलकर बात की थी. एक मशहूर पॉडकास्ट में उन्होंने खुद बताया था कि एक दौर था, जब वो शादीशुदा कुमार सानू के साथ रिलेशनशिप में थीं. उन्होंने बताया था कि उनकी पहली मुलाकात एक दोस्त के घर पर हुई थी. कुनिका खुद भी गायकी का शौक रखती थीं और अक्सर शोज के लिए कुमार सानू के साथ टूर पर जाया करती थीं. लेकिन अब पुरानी बातों को आधार बनाकर फर्जी तस्वीरें वायरल करने पर कुनिका ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है.

## पवन सिंह का आ रहा एक और धमाकेदार गाना, गोरखपुर में इस दिन होगा लॉन्च




पवन सिंह न सिर्फ एक बेहतरीन एक्टर हैं, बल्कि एक काबिल गायक भी हैं. उनकी गायकी के जलवे को बॉलीवुड फिल्म स्त्री 2 में देखा गया था, जहां काटी रात मैंने खेतों में को उन्होंने आवाज दी थी. इस गाने ने खूब धूम मचाई और आज भी इस गाने को खूब पसंद किया जाता है. पवन सिंह को बॉलीवुड में भी एक अलग पहचान मिल रही है. इसी बीच उनका एक नया गाना भी आने वाला है.

मृणाल ठाकुर और आदीवि सेष की फिल्म डकैत से पवन सिंह का गाना टच बडी जल्द ही रिलीज होने वाला है. खबरों की मानें तो आने वाली 28 मार्च को गोरखपुर के महंत दिग्विजय नाथ पार्क में इस गाने का ग्रैंड लॉन्च किया जाएगा. पवन सिंह की फैन फॉलोइंग से हर कोई वाकिफ है, ऐसे में उनके फैंस को इस गाने का बेसब्री से इंतजार है.



**अब साउथ में जादू चलाएंगे पवन सिंह**

मजेदार बात ये है कि भोजपुरी और बॉलीवुड में अपनी आवाज का जादू चलाने के बाद अब पवन साउथ इंडस्ट्री की तरफ भी बढ़ चले हैं. खास बात ये है कि इस गाने में क्वीन ऑफ द चार्ट्स कही जाने वालीं जोनिटा गांधी भी अपनी आवाज दे रही हैं.

दोनों की आवाज में ये गाना तबाही मचाने वाला है. पवन ने इस गाने का पोस्टर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया था.

**पत्नि से तलाक को लेकर बटोर रहे सुर्खियां**

बात करें पर्सनल लाइफ की तो इस वक्त एक्टर अपनी शादी से जुड़े विवादों का सामना कर रहे हैं. पवन और उनकी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह के बीच विवाद है, जहां दोनों ने तलाक की मांग की है और बुधवार को इसी सिलसिले में पवन सिंह आरा की सिविल कोर्ट में हाजिर भी हुए थे. यहां कोर्ट के सामने पॉवर स्टार ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि वो अब पत्नि के साथ नहीं रहना चाहते और उन्हें जो भी वन टाइम सेटेलमेंट के लिए कहा जाएगा, वो मानेंगे.

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## उर्वरक पर नियंत्रण, किसान पर भरोसा, क्या संतुलन बन पाएगा?

**किसान के दृष्टिकोण से यह पहल एक अवसर भी है और आशंका भी। जहां एक ओर उसे सही मात्रा में उर्वरक मिलने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर सख्त नियमों के कारण लचीलापन कम होने का डर भी है। बड़े किसानों के लिए यह व्यवस्था कुछ हद तक प्रतिबंधात्मक हो सकती है, लेकिन छोटे किसानों के लिए यह एक सुरक्षा कवच बन सकती है। संतुलित उर्वरक उपयोग से उत्पादन में वृद्धि और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार संभव है, जिससे दीर्घकालिक लाभ मिल सकते हैं। परंतु यदि आईडी बनाने या उसे सक्रिय करने में देरी हुई, तो किसान के सामने तत्काल संकट खड़ा हो सकता है।**

*खेत की मिट्टी अब केवल अन्न नहीं उगाती, वह उम्मीदों और व्यवस्थाओं की परीक्षा भी लेती है। इसी मिट्टी पर खड़े भारत के करोड़ों किसानों के सामने आज एक नया प्रयोग रखा गया है–किसान आईडी और उर्वरक आपूर्ति का डिजिटल तंत्र। यह पहल किसी साधारण योजना की तरह नहीं, बल्कि उस जटिल समस्या का समाधान बनने का दावा करती है, जिसने वर्षों से खेती को भीतर ही भीतर खोखला किया है–सब्सिडी का रिसाव, खाद की कालाबाजारी और असली किसान तक संसाधनों की अधूरी पहुंच। सवाल यह नहीं कि योजना कितनी भव्य है, बल्कि यह है कि क्या यह वास्तव में खेत की मेड़ तक न्याय पहुँचा पाएगी, या फिर फाइलों की चमक में ही सिमट जाएगी। सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट और महत्वाकांक्षी है–हर किसान को एक विशिष्ट डिजिटल पहचान देकर उसे सीधे लाभ से जोड़ना। यह किसान आईडी भूमि रिकॉर्ड, आधार और पारिवारिक विवरण से जुड़कर एक समग्र डेटाबेस तैयार करती है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उर्वरक जैसी महत्वपूर्ण वस्तुएं सही व्यक्ति तक ही पहुंचे। हर साल उर्वरक सब्सिडी पर होने वाला भारी खर्च, जो कई बार गलत हाथों में चला जाता था, अब एक नियंत्रित और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से उपयोग में लाया जाएगा। यह व्यवस्था केवल वितरण को नहीं सुधारती, बल्कि एक ऐसी निगरानी प्रणाली भी बनाती है, जिसमें हर लेन-देन का हिसाब दर्ज रहेगा। व्यवहारिक स्तर पर देखें तो यह प्रणाली तकनीक और कृषि का अनोखा संगम प्रस्तुत करती है। पॉइंट ऑफ सेल मशीनों के जरिए आधार प्रमाणीकरण के बाद ही खाद की खरीद संभव होगी, जिससे फर्जी खरीद पर रोक लगेगी। प्रति हेक्टेयर उर्वरक की तय सीमा न केवल संसाधनों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देगी, बल्कि मिट्टी की सेहत को भी सुरक्षित रखेगी। साथ ही, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के विस्तार से किसान को यह स्वतंत्रता मिलेगी कि वह अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक का चयन करे। यह बदलाव केवल प्रक्रिया में नहीं, बल्कि सोच में भी परिवर्तन का संकेत देता है। इस पहल के संभावित लाभ निस्संदेह प्रभावशाली हैं। छोटे और सीमांत किसान, जो अक्सर बिचौलियों के शोषण का शिकार होते रहे हैं, अब सीधे लाभ के दायरे में आएंगे। उर्वरकों की कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा, जिससे बाजार में स्थिरता आएगी। एक ही आईडी के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने से प्रशासनिक जटिलता कम होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसान को अपने डेटा पर अधिकार मिलेगा–वह अपनी भूमि, फसल और लाभ की पूरी जानकारी एक ही मंच पर देख सकेगा। यह डिजिटल सशक्तिकरण का वह रूप है, जो किसान को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता बनाता है। किन्तु हर उजाले के साथ कुछ छायाएं भी होती हैं, जिन्हें नजरअंदाज करना जोखिम भरा हो सकता है। ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता अभी भी एक बड़ी चुनौती है। कई किसान स्मार्टफोन, इंटरनेट या तकनीकी प्रक्रियाओं से परिचित नहीं हैं, जिससे वे इस प्रणाली में सहजता से शामिल नहीं हो पाएंगे। इसके अलावा, बटाईदार और किराएदार किसान, जिनके पास जमीन का औपचारिक रिकॉर्ड नहीं होता, इस व्यवस्था से बाहर रह सकते हैं। यदि तकनीकी त्रुटियां, सर्वर समस्याएं या डेटा में गड़बड़ी सामने आती हैं, तो इसका सीधा असर खेती की प्रक्रिया पर पड़ सकता है।*

### एक्सप्रेस आलेख


**स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने चार पृष्ठ के ज्ञापन को पूरे मनोयोग से पढ़ा और स्वीकार किया कि अमेरिका जैसे विकसित देश में भी इस तरह के हेल्थ प्रोवाइड्स की व्यवस्था है। इस बात का सबूत संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर के जी गोविंदा रेड्डी ने अपने तर्कों में दिया जिसकी पुष्टि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राम मोहन नायडू जी ने की। यह सब सुनने समझने तथा पढ़ने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा जी ने अपने विशेष सहायक को बुलाकर इस पर एक्सरसाइज करने का निर्देश दिया ताकि अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य करने वाले लाखों लोगों को भी समाज की मुख्य धारा में समाहित किया जा सके।**



डॉ0 ओ0पी0 मिश्र

**स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों के संगठन प्रमुखों से भी कहा है कि आप अपने राज्य का स्टेटस तथा अपने सदस्यों का डेटा भी हमको उपलब्ध कराए। स्वास्थ्य मंत्री ने बातचीत के दौरान यह स्वीकार किया कि देश में मानक के अनुरूप डॉक्टरों की कमी जरूर है लेकिन सरकार यह प्रयास जरुर कर रही है कि हर व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा निशुल्क और उसके घर के नजदीक मिले।**

## चिकित्सा मित्रों के बारे में भी विचार करना होगा



हम सब लोग यह बात भली बात जानते हैं कि आज भी अपने देश भारत की 70% आबादी गांवो में रहती है। इसी के साथ यह भी हकीकत है कि 70 फिसदी क्वालिफाइड डॉक्टर अपने अनुभव और ज्ञान की मशाल जलाकर लोगों की जिंदगी में रोशनी करने के लिए गांव में जाना नहीं चाहते। तो फिर यह सवाल उठना लाजिमी है कि गांव में रहने वाले असली भारत के निवासियों का इलाज कौन करेगा ? क्योंकि सरकारी डॉक्टर तो गांव जाएंगे नहीं और अगर जाएंगे भी तो रजिस्टर पर। हकीकत में नहीं उनकी जगह कोई अन्य व्यक्ति जाएगा जिसका सरकारी डॉक्टर अपने वेतन का 10-15% देते हैं सरकार या स्वास्थ्य विभाग भले ही यह बात स्वीकार न करें लेकिन हकीकत यही है कि सरकारी डॉक्टर शहर में रहकर अपनी निजी प्रैक्टिस करते हैं और उनके स्थान पर कोई कथित चिकित्सक 15 से 20 हजार रुपये महीने लेकर उनका काम करता है। यह कथित चिकित्सक कोई और नहीं बल्कि चिकित्सा मित्र होता है जो अपने अनुभव के आधार पर ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है। यह वहीं चिकित्सा मित्र है जिसे मीडिया के लोग झोलाछाप डॉक्टर कहती है। यह वहीं चिकित्सा मित्र हैं जिन्हें शहर में रहने वाले बड़े साहब के गांव में रहने वाले माता-पिता अपना इलाज करवाते हैं। यह वहीं चिकित्सा का मित्र है जिन्होंने कोरोना कल में अपनी जान को जोखिम में डालकर लोगों को बहुत सस्ते में इलाज किया था और मृत्यु दर एक प्रतिशत से भी काम रही थी। यह वही चिकित्सा मित्र है जिनकी आफ द रिकॉर्ड जिला प्रशासन ने भी तारीफ की थी। यह वही चिकित्सा मित्र है जो तंबाकू मुक्त भारत अभियान प्रतिवर्ष चलते हैं। यह वहीं चिकित्सा मित्र हैं जो सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद इन्हें झोलाछाप डॉक्टर कहा जाता है। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा सीएमओ के द्वारा इनको परेशान किया जाता है प्रताड़ित किया जाता है वसूली की जाती है तथा जेल भेजा जाता है और क्लिनिक सील की जाती है। एक सर्वे के अनुसार इस तरह के अनुभव प्राप्त कथित चिकित्सकों की संख्या पूरे देश में करीब 50 लाख है जिसमें अकेले उत्तर प्रदेश में 18 से 20 लाख के बीच है। अनुभव के आधार पर प्राथमिक उपचार करने वाले तथा आकस्मिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने वाले यह चिकित्सक पिछले करीब 30 वर्षों से अलग-अलग संगठनों के द्वारा अपनी समस्याएं तथा अपनी बातें राज्य सरकारों तक पहुंचा रहे हैं। इसके बावजूद सरकार के कानों पर जू नहीं रेग रही है। इसी बीच पता चला है कि बिहार सरकार तथा आंध्र प्रदेश सरकार ने इन बातों का संज्ञान लिया है लेकिन राज्य सरकार कभी गेंद सरकार के पाले में फेंकती है तो कभी केंद्र सरकार कहती है कि यह राज्य सरकारों का जूरिडिक्शन है। इन्हीं तमाम समस्याओं तथा बातों को ध्यान में रखकर 2 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित आंध्र प्रदेश भवन में लगभग 15 राज्यों के उन प्रमुखों को बुलाया गया था जो अपने-अपने राज्यों में कथित झोलाछाप डॉक्टरों को एक समय बद्ध प्रशिक्षण प्रदान कर चिकित्सा मित्र बनाने तथा उन्हें प्राथमिक उपचार का अधिकार प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इसमें उत्तर प्रदेश में कार्यरत एक मात्र संगठन इंडियन रूरल मेडिकोज सोसायटी भी शामिल था। बैठक के बाद राष्ट्रीय स्तर पर एक ज्वाइंट एक्शन कमेटी का गठन पूर्व विधान परिषद सदस्य टीडी जनार्दन के नेतृत्व में किया गया। कमेटी का नाम रखा गया ऑल इंडिया बेसिक हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन तथा इसके अध्यक्ष बनाए गए डॉक्टर के जी गोविंदा रेड्डी। इस संगठन के आंध्र प्रदेश के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब , गुजरात , मध्य प्रदेश , राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, तेलंगाना, कर्नाटक के प्रतिनिधि को शामिल किया गया। संगठन की लीगल एडवाइजर के रूप में डॉक्टर एल एन राव तथा को अध्यक्ष के रूप में मुकेश अग्रवाल का चयन हुआ। संगठन के गठन के बाद पिछली 25 मार्च को संगठन के 12 सदस्यीय सिस्ट शिस्टमंडल जिसमें सर्वश्री अंशु तिवारी (बिहार) डॉक्टर ओपी मिश्रा तथा योगेश जायसवाल (उत्तर प्रदेश) धनपाल गोयल (पंजाब) सी एस राव (गुजरात) बी पी राजू (आंध्र प्रदेश) पी मोहन (तेलंगाना ) जी एस प्रसाद (आंध्र प्रदेश) के साथ ही बाला श्रीनिवास राव तथा एम0 सुधाकर प्रमुख थे। ने भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजारपू रममोहन नायडू जी के नेतृत्व में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा से उनके संसद भवन स्थित कक्ष में मिलकर उन्हें एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि अनुभव के आधार पर कम से कम 10 वर्ष से चिकित्सा कार्य कर रहे चिकित्सकों को पंजीकृत करके प्राथमिक उपचार करने का अधिकार प्रदान किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने चार पृष्ठ के ज्ञापन को पूरे मनोयोग से पढ़ा और स्वीकार किया कि अमेरिका जैसे विकसित देश में भी इस तरह के हेल्थ प्रोवाइड्स की व्यवस्था है। इस बात का सबूत संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर के जी गोविंदा रेड्डी ने अपने तर्कों में दिया जिसकी पुष्टि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री राम मोहन नायडू जी ने की। यह सब सुनने समझने तथा पढ़ने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा जी ने अपने विशेष सहायक को बुलाकर इस पर एक्सरसाइज करने का निर्देश दिया ताकि अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य करने वाले लाखों लोगों को भी समाज की मुख्य धारा में समाहित किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों के संगठन प्रमुखों से भी कहा है कि आप अपने राज्य का स्टेटस तथा अपने सदस्यों का डेटा भी हमको उपलब्ध कराए। स्वास्थ्य मंत्री ने बातचीत के दौरान यह स्वीकार किया कि देश में मानक के अनुरूप डॉक्टरों की कमी जरूर है लेकिन सरकार यह प्रयास जरुर कर रही है कि हर व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा निशुल्क और उसके घर के नजदीक मिले।

**बैठक के बाद राष्ट्रीय स्तर पर एक ज्वाइंट एक्शन कमेटी का गठन पूर्व विधान परिषद सदस्य टीडी जनार्दन के नेतृत्व में किया गया। कमेटी का नाम रखा गया ऑल इंडिया बेसिक हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन तथा इसके अध्यक्ष बनाए गए डॉक्टर के जी गोविंदा रेड्डी।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | एकादशी 07:47 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा 14:37 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | धृति, 18:19 |
| सूर्योदय: | 06:13 |
| सूर्यास्त: | 18:24 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 11:54-12:43 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 11:54-12:43 |

## जन एक्सप्रेस

### जलवा बरकरार !

*बने मोदी नंबर 1।*
*जलवा बरकरार।।*
*है आई खुशखबरी।*
*मान रहा संसार।।*
*ट्रंप काफी पीछे।*
*फिर सबको चौकाया।।*
*सर्वे में खुलासा।*
*धाक है जमाया।।*
*लोकप्रियता घरेलू।*
*और ग्लोबल पहचान।।*
*हैं ये मुख्य कारण।*
*जिससे दें सम्मान।।*
*छाये पीएम पीएम।*
*रहे फिर दहाड़।।*
*दुनिया के नेताओं को।*
*दिया पुनः पछाड़।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## पुरुषों में फैटी लिवर के लक्षण, डॉक्टर से जानें शुरुआती संकेत



**पुरुषों** में फैटी लिवर की समस्या की समय पर पहचान करना महत्वपूर्ण है। साल 2022 में जर्नल में प्रकाशित एक रिव्यू के अनुसार, दुनियाभर में हर साल हर हजार लोगों में से करीब 47 नए मामले मेटाबॉलिक डिसफंक्शन एसोसिएटेड स्टेटोटिक लिवर डिजीज के देखने को मिले हैं। इसे ही पहले नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर के नाम से जाना जाता था। दिलचस्प बात यह है कि इसमें 40 फीसदी पुरुष और 26% महिलाएं शामिल हैं। इसलिए पुरुषों में फैटी लिवर के लक्षणों की पहचान करना जरूरी है। इसमें अल्कोहलिक फैटी लिवर रोगियों का वजन कम होने से लेकर नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर मरीजों को पेट के दाई तरफ दर्द महसूस हो सकता है। पुरुषों में फैटी लिवर के लक्षणों को जानने के लिए हमने दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट, लेप्रोस्कोपिक, लेजर और जनरल सर्जन डॉ. नीरज धमीजा से बात की। उन्होंने बताया कि पुरुषों में फैटी लिवर के लक्षणों को अल्कोहलिक और नॉन-अल्कोहलिक में देखा जाना चाहिए।

**पुरुषों में अल्कोहलिक फैटी लिवर के लक्षण:** प्रकाशित क्लिनिकल रिव्यू के मुताबिक, जो लोग बहुत ज्यादा शराब पीते हैं, उनमें से 90 फीसदी मरीजों में फैटी लिवर पाया जाता है। डॉ. नीरज धमीजा ने कहा, 'हालांकि, फैटी लिवर के अल्कोहलिक मरीजों में शुरुआती लक्षण स्पष्ट नहीं होते, लेकिन मरीज थोड़ा भी ध्यान दें, तो लक्षणों की आसानी से पहचान कर सकते हैं। वैसे कई लक्षण फैटी लिवर के गंभीर होने पर ही नजर आते हैं। अगर उन्हें नीचे दिए किसी भी तरह के लक्षण महसूस होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से चेकअप जरूर कराना चाहिए।' ये लक्षण ह्रास की रिपोर्ट में भी बताए गए हैं, इसलिए जो लोग शराब बहुत ज्यादा पीते हैं, उन्हें इन लक्षणों पर गौर करना चाहिए। पुरुषों को लगातार बिना किसी कारण बीमार महसूस होना। बिना किसी कारण लगातार वजन कम होना। मरीजों का वजन घटने के साथ सारा दिन भूख न लगना। पुरुषों की आंखों और स्किन में पीलापन महसूस होना। इसे सिर्फ पीलिया समझकर इलाज न करें। टखनों और पेट में सूजन महसूस होना। पुरुषों को बिना वजह कन्फ्यूजन या बार-बार नींद महसूस होना। उल्टी में खून होना या स्टूल में खून आना

**पुरुषों में नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर के लक्षण:** डॉ. नीरज धमीजा कहते हैं, 'फैटी लिवर डिजीज बहुत ही कॉमन बीमारी है और सबसे मुश्किल बात यह है कि मरीज को पता ही नहीं चलता कि वह फैटी लिवर की बीमारी से जूझ रहा है। ऐसे में अक्सर लक्षणों की पहचान तब होती है, जब बीमारी काफी हद तक गंभीर हो जाती है, क्योंकि ये लक्षण इतने ज्यादा कॉमन होते हैं कि आमतौर पर पुरुष इन लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। इसलिए कई बार मैंने देखा है कि मरीज जब मेरे पास आते हैं, तो उनकी बीमारी फैटी लिवर ग्रेड 2 या 3 पर पहुंच चुकी होती है।' नेशनल हेल्थ सर्विस रिपोर्ट में बताया गया कि कई मामलों में जब लोग अन्य टेस्ट कराते हैं, तब पता चलता है कि उन्हें फैटी लिवर की बीमारी है। अगर किसी पुरुष को ये लक्षण महसूस हो, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### एक्सप्रेस विशेष

## मलयालम को ताकतवर बनाने का श्रेय लेने की होड़



उमेश चतुर्वेदी

**मलयालम को आधिकारिक भाषा बनाने का स्थानीय नागरिक स्वागत तो कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि इस कानून के नाम से ही अलगाववादी और वर्चस्ववादी झलक मिलती है। केरल के बौद्धिकों के एक वर्ग का कहना है कि बेहतर होता है।**

**केरलम्** में विधानसभा चुनावों के बीच मलयालम को राज्य की आधिकारिक भाषा का दर्जा मिलने का श्रेय लेने का सियासी खेल बढ़ता जा रहा है। राज्य का नाम केरलम् किया जाना और इसके हफ्तेभर बाद ही मलयालम को आधिकारिक भाषा की मंजूरी मिलना कुछ लोगों की नजर में भले ही संयोग हो, लेकिन ऐसा नहीं है। राज्य में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बजने की औपचारिकता भर बाकी है। इस संदर्भ में राजनीतिक दलों द्वारा इन दोनों कदमों का श्रेय लेने की होड़ मचना स्वाभाविक है। लेकिन भाषा विधेयक को लेकर केरल की सीमाओं के बाहर सवाल भी उठने शुरू हो गए हैं। इसमें दो राय नहीं कि गैर हिंदीभाषी इलाके अपनी भाषाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को अपनी अस्मिता से जोड़कर देखते हैं। हिंदीभाषी राज्यों में अपनी हिंदी या स्थानीय भाषाओं को लेकर ऐसी सोच नहीं दिखती। मलयालम को केरलम् की आधिकारिक भाषा बनाने की मांग बहुत पुरानी है। इस दिशा में पहला प्रयास करीब दस साल पहले कांग्रेस की अगुआई वाली संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा यानी यूडीएफ की सरकार ने किया था। 2015 में ओमन चांडी सरकार ने इस विधेयक को पारित कराया था। लेकिन तब इस विधेयक पर पड़ोसी कर्नाटक सरकार ने कड़ा एतराज जताया था। जब इस विधेयक को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया तो राष्ट्रपति ने इसे 1963 के ऑफिशियल भाषा एक्ट के नियमों को हटाकर जमा करने के सुझाव के साथ वापस भेज दिया था। फिर दस साल बाद मौजूदा वाममोर्चा की सरकार ने इसे नए रूप में पारित किया। इस बार भी कर्नाटक इस कानून का विरोध कर रहा है। अब तक केरल में अंग्रेजी के साथ ही मलयालम को आधिकारिक भाषा के तौर पर प्रतिष्ठा रही है। लेकिन नए कानून के तहत सरकारी और सरकारी अनुदान प्राप्त स्कूलों में कक्षा 10 तक मलयालम को पहली भाषा के तौर पर अनिवार्य रूप से पढ़ाना जरूरी होगा। इसके साथ ही अदालती फैसलों और कार्यवाही भी अनिवार्य तौर पर मलयालम भाषा में अनूदित की जाएंगी। अब से राज्य विधानसभा में सभी बिल और अध्यादेश मलयालम में पेश किए जाएंगे। इसके साथ ही, अंग्रेजी में प्रकाशित महत्वपूर्ण केंद्रीय और राज्य कानूनों का भी मलयालम में अनुवाद होगा। नए कानून के तहत सूचना तकनीकी विभाग को मलयालम के प्रभावी इस्तेमाल के लिए ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर और इंस्ट्रूमेंट विकसित करने की जिम्मेदारी दी जा रही है। राज्य सचिवालय में मौजूदा पर्सनल एंड एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स (ऑफिशियल लैंग्वेज) विभाग का नाम बदलकर मलयालम भाषा विकास विभाग किया जा राह है। इन कदमों के साथ ही राज्य में मलयालम भाषा विकास निदेशालय भी गठित किया जाएगा। भाषायी अस्मिता के लिहाज से देखें तो केरल का यह कदम बेहद क्रांतिकारी और भारतीय भाषाओं के हित में है। लेकिन कर्नाटक की आपत्तियों को भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। यहां ध्यान दिया जाना चाहिए कि केरल के कासरगोड जिले में मलयालम की बजाय कन्नड़ भाषी लोग ज्यादा है। राज्य मे इसी तरह तमिल, तुलु, गुजराती और कोंकणीभाषी लोग भी हैं। उनकी अपनी भाषाओं में पढ़ाई वाले स्कूल भी हैं। हालांकि मलयालम भाषा कानून का विरोध तमिल मूल के लोगों ने तो नहीं किया है, लेकिन कर्नाटक के तर्कों में उनकी भी बातें एक तरह शामिल हैं। कर्नाटक सरकार का तर्क है कि यह कानून केरल में रहने वाले कन्नड़ भाषी अल्पसंख्यकों की भाषाई अस्मिता के लिए खतरा है। यह कानून, कर्नाटक भाषियों के अधिकारों का उल्लंघन है। कर्नाटक सीमा क्षेत्र विकास प्राधिकरण का तर्क है है कि कासरगोड और केरल के दूसरे कन्नड़ भाषी क्षेत्रों में भाषाई अल्पसंख्यक छात्र अभी स्कूलों में कन्नड़ को पहली भाषा के तौर पर पढ़ते हैं। केरल में स्कूलों में हिंदी भी पढ़ाई जाती रही है। इसलिए माना जाता है कि केरल में हिंदीविरोधी माहौल नहीं है।

**जिनकी मातृभाषा तमिल, कन्नड़, तुलु या कोंकणी है, उनके लिए भी कानून में प्रावधान हैं। इस कानून में इस बात की चर्चा है कि राज्य के भाषायी अल्पसंख्यक अपनी भाषा में राज्य सचिवालय, विभागों और स्थानीय सरकारी कार्यालयों से पत्राचार कर सकेंगे। इसके साथ ही, मलयालम के अलावा दूसरी मातृभाषा वाले छात्रों को नेशनल एजुकेशन प्रोग्राम में शामिल भाषाओं में पढ़ाई कर सकेंगे।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)



# बादल में बौना

जंगल में एक पुराना महल था। उसके मुख्य द्वार के बाहर सोने का एक सांप बना हुआ था। सांप इतनी कुशलता से बनाया गया था कि जीवित लगता था। महल खंडहर बन गया था, पर सांप अभी भी चमकदार था। उधर से गुजरने वाले लोग सोने का सांप देखकर लालच में पड़ जाते। सोचते, 'सोने का सांप बेचकर तो बहुत पैसा कमाया जा सकता है।' लेकिन जो भी सांप की मूर्ति को उठाना चाहता, वह असफल रहता।

लोग कहते थे कि उन्होंने उस महल और सांप की मूर्ति को हमेशा वैसा ही देखा था। राह चलते लोग खंडहर हुए महल में रुकते, आराम करते और अपनी राह चले जाते। महल किसने बनाया और दरवाजे पर द्वारपाल के रूप में सांप की मूर्ति क्यों बनाई गई, यह बात निश्चित रूप से कोई नहीं कह सकता था। पूछने पर पास के गांव के बड़े-बूढ़े इस बारे में एक बहुत ही विचित्र कथा सुनाते थे।

कहीं एक औरत और उसका बेटा रहते थे। औरत मेहनत-मजदूरी करके अपना और अपने बेटे का पेट भरती थी। वह रोज काम पर चली जाती और बेटा घर पर रहता। बेटा अपना समय घर में अकेले बिताता। उसका नाम था जैक। वह बहुत दयालु था।

एक दिन जैक ने घर की दीवार से एक सांप को निकलते देखा। सांप धीरे-धीरे रेंगते हुए दूसरी तरफ अपने बिल में चला गया। जैक उस समय खाना खा रहा था। उसने थोड़ा सा खाना सांप के बिल के बाहर रख दिया। फिर इंतजार करने लगा कि सांप कब वहां से बाहर आता है।

उस दिन से जैक ने यह नियम बना लिया। जब भी भोजन करता, सांप के लिए उसका हिस्सा जरूर रख देता था। जैक की मां ने भी यह देखा। उसने पूछा, तो जैक ने सांप के बारे में बता दिया। सुनकर मां तो डरी, पर जैक ने कहा, मुझे सांप से जरा भी डर नहीं लगता। एक दिन जैक ने सुना, घर की मरम्मत की जाएगी और पुरानी दीवार को तोड़ दिया जाएगा। उसने मां से कहा, मां, दीवार को मत तोड़ो। इस तरह तो सांप बेचारा बेघर हो जाएगा।

मां ने जैक को बहुत समझाया, पर वह तो जिद पकड़ बैठा। मां ने उसकी बात मान ली। आखिर दीवार नहीं तोड़ी गई। दिन सप्ताहों में, सप्ताह महीनों में और महीने वर्षों में बदल गए। जैक सुंदर, सजीला युवक बन गया। कुछ समय बाद जैक की मां की मृत्यु हो गई। इसलिए जैक एकदम अकेला रह गया था।

एक दिन जैक दीवार के पास खड़ा था। तभी उसने एक आवाज सुनी, जैक, मैं तुम्हारा मित्र सांप हूं। अब तुम मेरे लिए कुछ मत रखना। मेरा अंत आ गया है। तुम बहुत अच्छे हो। मैं जाते समय तुम्हें एक मामूली भेंट देकर जाना चाहता हूं। जैक के देखते-देखते दीवार फट गई। उसमें से एक बांसुरी बाहर गिर गई। सांप ने कहा, यह जादुई बांसुरी संकट के समय तुम्हारी मदद करेगी। यह एक परी की है। वह इसे एक झील के किनारे भूल गई थी। मैं इसे किसी अच्छे आदमी को देना चाहता था। जैक ने बांसुरी ले ली। तभी वह दीवार गिर पड़ी। जैक ने देखा, मलबे के बीच मरा हुआ सांप पड़ा है।

जैक ने उसी दिन गांव छोड़ दिया। अब भला उसका कौन था वहां! वह हमेशा बांसुरी अपने साथ रखता था। बांसुरी की सुरीली आवाज से लोग मोहित हो जाते। जैसे बांसुरी में कोई जादू था। उसकी आवाज सुन बीमार लोग अच्छे हो जाते, दुष्टों का दिल दहलने लगता। जंगल में भटके हुए पशु लौट आते।

एक बार जैक किसी गांव के समीप से गुजर रहा था। रास्ते में उसने देखा, सब खेत जले हुए हैं। उसे आश्चर्य हुआ। उसने वहां रहने वालों से पूछा। पता चला, वहां जब-तब अंगारों की बारिश होती है। मुखिया ने बताया, न जाने कहां से एक काला बादल आता है। उससे अंगारे बरसने लगते हैं। सारी फसल जल जाती है।

जैक मैदान में खड़ा होकर आकाश की ओर देखने लगा। तभी पश्चिम दिशा से काला बादल वहां आया। उससे अंगारे बरसने लगे। जैक ने तुरंत बांसुरी उठाई और बजाने लगा। बांसुरी की मीठी आवाज गूंज उठी। एकाएक अंगारे उछले और बादल में वापस समा गए, जैसे उन्हें किसी ने ऊपर की ओर उछाल दिया हो। सब पहले जैसा हो गया। इसके बाद बादल बड़ी जोर से गरजने लगा। फिर भयानक सूरत वाला एक बौना नीचे उतरा। उसने जैक से पूछा, यह बांसुरी कैसे बजाते हो? तुम्हारे बांसुरी बजाने से आज भारी गड़बड़ हो गई। अंगारे धरती से उछलकर ऊपर चले गए। आज तक तो ऐसा कभी नहीं हुआ था। तुम यह बांसुरी मुझे दे दो।

जैक समझ गया कि बौना उसकी बांसुरी छीनना चाहता है। वह पीछे हटकर जोर-जोर से बांसुरी बजाने लगा। बौना पागलों की तरह उछल-कूद करने लगा। वह बुरी तरह हांफ रहा था, बंद करो बांसुरी बजाना। मैं बहुत थक गया हूं।

जैक समझ गया कि बौना उसके चंगुल में आ चुका है। वह रुका नहीं, उसी तरह बांसुरी बजाता रहा। अब तो बौना गिड़गिड़ाने लगा, मैं तुम्हें एक जादुई सेब देता हूं। इसे जमीन पर फेंकोगे, तो तुम्हें एक उपहार मिलेगा। कहते-कहते उसने एक सेब जैक की तरफ लुढ़का दिया। जैक ने सेब को जोर से जमीन पर पटका, तो वहां एक शानदार महल दिखाई देने लगा। अब जैक ने कहा, तुम्हें मैं इस तरह नहीं छोड़ सकता। तुमने इन भोले गांव वालों को बहुत परेशान किया है। तुम वादा करो कि इन्हें फिर कभी परेशान नहीं करोगे?

मरता क्या न करता? बौने ने कहा, मैं आज के बाद कभी अंगारों की बारिश नहीं करूंगा। जैक ने बांसुरी बजाना बंद कर दिया। बौना बादल में बैठकर भाग गया। जैक उस जादुई महल में रहने लगा। अब उसे किसी चीज की कमी नहीं रही। उसने अपने मित्र सांप की याद में सोने का सांप बनवाकर महल के बाहर लगवा दिया।

इस घटना को बहुत समय बीत चुका है। न जैक रहा, न दूसरे लोग। पर जैक और सोने के सांप की कहानी आज भी जीवित है।



# टॉपियरी मतलब घास पर सजी इमेजिनेशन

## जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है।

जितने सारे लोग इस धरती पर उतनी ही अलग-अलग उनकी कल्पनाएं और दिमाग की दौड़। और जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है। जिन बन्दों की कारीगरी हम यहां तुम्हें बता रहे हैं वो काम करते हैं पेड़-पौधों की दुनिया से जुड़कर। ये लोग बनाते हैं ग्रास स्कल्पचर एक आर्ट फॉर्म जिसे टॉपियरी भी कहा जाता है। खास बात यह है कि इस आर्ट फॉर्म को बनने में कुछ महीने से लेकर सालों तक का भी समय लग सकता है।

### पर्ल फ्रेयर

टॉपियारी की कला का यह महान आर्टिस्ट दुनिया भर में अपने काम के लिए जाना जाता है। पूरी दुनिया में प्रेम, शांति और सद्भाव फैलाने का विचार लेकर चलने वाले इस अफ्रीकन-अमेरिकन आर्टिस्ट की लगन, खूबसूरत आर्ट और कड़ी मेहनत को आज सभी सलाम करते हैं। यही कारण है कि आज दुनियाभर के टूरिस्ट इनका साउथ कैरोलिना वाला टॉपियारी गार्डन देखने आते हैं जहां 300 से भी ज्यादा प्रकार के पौधे हैं जिनका उपयोग विभिन्न आकारों को बनाने के लिए भी किया गया है। इस गार्डन में कुछ पौधे तो ऐसे भी हैं जिन्हे यूं ही पड़े खाद के ढेर में से उठाकर यहां लाया और रोपा गया है। आज ये बेकार पड़े पौधे खूबसूरत, कलात्मक आकृतियों में बदल चुके हैं। पर्ल के आर्ट पर एक डॉक्यूमेंट्री मूवी 'अ मैन नेम्ड पर्ल'' भी बनाई गई है जो लोगों को प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है।

### मथिल्डे रोसेल

इस फ्रेंच आर्टिस्ट ने जिस सोच के साथ ग्रास आर्ट पर काम किया है वह दुनिया के हर इंसान के सोचने का विषय है। रोसेल ने रीसाइकल्ड मैटल की बॉडी में मिट्टी में गेंहू के दाने डालकर उन्हें आकार दिया है। जब मैटल के ढांचे में नन्हे घासनुमा पौधे पनपते हैं तो ऐसा लगता है जैसे नए जीवन को आकार मिल रहा हो और फिर जब घास सूख जाती है तो मिट्टी का शरीर मिट्टी में ही मिल जाता है। यही कलाकार का विचार भी है। रोसेल चाहती हैं कि इस कला के जरिए वे लोगों को अपने पर्यावरण, प्रकृति और भोजन की महत्ता समझने में मदद कर सकें। इन आकृतियों को रोसेल ने एक्शन फॉर्म में भी बनाया है। इसलिए ये और भी जीवंत नजर आती हैं। ग्रास स्कल्पचर के अलावा रोसेल अन्य आर्ट फॉर्म पर भी काम करती हैं लेकिन उनकी 'लाइव्स ऑफ ग्रास'' की कलाकृतियों ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है।

# एक अनोखा पत्थर, जिसे पीटने पर आती है घंटी की आवाज

वैसे तो आपने कई अनोखे पत्थरों के बारे में सुना होगा। लेकिन मध्य प्रदेश के रतलाम में मां दुर्गा के मंदिर में एक ऐसा अनोखा पत्थर है, जिसको बजाने पर घंटी की तरह आवाज निकलती है। इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों के सुनकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं। कई लोग इसे दैवीय चमत्कार भी मानते हैं। बता दें कि इस पत्थर पर किसी भी अन्य पत्थर के टकराने से धातु की तरह आवाज आती है। रतलाम से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरछा गांव के पास प्राचीन पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अंबे माता के मंदिर के तौर पर जाना जाता है। इस पहाड़ी पर मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक अनोखा पत्थर भी है। इस पत्थर पर किसी अन्य पत्थर से पीटने पर धातु की तरह आवाज निकलती है। पत्थर से निकलने वाली ये आवाज घंटी की तरह सुनाई देती है, जिसे ग्रामीण चमत्कारी पत्थर मानते हैं। बता दें कि इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर को सबसे पहले एक ग्रामीण ने देखा था। उस समय यहां आने के लिए रास्ता भी नहीं था। बाद में ग्रामीणों के द्वारा यहां आने के लिये एक कच्चा सकरा रास्ता बनाया गया ताकि मंदिर तक आवश्यक पूजा व अन्य सामग्री ले जाई जा सके। बेरछा गांव के पास स्थित इस प्राचीन मंदिर से थोड़ी ही दूरी पर एक विचित्र पत्थर है, जिसे बजाने पर उसमें से धातु की तरह टन टन की आवाज आती है। ये किसी चमत्कार से कम नहीं है। वैसे तो पूरी पहाड़ी पत्थरों से भरी हुई है, लेकिन उसमें सिर्फ एक ही पत्थर खास है।



धातु की तरह आवाज निकालने वाला यह पत्थर अब भी रहस्य बना हुआ है। कई ग्रामीण इस पत्थर को दैवीय चमत्कार मानते हुए पूजा भी शुरू कर दी है और यहां पर एक ध्वज भी लगा दिया गया है। यह अनोखा पत्थर अंबे माता के मंदिर से से करीब 700 मीटर की दूरी पर है, जहां पैदल भी जाया जा सकता है। इन दिनों इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों को सुनने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुट रही है।

# जापानी स्कूल्स जहां मैथ्स एक लैंग्वेज है

जापान के स्कूल्स में बड़ी क्लासेस में आने पर सभी स्टूडेंट्स के लिए सेम यूनिफॉर्म और सेम बैग्स होते हैं। यह एक खास बात है कि किसी भी देश के डेवलपमेंट के लिए उसके नागरिकों का पढ़ा-लिखा होना बहुत जरूरी है। इस बात को जापान के उदाहरण से समझा जा सकता है। जापान में प्रायमरी लेवल पर स्कूल जाने वाले बच्चों का पर्सेंटेज है 100। यानी यहां निरक्षर लोगों का पर्सेंटेज है 0। जापान के स्कूल्स में बड़ी क्लासेस में आने पर सभी स्टूडेंट्स के लिए सेम यूनिफॉर्म और सेम बैग्स होते हैं। स्कूल में सबको एक जैसा खाना दिया जाता है। यहां स्कूली लेवल पर छोटी क्लास से ही इस बात पर ध्यान दिया जाता है कि बच्चे का सबसे पसंदीदा काम क्या है और इसी बात को ध्यान में रखकर उसे आगे बढ़ने को प्रेरित किया जाता है। जैसे अगर बच्चा साइंस और मैथ्स की बजाय किसी तरह के आर्ट फॉर्म या काम को सीखना चाहता है, तो उसे बेसिक एज्युकेशन के साथ उस काम को ही सिखाया जाता है। फिर चाहे वो काम जूते बनाने का हो या लकड़ी से सुन्दर फर्नीचर बनाने का। किसी भी काम को छोटा नहीं माना जाता। इससे बच्चा अपना पसंदीदा काम सीख पाता है और देश को मिलता है एक अच्छा कारीगर।

जापान में बच्चों को मैथ्स और साइंस जैसे सब्जेक्ट्स भी लैंग्वेज और आर्ट की तरह पढ़ाए जाते हैं और बजाय मैथ्स को रटने के उसे खेल-खेल में सीखा जाता है। टीचर्स मानते हैं कि दूसरी लैंग्वेजेस की तरह ही मैथ्स को भी पढ़ा जा सकता है। यहां टीचर्स एक और टैक्नीक अपनाते हैं। वो है बच्चों को ही टीचर का रोल भी निभाने को कहना। इसके लिए मैथ्स के प्रॉब्लम्स को बोर्ड पर लिख कर बच्चों से सॉल्व करने को कहा जाता है। फिर जब कोई बच्चा उस प्रॉब्लम को सॉल्व कर लेता है तो उसे टीचर बनकर दूसरे स्टूडेंट को प्रॉब्लम सॉल्व करने में मदद को कहा जाता है। इस तरह क्लास का हर बच्चा खुद प्रॉब्लम सॉल्व करने की कोशिश कर पाता है और टीचर कोई भी समस्या आने पर बच्चों की मदद भी कर पाते हैं। जापानियों का मानना है कि आप जो पढ़ते हो उसे अगर किसी को पढ़ाते हो तो चीजों को ज्यादा अच्छे से याद रख पाते हो। पढ़ाई के साथ ही यहां देश के कल्चर, भाषा और इतिहास को भी उतनी ही गहराई से बच्चों तक पहुंचाया जाता है। स्कूल की पढ़ाई के साथ ही बच्चों को ड्रिल, स्वीमिंग आदि जैसी एक्टिविटीज अपनाना कम्पलसरी होता है। ताकि वो खुद को फिट और मजबूत बना सकें। यहां भूकम्प तथा अन्य इमरजेंसियों के हिसाब से बच्चों को बहुत कम उम्र से ही बचाव की ट्रेनिंग भी दी जाती है। यही नहीं बच्चे सिलाई, कुकिंग, ट्रेडिशनल आर्ट फॉर्म आदि भी स्कूल में रहकर सीखते हैं।





# पेपर को करो रीसाइकल बनाओ कुछ बेहतर

## जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है।

घर पर तुम भी अक्सर पुराने बेकार पड़े कागज से नाव बनाकर पानी में तैराया करते होंगे या फिर कागज का प्लेन बनाकर उड़ाया करते होंगे लेकिन क्या तुम्हारे दिमाग में इन पुराने पड़े न्यूजपेपर्स या मैगजीन्स को लेकर और कोई आइडिया आता है। क्योंकि जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है। आओ हम मिलकर बनाते हैं कुछ मजेदार चीजें जो दिखने में अच्छे लगेंगे और यूजफुल भी होंगे।

### ये चीजें चाहिए

- न्यूज पेपर या मैगजीन
- चिपकाने के लिए ग्लू

### फ्रेम विथ पेपर

तुम्हारे पास कोई पुराना फोटो फ्रेम पड़ा है तो पेपर की मदद से तुम उसे नया लुक दे सकते हो। न्यूजपेपर को मनचाही लंबाई में काटो और उसे फ्रेम के ऊपर एक-एक कर चिपकाते जाओ।

### बनाओ पॉट को इंटरेस्टिंग

अपने सिंपल से प्लांट पॉट को पेपर के टुकड़ों से एक क्रिएटिव और नया रूप दे सकते हो। पेपर या मैगजीन को अपने पॉट के आकार के अनुसार काट लो और उसे पतले-पतले ट्यूब के रूप में पॉट के इर्द-गिर्द चिपकाते जाओ।

### पेपर बैग

पेपर को दो या तीन लेयर की मोटाई में आपस में चिपका लो ताकि उसमें मजबूती आ जाए। इसके दोनों हिस्सों पर हल्की मोटी रस्सी या फिर खूबसूरत रिबन का इस्तेमाल कर सकते हो। इस इकोफ्रेंडली बैग को हल्के-फुलके सामानों को ले जाने के लिए उपयोग कर सकते हो।

### जार की बढ़ाओ खूबसूरती

घर पर पड़े पुराने और बदरंग जार को पेपर के जरिए नए तरीके से प्रेजेंट कर सकते हो। इसके लिए तुम्हें पुरानी मैगजीन के कलरफुल पन्ने लेने होंगे ताकि जार अधिक खूबसूरत दिखे। मैगजीन के पन्नों को सही तरीके से मोड़ते हुए एक के ऊपर चिपकाते जाओ।

### कॉफी मग होल्डर

पेपर को गोल-गोल घुमाते हुए मोड़ते जाओ और उनको आपस में चिपकाते जाओ। चाहो तो इसे कलर भी कर सकते हो। इसे तुम कॉफी होल्डर के लिए या डाइनिंग टेबल पर कोई गर्म चीज रखने के भी काम ला सकते हो।

### दीवार सजाओ

अच्छी-सी डिजाइन में पेपर्स को काटो और उसे फ्रेम करके अपने ड्रॉइंग रूम में या फिर अपने रूम में दीवार पर डेकोरेट करने के लिए लगा सकते हो। चाहो तो कोई फ्लावर या फिर किसी अन्य शेप में पेपर या मैगजीन को काट सकते हो। कुछ ऐसा ही तुम दीवार घड़ी के साथ भी प्रयोग कर सकते हो। दीवार घड़ी के पिछले हिस्से पर पेपर को कोन के आकार का बनाकर लगा सकते हो।

# ग्रीटिंग और कार्डबोर्ड का क्रिएटिव जादू

घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। शादियों, त्योहारों और अन्य मौकों पर दिए जाने वाले इन्विटेशन कार्ड्स, ग्रीटिंग कार्ड्स और आर्ट एंड क्राफ्ट की दुकान पर मिलने वाली रंगबिरंगी पेपर शीट्स से आर्ट एंड क्राफ्ट के कई आइडियाज पनप सकते हैं। इसी तरह घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। चलो इनमें से कुछ आइडियाज हम तुमसे शेयर करते हैं और चित्रों के माध्यम से भी तुम्हें आइडियाज देते हैं।

### ग्रीटिंग्स और अन्य कार्ड्स

रंगबिरंगे ग्रीटिंग कार्ड्स या शादी और अन्य तरह के ओकेजन्स पर घर में आने वाले कार्ड्स अक्सर बहुत सुन्दर डिजाइन के साथ आते हैं। इनके रंग और डिजाइंस का उपयोग आसानी से सीनरी या वॉल पीस बनाने में किया जा सकता है। तुम चाहो तो इसके साथ कलर्ड पेपर शीट्स का भी उपयोग कर सकते हो। तो सबसे पहले एक बड़ी शीट लेकर उस पर अपनी कल्पना से किसी सीन की आउटलाइन खींचो। जैसे पेड़, फूल, आसमान, जानवर या अन्य चीजें। अब कार्ड्स के रंग के अनुसार और अपने सोचे सीन के अनुसार कार्ड्स में से अलगअलग आकार कैंची की मदद से काट लो। यहां एक बात का खास ध्यान रखना कि कैंची का उपयोग करते समय बहुत सावधानी रखो और हो सके तो किसी बड़े की मदद भी लो। अब काटे गए कार्ड पीसेस को शीट पर किसी भी एडहेसिव की सहायता से चिपका दो। तुम चाहो तो किसी खास रंग के लिए एक्रेलिक कलर्स का भी उपयोग कर सकते हो और चाहो तो कलर्ड शीट भी यूज कर सकते हो। यही नहीं, चीजों को और भी क्रिएटिव बनाने के लिए ऊन या धागों, बटन्स या बीड्स जैसी चीजों को भी यूज कर सकते हो।

### कार्डबोर्ड बॉक्सेस

मिठाई के डब्बे हों या किसी अन्य सामान के साथ आए गत्ते यानी कार्डबोर्ड के मजबूत बॉक्स। इनका प्रयोग भी एक आर्ट पीस बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए भी तुम्हें कुछ कलर पेपर, एक्रेलिक या वॉटर कलर, क्रेयॉन्स, कैंची और एडहेसिव की जरूरत होगी। कैंची के लिए यहां भी वैसी ही सावधानी रखनी होगी। मिठाई के डिब्बों से तुम सोफे, गाड़ी, मोबाइल कवर, छोटी शेल्फ या घर आदि बना सकते हो तो कार्डबोर्ड के मजबूत टुकड़ों या पूरे बॉक्स से तुम अपने लिए मॉड्यूलर किचन से लेकर बड़ा ट्रक, बड़ी शेल्फ, फ्रिज, टीवी, ज्वैलरी बॉक्स, फर्नीचर, एक डॉल हाउस, छोटा-सा शहर आदि जैसी कई चीजें बना सकते हो। जरूरत बस अपनी कल्पना को रंग देने की है।

# मिलावटखोरों पर प्रशासन का सख्त शिकंजा, लाखों का जुर्माना व सजा से सख्त संदेश

## डीएम की अध्यक्षता में सतर्कता समिति की बैठक खाद्य व औषधि गुणवत्ता पर जीरो टॉलरेंस के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संबंधित अधिकारियों को जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु कड़े दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में चलाए गए विशेष अभियान के तहत मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। मा0 न्यायालय द्वारा कुल 35,16,250 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही, दूध में मिलावट के दोषी पाए गए 03 व्यक्तियों को 06-06 माह के कारावास एवं 03-03 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 376 खाद्य नमूने लिए गए, जिनमें से 89 नमूने मानक के अनुरूप नहीं पाए गए। इन मामलों में 71 मुकदमे न्यायालय में दायर किए गए, जिनमें से 59 मामलों में मिलावटी खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर अर्थदंड लगाया गया। औषधि निरीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि वर्ष के दौरान 208 मेडिकल प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 213 नमूने संग्रहित किए गए, जिनमें 05 नमूने अधोमानक पाए गए हैं। इन प्रकरणों में भी न्यायालय में वाद दायर कर कार्रवाई की जा रही है। जनपद में संचालित समस्त मेडिकल स्टोरों को जीएसटी पंजीकरण के दायरे में लाते हुए पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए जूस एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार के केमिकल के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि बाजार में बिक रहे दूध, फल, सब्जी, मसाले, बेसन व खाद्य तेल की नियमित सैंपलिंग कराई जाए तथा मिलावटखोरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। थोक व फुटकर विक्रेताओं पर निरंतर निगरानी रखते हुए उपभोक्ताओं को सुरक्षित व शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित वादों में प्रभावी पैरवी कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा अधिरोपित जुर्मानों की शत-प्रतिशत वसूली कराई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीरेन्द्र सिंह, अभिहित अधिकारी, औषधि निरीक्षक, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

# शतचंडी अनुष्ठान के दसवें दिन की पूजा सम्पन्न

- मन्त्रों में है नकारात्मक ऊर्जा नष्ट करने की सामर्थ्य: स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**



जतनपुर चिकावटी स्थित श्री विद्या धाम आश्रम पर महामंडलेश्वर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के संरक्षण एवं विश्वकल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ एवं कन्या पूजन अनुष्ठान के तहत शनिवार को दसवें दिन के अनुष्ठान में महायज्ञ में आए श्रद्धालुओं ने चौकी एवं पीठ पर विराजित देवों का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। शनिवार प्रथम प्रहर के मुख्य यजमानज्ने प्रधान कुंड का पूजन अर्चन किया साथ ही सह यजमानों में मुख्य मोनू पंडित, अनिल तिवारी, जसबीर सिंह,टीकम सिंह रामबाबू सिंह,आदि से परिवार सहित आचार्य गौरव शास्त्री की अध्यक्षता में रवि शास्त्री, शिवम शास्त्री, गौरव शास्त्री, विनीत शास्त्री, सागर वेदपाठी एवं कृष्णा वेदपाठी आदि विद्वान आचार्यों ने वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ प्रधान चौकी पर विराजित माँ भगवती का पूजन अर्चन करवाया। उसके बाद मुख्य यजमान एवं सहयजमान सहित अन्य श्रद्धालुओं एवं उनके परिवारीजन ने दुर्गा सप्तसती के श्लोकों पर महायज्ञ में आहुतियाँ दीं। महायज्ञ के संरक्षक एवं विश्व कल्याण सेवा संस्थान के प्रमुख महामंडलेश्वर स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने सप्तसती के अंतर्गत दुर्गा कवच के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह शक्तिशाली मंत्र हमारे आसपास की नकारात्मक ऊर्जा का क्षय कर एक सकारात्मक ऊर्जा की कवच के रूप में कार्य करता है। जिससे हमारे आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मंत्रो में नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित कर देने की असीम क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पूरी आस्था, श्रद्धा एवं भक्ति से, शुद्ध उच्चारण में, नियमित रूप से देवी कवच का पाठ करता है, वह सभी प्रकार की बुराइयों पर विजय प्राप्त कर लेता है। प्रथम प्रहर के यज्ञ के बाद कन्या पूजन एवं महाआरती हुई। सायंकालीन बेला में दूसरे प्रहर के महायज्ञ के मुख्य यजमान एडवोकेट ठाकुर तेजवीर सिंह,राहुल सिंह, कपिल अग्रवाल, रविंद्र चौधरी, ललित वार्ष्णेय (गुड्डू मसाले)सहित अन्य श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में आहुतियाँ दीं।उसके बाद सभी भक्तों ने स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज से आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम हुई महाआरती में कौशल सिंह,शंकर पाल सिंह, श्योराज सिंह, युवराज चौधरी, सत्येंद्र प्रताप सिंह ठा. राहुल सिंह,नवीन चौधरी, जितेंद्र गोविल,डॉ प्रवीन शर्मा, अंकुश उपाध्याय, अंशुल प्रेमी, संजीव सिंह, आशीष तायल, संजीव अग्रवाल,राम कुमार शर्मा, मोहित गुप्ता, प्रवीन वार्ष्णेय, शिब्बू अग्रवाल, पवन तिवारी, तृषाँक अग्रवाल, संकल्प अग्रवाल,भोलू ठाकुर, अशोक पाल, निपुण उपाध्याय,उमेश सिंह फौजी,राकेश सक्सेना,दीप गुप्ता,सत्यप्रकाश गोयल,अशोक सक्सेना हरिमोहन शर्मा एवं दीप्ती शर्मा,अरविंद सारस्वत,राजकुमार पचौरी,भोलू सिंह,सुमित वर्मा समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सवायजपुर पुलिस ने तमंचे सहित युवक को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । सवायजपुर**



पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराधों पर नियंत्रण तहत जनपद में अवैध शस्त्र निर्माण व बिक्री तथा परिवहन पर अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत सवायजपुर पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर सिन्धराज पुत्र मनफूल निवासी ग्राम मनिहार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहांपुर को एक अदद 315 बोर तमंचा व एक अदद जिंदा व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक राकेश कुमार,रंजीत सिंह व आरक्षी अंकित वर्मा ,यशवंत यादव शामिल रहे।

# गंगा किनारे मिला था युवक का शव, मृतक का मोबाइल 18 दिन बाद भी ऑनलाइन

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरपालपुर। अरवल थाना क्षेत्र में लगभग डेढ़ माह पूर्व एक व्यक्ति ने अपने पुत्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।तीन दिन बाद युवक का शव कुसुमखोर गंगा पुल के नीचे पाया गया था।लेकिन उसका मोबाइल बरामद नही हो सका था।जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कार्यवाई की मांग की थी। परिजनों के मुताबिक पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद कार्यवाही को ठंडे बस्ते में डालकर मामले की इति श्री कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के खद्दीपुर चैनसिंह के अरविंद कुमार ने बीती 13 फरवरी 2026 को थाने में तहरीर दी कि उसका पुत्र उपकार राजपूत लापता है जिसके बाद 16 फरवरी 2026 को कुसुमखोर गंगापुल के नीचे उपकार राजपूत का शव मिला। मृतक के भाई के अनुसार शव के पास से सिर्फ ट्रैक्टर की चाबी बरामद हुई, मृतक का फोन बरामद नहीं हुआ।जिससे परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताते हुए कार्यवाई की मांग की थी। हालांकि डेढ़ माह बाद भी मृतक का मोबाइल फोन पुलिस बरामद नही कर सकी।जबकि परिजनों का कहना



है कि इस मामले यदि पुलिस बारीकी से जांच करे तो मामला खुलकर सामने आ जायेगा।परिजनों के मुताबिक इस मामले में परिजनों ने 9 मार्च 2026 को एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक हरदोई को दिया गया जिसमें कहा गया कि शव बरामद होने के करीब 18 दिन बाद 6 मार्च 2026 को मृतक उपकार राजपूत के मोबाइल नंबर 9696 741140 से चल रहा इंस्टाग्राम ऑनलाइन दिख रहा है। जबकि मृतक का फोन अभी तक बरामद नहीं हो सका है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले को लेकर लापरवाह है, फोन चालू होने के बाद भी अभी तक न ही पुलिस फोन ढूंढ पाई है और न ही आरोपी को और न ही किसी भी तरह का कोई सबूत । परिजनों का कहना है एफआईआर को ऑनलाइन दर्ज नहीं किया गया है और न ही पुलिस कोई कार्रवाई कर रही है। प्रार्थी को संदेह है कि पुलिस मामले में कोई भी अग्रिम कार्यवाही नहीं करेगी।

# अरवल थाना पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



मिशन शक्ति फेस 5.0% के तहत शनिवार को थाना अरवल की महिला कांस्टेबल मधुबाला ने चौसार बाजार में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद कर उन्हें सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति प्रेरित किया। महिला कांस्टेबल मधुबाला ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में घबराने के बजाय वुमेन पावर लाइन 1090, पुलिस सेवा 112 और महिला हेल्पलाइन 181 का निडर होकर उपयोग करें। इसके साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं इनका लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन सकें।मिशन शक्ति टीम मुख्य उद्देश्य बाजार आने वाली महिलाओं के भीतर सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग बनाना है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने आरोपी पर की बुलडोजर कार्यवाई की मांग

## हिन्दू धर्मग्रन्थो व राम की मां कौशल्या के प्रति दिया था अश्लील वक्तव्य

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




हरदोई।स्कूल संचालक व कथित सपा नेता यदुनंदन लाल वर्मा द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम व उनकी माँ कौशल्या के प्रति एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर अभद्र व अश्लील टिप्पड़ी के मामले में क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह टिंकू ने शासन प्रशासन से आरोपी के खिलाफ बुलडोजर कार्यवाई की मांग करते हुए उनके द्वारा संचालित विद्यालयों में मानकों की जांच कर मान्यता रदद् करने की मांग की है।

बताते चलें कि हरपालपुर थाना क्षेत्र के कनत्थखेड़ा गांव निवासी स्कूल संचालक व कथित सपा नेता यदुनंदन लाल वर्मा द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मंच पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम व उनकी माता कौशल्या तथा हिन्दू धर्मग्रन्थ पर अश्लील व आपत्तिजनक अभद्र व्याख्यान देने से सनातनियो में आक्रोश फैलने के बाद सांडी,हरपालपुर,सवायजपुर,बिलग्राम, सदर कोतवाली में आरोपी यदुनंदन लाल वर्मा के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की गई थी।हालांकि सोसल मीडिया प्लेटफार्म पर वीडीओ वायरल होने के बाद हरपालपुर थाने के अतिरिक्त निरीक्षक विजय नारायण शुक्ल ने वायरल वीडीओ का संज्ञान लेते हुए यदुनंदन लाल वर्मा के खिलाफ अभियोग दर्ज कर शुक्रवार की देर शाम गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।इस मामले में विश्व हिंदू परिषद,बजरंगदल, ब्राम्हण महासभा व क्षत्रिय महासभा सहित तमाम सामाजिक संगठनों के युवा कार्यकर्ताओ ने बिरोध किया।शनिवार को क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश सिंह टिंकू ने आरोपी यदुनंदन लाल वर्मा के खिलाफ शासन व प्रशासन से बुलडोजर कार्यवाई की मांग करते हुए इनके द्वारा संचालित स्कूलों में मानकों की जांच कर मान्यता रदद् करने की मांग की।क्षत्रिय महासभा के जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि हिन्दू धर्मग्रन्थों व मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम व उनकी माता कौशल्या पर अभद्र व अश्लील टिप्पड़ी करने से करोड़ो हिंदुओ की आस्था को ठेस पहुंची है।उन्होंने कहा कि समय रहते ऐसे असभ्य लोगो पर कड़ी कार्यवाई न की गई तो भविष्य में सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है।उन्होने कहा कि समाज मे अराजकता फैलाने बाले लोगो के खिलाफ कठोर कर्यवाई होनी चाहिए।

## थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**उरई/जालौन।** कोतवाली में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र दो फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। जिनमें एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद की उपस्थिति में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में पहुंचे मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी अशफाक राईन ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उनका व उनके भाई मोहम्मद रियाज का गैस कनेक्शन पहले जालौन इंडेन गैस एजेंसी के पास था। इसके बाद जब नगर में चैनू इंडेन गैस एजेंसी की शुरूआत हुई तो उन दोनों का कनेक्शन उसी एजेंसी पर स्थानांतरित कर दिया गया। कुछ साल पहले चैनू गैस एजेंसी को निलंबित कर उनके कनेक्शन ग्रामीण क्षेत्र की गैस एजेंसी में स्थानांतरित कर दिए गए। अब ग्रामीण क्षेत्र में एक सिलिंडर बुक कराने के बाद 45 दिनों का लॉक पीरियड है। ऐसे में उन्हें गैस नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते परेशान हैं। घर में खाना बनाना मुश्किल हो रहा है। इस बाबत पूर्व में भी शिकायत कर चुके है, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। पीड़ित उपभोक्ता ने शहरी क्षेत्र के अनुसार 25 दिनों में गैस सिलिंडर की बुकिंग कराने की मांग की है। वहीं, दहगुंवा निवासी प्रेमादेवी ने विपक्षी पर झगडा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। प्रेमादेवी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जबकि दूसरी शिकायत को संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है। इस मौके पर एसएसआई संजय यति, चौकी प्रभारी मनीष तिवारी, एसआई निसार अहमद, शिवम सिंह सेंगर आदि रहे।

# डीएम के निर्देशों का असर ,पेट्रोल पंपों पर दिखी बेहतर व्यवस्था

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से आज ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल के नेतृत्व में कोटरा क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में नायब तहसीलदार कोटरा विजय, राजस्व निरीक्षक (आरआई) एवं संबंधित लेखपाल भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंप खुले एवं व्यवस्थित रूप से संचालित पाए गए। कहीं भी अनावश्यक भीड़ या अव्यवस्था की स्थिति नहीं मिली, जिससे उपभोक्ताओं को सहज एवं सुगम रूप से डीजल व पेट्रोल प्राप्त हो रहा है। प्रशासन द्वारा की जा रही सतत निगरानी का सकारात्मक प्रभाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला। जांच में यह भी पाया गया कि पेट्रोल व डीजल खरीदने वाले वाहनों का विवरण रजिस्टरों में विधिवत दर्ज किया जा रहा है, जिससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी हुई है। अधिकारियों ने पंप संचालकों को निर्देशित किया कि वे डीजल व पेट्रोल की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखें और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही वितरण सुनिश्चित करें। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि जनपद में पेट्रोल व डीजल की कोई कमी नहीं है। आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता अनुसार ही डीजल व पेट्रोल क्रय करें। प्रशासन द्वारा नियमित निरीक्षण एवं प्रभावी निगरानी के माध्यम से व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि जनसामान्य को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान की हुई शुरूआत

**जालौन।** बालिकाओं और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। भाजपा महिला जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता व महामंत्री रंजना दुबे ने फीता काटकर इस अभियान की शुरुआत की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने कहा कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण कराएं, ताकि भविष्य में उन्हें इस जानलेवा बीमारी के खतरे से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों एवं स्टाफ ने एचपीवी संक्रमण, उसके दुष्प्रभाव और टीकाकरण के महत्व पर जानकारी दी। लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि समय पर लगाया गया टीका न केवल संक्रमण से बचाता है, बल्कि कैंसर के जोखिम को भी काफी हद तक कम करता है। अभियान के पहले दिन हदरूख निवासी प्राची को टीका लगाकर टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर डॉ. सहन बिहारी गुप्ता, डॉ. राजीव दुबे, डॉ. विनोद राजपूत, डॉ. योगेश आर्या, डॉ. प्रियम यादव, डॉ. पीएन शर्मा, अवधेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# खद्दीपुर चैनसिंह में आयुष्मान केंद्र पर स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



हरपालपुर,हरदोई।विकास खंड की ग्राम पंचायत खद्दीपुर चैन सिंह में शनिवार को आयुष्मान केंद्र पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि यतीश कुमार %कल्लू% और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद पांडे ने फीता काटकर किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 220 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निश्शुल्क दवाइयां वितरित कीं। मेले में मुख्य रूप से बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द और घुटनों के दर्द का इलाज किया गया। साथ ही पात्र परिवारों को आयुष्मान कार्ड दिए गए और बच्चों का अन्नप्राशन व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी पूरी की गई। ?ग्रामीणों ने ग्रामीणों आयुष्मान केंद्र के सीएचओ शिवम मिश्रा के कार्य की सराहना की हैं।कार्यक्रम में एचसीएल फाउंडेशन और स्कूल संस्था का भी विशेष सहयोग रहा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आनंद पांडे ने ग्रामीणों को बीमारियों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी, वहीं प्रधान प्रतिनिधि यतीश कुमार ने खद्दीपुर चैन सिंह गांव को एक स्वस्थ और आदर्श गाँव बनाने का संकल्प लिया हैं। इस अवसर पर बीपीएम मनोज तिवारी, मनोज बाजपेई, मुन्ना सिंह सहित आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक रानू सिंह के प्रस्ताव पर लगी मोहर,लघु सेतु निर्माण हेतु मिली 3.30 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई की हरपालपुर विकास खण्ड के गांव खद्दीपुर राजा साहब के मजरा गढिया अन्तूपुरवा में लोक निर्माण विभाग द्वारा सवायजपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू के प्रस्ताव पर शासन की मोहर लगने के उपरांत लघु सेतु निर्माण हेतु 3 करोड़ 30 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शासन द्वारा धनराशि जारी होने के बाद अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस पुल का निर्माण आधुनिक मानकों के अनुरूप कराया जाएगा ताकि भविष्य में भारी वाहनों के आवागमन और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में भी संरचना सुरक्षित रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुल न होने से विशेषकर बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों और गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था, जो अब इस सौगात के साथ समाप्त हो जाएगी। इस पुल के बन जाने से न केवल क्षेत्रीय आवागमन सुगम होगा, बल्कि बाढ़ के समय आधा दर्जन गांवों का संपर्क मार्ग बंद होने की गंभीर समस्या से भी निजात मिलेगी। पुल की स्वीकृति मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता वरिष्ठ पत्रकार महेश मिश्रा, पूर्व प्रधान सतीश अवस्थी व अन्य क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार एवं क्षेत्रीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह %रानू% के प्रति आभार जताया है।

# मिशन शक्ति अभियानग्राम चौपाल में मिशन शक्ति टीम ने लोगो को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत शनिवार को हरपालपुर थाना क्षेत्र के ककरा गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में पुलिस ने साइबर अपराधों के बढ़ते जाल से बचने के लिए ग्रामीणों को विशेष रूप से सचेत किया। महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान और महिला आरक्षी आशा सिंह ने महिलाओं व बच्चों को सुरक्षा के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता का पाठ पढ़ाया। चौपाल में टीम प्रभारी अंजना सचान ने बताया कि आजकल ठग घर बैठे आपके बैंक खाते और सोशल मीडिया तक पहुँच बना रहे हैं। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि फोन पर आने वाले लुभावने विज्ञापनों, अनजान लिंक और लॉटरी के झांसे में न आएं। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी बताना अपनी तिजोरी की चाबी सौंपने जैसा है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की %फ्रेंड रिक्वेस्ट% स्वीकार करने से पहले सावधानी बरतें, क्योंकि फेक अकाउंट के जरिए ब्लैकमेलिंग और डेटा चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। सुरक्षा टीम ने बताया कि यदि किसी के साथ ऑनलाइन ठगी हो जाए, तो बिना डरे तुरंत साइबर हेल्प लाइन 1930 पर कॉल करें। साथ ही महिलाओं व छात्राओं को अराजक तत्वों से निपटने के लिए महिला पावर लाइन 1090 और 112 के उपयोग के बारे में विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान जागरूक पत्रक भी वितरित किए गए।

# मौत की खाई में समाई रात: नवल परासी में भीषण बस-ट्रक हादसा

## नेपाल के बर्दघाट के घ्यूखोला में तड़के तीन वाहनों की टक्कर के बाद बस और ट्रक 200 मीटर गहरी खाई में गिरे

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

नेपाल के नवलपरासी जिले के बर्दघाट नगरपालिका-4 स्थित घ्यूखोला में शनिवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। रात करीब एक बजे बुटवल की ओर जा रहे तीन वाहन आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस और ट्रक अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में जा गिरे। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। अंधेरी रात में गूंजती चीख-पुकार और खाई में गिरे वाहनों के बीच स्थानीय लोगों और बचावकर्मियों ने मोबाइल और टॉर्च की रोशनी में घंटों तक राहत एवं बचाव कार्य चलाया।



नेपाल पुलिस प्रशासन के अनुसार, ट्रक (7 ख 9398), बस (लु 2 ख 2351) और पिकअप (ना 5 ख 2275) एक ही दिशा में जा रहे थे। इसी दौरान बस और ट्रक ने आगे चल रही पिकअप को टक्कर मार दी, जिसके बाद दोनों भारी वाहन खाई में जा गिरे। मृतकों में रोल्पा बागमारा निवासी 25 वर्षीय गोबिन बुढा की पहचान हो चुकी है, जबकि दो अन्य मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। शवों को पृथ्वीचन्द्र अस्पताल, परासी में सुरक्षित रखा गया है।

घायलों में बस चालक हिमाल घर्ती, किरण पुन, सुशीला नेपाली, मोतिलाल डाँगी समेत कई यात्री शामिल हैं। सभी गंभीर और मध्यम रूप से घायलों का इलाज बुटवल के अस्पताल में चल रहा है। वहीं कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे की तस्वीरें इसकी भयावहता को बयां कर रही हैं कि खाई में पलटी बस, टूटे शीशे और बिखरा सामान उस खौफनाक रात की गवाही दे रहे हैं। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

## डीएम और एसपी ने थाना दिवस में सुनी जनता की फरियाद, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद के देल्हूपुर थाना परिसर में शनिवार को आयोजित %थाना दिवस% के अवसर पर जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान कई फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। फरियादियों द्वारा मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक मामलों और अन्य व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र दिए गये। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का केवल कागजी निस्तारण न किया जाए, बल्कि मौके पर जाकर पीड़ित पक्ष की संतुष्टि और साक्ष्यों के आधार पर सूक्ष्म परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जमीनी विवादों के स्थायी समाधान के लिए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जहां भी पैमाइश या कब्जे की शिकायत है, वहां राजस्व विभाग के लेखपाल व कानूनगो और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजी जाए। टीम की रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में उसी विवाद को लेकर पुनः कोई समस्या उत्पन्न न हो। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का रिकॉर्ड सही तरीके से दर्ज किया जाए।

## जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल, डीजल एवं एल0पी0जी0 आदि की सुचारू आपूर्ति विषयक निर्देश के क्रम में छापेमारी

जन एक्सप्रेस । आजमगढ़

मुख्य सचिव , उ0प्र0 शासन के आदेश दिनांक 12.03.2026 के क्रम में दिनांक 13.03.2026 को जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों यथा पेट्रोल, डीजल एवं एल0पी0जी0 आदि की सुचारू आपूर्ति विषयक निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी आजमगढ़ के निर्देश के क्रम में जनपद में चल रही छापेमारी/निरीक्षणों में निम्नानुसार तथ्य प्रकाश में आयेः- 1. जांच-पड़ताल व मौके पर दर्ज बयानों से प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि संजय कुमार ठठेर पुत्र स्व0 मोतीलाल ठठेर, निवासीः नगरपंचायत-मेंहनगर वार्ड नं0-12 लाजपत नगर, तहसील-मेंहनगर, जनपद-आजमगढ़ द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर के छोटे-छोटे गैस सिलेण्डर (पेट्रोमैक्स) में पलटी का कार्य रिफिलिंग नोजल/बांसुरी द्वारा किया जाना व घरेलू गैस का अवैध व्यापार के उद्देश्य से भण्डारण किया जाना पाया गया जो कि द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण का विनियम) आदेश 2000 के विभिन्न प्राविधानों का स्पष्ट उल्लघंन है जिसके लिए संजय कुमार ठठेर पुत्र स्व0 मोतीलाल ठठेर, निवासीः नगरपंचायत-मेंहनगर वार्ड नं0-12 लाजपत नगर, तहसील-मेंहनगर, जनपद-आजमगढ़ के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कराए जाने की संस्तुति के क्रम में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन आदेश दिनांक 28.03.2026 के अनुपालन में संजय कुमार ठठेर पुत्र स्व0 मोतीलाल ठठेर, निवासीः नगरपंचायत-मेंहनगर वार्ड नं0-12 लाजपत नगर, तहसील-मेंहनगर, जनपद-आजमगढ़ के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत कराए जाने हेतु थाना मेहनगर में तहरीर पूर्ति निरीक्षक मेहनगर में दी गयी। मौके पर प्राप्त 04 घरेलू गैस सिलेण्डर इण्डेन गैस कम्पनी के (14.2कि0ग्रा0) साथ में 03 छोटे घरेलू गैस सिलेण्डर (पेट्रोमैक्स 05 किग्रा0 में) व रिफिलिंग मशीन अग्रिम आदेश तक जब्त कर लिया गया। 2. जांच पड़ताल में लेदौरा इण्डेन ग्रामीण वितरक लेदौरा आजमगढ़ के प्रोपराइटर/वितरक विनोद कुमार यादव एवं सहभागी (पार्टनर) श्रीमती कर्मावती देवी पत्नी विनोद कुमार यादव द्वारा 614 भरे हुए सभी प्रकार के (घरेलू तथा कामर्शियल) सिलेण्डरो की कालाबाजारी कर दी गयी है। जो द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एंव वितरण विनियम) आदेश 2000 के विभिन्न प्राविधानो का स्पष्ट उलंघन है जो आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है। मौके पर लेदौरा इण्डेन ग्रामीण वितरक लेदौरा आजमगढ़ के गोदाम में उपलब्ध 14.2 कि0ग्रा0 का घरेलू एक भरा हुआ तथा 132 खाली सिलेण्डर, 19 कि0ग्रा0 के कामर्शियल सिलेण्डर सभी प्रकार के खाली 37, 10 कि0ग्रा0 के कम्पोजिट घरेलू खाली 23 तथा 05 कि0ग्रा0 के घरेलू सिलेण्डर 30 को चकमाली इण्डेन सर्विस तहबरपुर के प्रबन्धक फखरे आलम को इस निर्देश के साथ सुपुर्दगी में दिया गया कि उक्त समस्त सामाग्री/सिलेण्डर को यथावत अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखेगें खुर्द बुर्द नहीं करेगें।

## पारम्परिक उद्योगों के पुनर्बलन और सरल कराधान प्रक्रिया, आत्मनिर्भर भारत की ओर एक मज़बूत कदम होगी: प्रो0 संजीत कुमार गुप्ता

जन एक्सप्रेस । आज़मगढ़

शनिवार को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद,शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली के सहयोग से, डी ए वी महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्र के मुख्य अतिथि जननायक चन्द्रशेखर विश्विद्यालय के कुलपति प्रो0 संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का उत्तरोत्तर विकास वहां के स्थानीय और पारंपरिक उद्योगों के पुनर्बलन और सहयोगात्मक व सरल कराधान प्रक्रिया के बगैर नहीं हो सकता,जीएसटी के कर विधान को भी बुनकरों व ऐसे पारम्परिक उद्योगों के लिए सरलतम और न्यूनतम रूप प्रदान करना आवश्यक होगा।



*समापन सत्र में सारस्वत अतिथि, आज़मगढ़ विश्विद्यालय के कुलपति प्रो0 संजीव कुमार ने कहा कि आर्थिक कानून और कराधान की नीतियां राष्ट्र के आर्थिक विकास का मुख्य अंग होती हैं, ऐसे संगोष्ठियों में शिक्षा के मंदिरों से निकले विचार पुंज उन कानूनों और कराधान के नीति निर्माण के पथ प्रदर्शक बन विकसित राष्ट्र के विकास में सम्बल प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि मण्डल में डॉ0 अजय कुमार सिंह, डॉ0 सतपाल सिंह, डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह ने भी संगोष्ठी को सम्बोधित किया। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो0 प्रेमचंद्र यादव ने कहा कि अर्थव्यवस्था किसी देश के परिचालन का मुख्य आधार है,इसलिए इसे गतिमान बनाने के लिए नीतियां व्यापक विचार विमर्श के आधार पर बननी चाहिए। डॉ0 अमित कुमार सिंह ने स्वागत कथन प्रस्तुत करते हुए आये हुए अतिथियों का वैचारिक अभिनन्दन किया।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संगोष्ठी के निदेशक प्रो0 सौम्य सेनगुप्ता ने सफ़ल राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन के लिए अतिथि मण्डल और सभी सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया।

तकनीकी सत्र में, प्रॉक्टर डॉ0 धर्मेन्द्र प्रताप यादव ने विषय विशेषज्ञों और शोधार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर आयोजन मंडल की तरफ से समस्त प्राध्यापकगण शोधार्थी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## संविलियन विद्यालय में चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की नगर कोतवाली थाने की पुलिस ने संविलियन विद्यालय में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है। बता दें कि शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा संविलियन विद्यालय का ताला तोड़कर मिड-डे मील से संबंधित सामान, गेहूं, चावल, गैस सिलेंडर, चूल्हा (भट्ठी), भगोने, कुकर, खाने के थाली-गिलास, अभिलेख, पुस्तकें तथा खेलकूद सामग्री चोरी कर ली गई। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशान्त राज के कुशल पर्वेक्षण में नगर कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त सईद अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार को थाना इलाके के रेलवे अंडरपास रामलीला मैदान के समीप शनिवार को गिरफ्तार किया।

## नेपाल में बर्ड फ्लू की आहट: महराजगंज प्रशासन सतर्क

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

नेपाल के कुछ हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामलों के सामने आने के बाद महराजगंज जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में बर्ड फ्लू से संबंधित जिलास्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जिले में बर्ड फ्लू की वर्तमान स्थिति तथा उससे निपटने के लिए की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में अब तक बर्ड फ्लू का कोई भी मामला सामने नहीं आया है और आसपास के जिलों में भी स्थिति सामान्य बनी हुई है। हालांकि नेपाल के छापा और मोरंग क्षेत्रों में बर्ड फ्लू के मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि सीमावर्ती जिले नवलपरासी और रूपनदेही में अभी तक कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। उन्होंने बताया कि कुक्कुट पालकों के साथ लगातार संवाद स्थापित किया जा रहा है और उन्हें सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए तहसील स्तर पर चार-चार त्वरित कार्यवाही दल (आरआरटी) गठित किए गए हैं, जिनमें उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी और अन्य कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जनपद स्तर पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसका नंबर 8765957965 है। इस पर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संभावित स्थिति में त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बढ़ाएं और एक व्हाट्सएप ग्रुप का गठन करें। उन्होंने सभी तहसील स्तरीय पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में पीपीई किट उपलब्ध कराने तथा विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में रैंडम सैंपलिंग कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें और कुक्कुट पालकों को जागरूक करें कि जांच टीमों को पूरा सहयोग दें। साथ ही बर्ड फ्लू के सामान्य लक्षणों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया गया ताकि किसी भी संभावित मामले की सूचना समय पर मिल सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एजाज अहमद, डिप्टी सीवीओ डॉ विनोद विश्वकर्मा, एआरटीओ मनोज सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, एई पीडब्ल्यूडी करन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जी एस टी 2.0 के लिए शिक्षित करते हुए ,बुनकर समुदाय और कामगार वर्ग के लिए सरकार के साथ सर्वसमाज को आगे आना होगा: अजय कुमार शाही( अपर जिला जज)

जन एक्सप्रेस । आज़मगढ़

नगर के प्रतिष्ठित डी ए वी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम दिन जनपद के अपर ज़िला जज श्री अजय कुमार शाही ने दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का उद्घाटन किया,अपने उद्बोधन में जी एस टी सुधारों को और लचीला बनाने पर बल देते हुए कहा कि, बुनकर समुदाय और कामगार वर्ग के उत्थान के लिए समाज के सभी वर्गों को गंभीरता से आगे आना चाहिए क्योंकि सहयोग ही समाज का आधार है।



विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी हेमंत सिंह ने कहा कि ऐसे गम्भीर विषय पर सेमिनार का आयोजन समाज के इस हिस्से के उद्धार और उत्थान के लिए अति आवश्यक है।

बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए संगोष्ठी के सह समन्वयक डॉ0 सर्वेश सिंह ने अर्थव्यवस्था के विकास और विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में ऐसे पारंपरिक उद्योगों और उनके कामगारों के जटिलताओं को सरल करने पर बल दिया।

स्वागत वक्तव्य देते हुए संगोष्ठी के समन्वयक प्रो0 अरुण सिंह ने ऐसे सेमिनार आयोजन को समाज के प्रगति के लिए आवश्यक बताया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो0 प्रेमचंद्र यादव ने भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से जनपद में प्रथम बार आयोजित सेमिनार के समन्वयक की प्रशंसा करते हुए संगोष्ठी के विषय को समकालीन आर्थिक परिदृश्य की आवश्यकता बताया।

उद्घाटन सत्र के उपरांत चले दो तकनीकी सत्रों में काशी हिंदू विश्विद्यालय से आये प्रो0 एच पी सिंह, प्रो0 एल बी जायसवाल, प्रो0 ओ पी सिंह एवं शिब्ली कॉलेज के प्रो0 खालिद शमीम ने अपनी विद्वान वाणी से विषय को सुस्पष्ट करते हुए शोध पत्रों के प्रस्तुतिकरण को सुना और अपने विशेषज्ञ विचार प्रस्तुत किये। संगोष्ठी के निदेशक प्रो0 सौम्य सेनगुप्ता ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए द्वितीय दिवस के लिए भी आमंत्रित किया।

इस अवसर पर आयोजन मंडल की तरफ से समस्त प्राध्यापकगण शोधार्थी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की लालगंज थाने की पुलिस ने शनिवार को हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

?प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे लालगंज थाना इलाके के अगई गांव में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हुआ था। हरिकेश सरोज ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही राकेश सरोज और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके पुत्र के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नियत से चाकू से प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी थी।

?एसपी दीपक भूकर के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में

## नेपाल में 18 लाख के हुक्का फ्लेवर बरामद

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

भारतीय सीमा से सटे पड़ोशी राष्ट्र नेपाल के नवलपरासी जिले में सशस्त्र प्रहरी बल ने सीमावर्ती इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में हुक्का फ्लेवर बरामद किया है। झूलनीपुर सीमा नाके के पास बलिनगर के तरैनी इलाके में गश्त के दौरान यह सफलता मिली। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये आंकी जा रही है।

सशस्त्र प्रहरी बल नेपाल नंबर 26 गण के निमित्त प्रमुख डीएसपी प्रमोद खड़का के अनुसार, गश्ती टीम को क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दीं, जिसके बाद मौके की घेराबंदी की गई। तलाशी के दौरान तस्करी के लिए छिपाकर रखे गए 24 कार्टन हुक्का फ्लेवर बरामद किए गए। जांच में कुल 50 ग्राम के 5,950 पैकेट फ्लेवर पाए गए। नेपाली बाजार में इनकी कीमत प्रति पैकेट 300 सौ रुपये से अधिक बताई जा रही है, जबकि प्रारंभिक





सरकारी मूल्यांकन भारतीय बाजार दर के आधार पर करीब 200 सौ रूपये नेपाली रुपये प्रति पैकेट किया गया है। इसी आधार पर जब्त माल की कुल कीमत 11 लाख 90 हजार नेपाली रुपये निर्धारित कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए महेशपुर भंसार कार्यालय भेज दिया गया है। हालांकि स्थानीय बाजार दर के अनुसार इसकी कीमत करीब 18 लाख रुपये तक बताई जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान गश्ती दल को देख तस्करी में शामिल लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। हालांकि टीम ने मौके से तीन भारतीय नंबर की बाइक भी बरामद की हैं, जिनका इस्तेमाल तस्करी में किए जाने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में नेपाली पुलिस प्रशासन अब फरार तस्करों की पहचान करने और उनके नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हुई।

## एसएसबी की तत्परता से बची चार जिंदगियां, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

जन एक्सप्रेस । ठूठीबारी/महराजगंज

इंडो नेपाल बार्डर की सुरक्षा में तैनात 22वी वाहिनी एसएसबी ठूठीबारी द्वारा सीमा क्षेत्र में ड्यूटी के साथ मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। एसएसबी जवानों ने सड़क हादसे में घायल चार लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। बीते शुक्रवार को करीब साढ़े सात बजे नदी-02 ओपी पोस्ट के पास एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सवार चार लोग घायल हो गए।





सूचना मिलते ही समवाय प्रभारी सहायक कमांडेंट प्रिया यादव उप निरीक्षक अजित तालुकदार के साथ सरकारी वाहन से तत्काल मौके पर पहुंचीं। बताया गया कि सामने अचानक आई मोटरसाइकिल को बचाने के प्रयास में एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। घायलों में एक पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल थे, जो सड़क किनारे सहायता की प्रतीक्षा कर रहे थे। घटना स्थल पर पहुंची एसएसबी टीम ने बिना देर किए सभी को सुरक्षित वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया गया। घायलों की पहचान बसंतपुर निवासी बिंद्रेश यादव, नेपाल के धमौली निवासी सुमन यादव, छह वर्षीय अंश यादव और आठ वर्षीय मोहिनी के रूप में हुई है। बाद में परिजनों के पहुंचने पर सभी को उनके सुपुर्द कर दिया गया। वही एसएसबी की इस त्वरित कार्रवाई और मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## अवैध गांजे के साथ एक महिला गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले की अंतू थाने की पुलिस ने शनिवार को थाना इलाके के प्रतापगढ़ बाईपास के समीप पूरे माधव सिंह के पास से एक महिला को एक किलो एक सौ छिहत्तर ग्राम गांजा व नकदी समेत गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्ता आरती पत्नी चंद्रभान थाना इलाके के करेंदी गांव की रहने वाली है। एसपी दीपक भूकर द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ सिटी प्रशांत राज के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में एसआई सचिन यादव व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता आरती को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो एक सौ छिहत्तर ग्राम गांजा व तीन सौ उन्यासी रुपये नकद बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपिता के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए शनिवार को न्यायालय भेज दिया।

## डीएम-एसपी ने परखी देल्हूपुर थाने की व्यवस्था, अभिलेखों की जांच कर दिये निर्देश

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने थाना देल्हूपुर का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने थाने के प्रत्येक पटल की गहनता से जांच की और खामियों को दूर करने के लिए कड़े निर्देश दिए।? ?निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई का जायजा लिया। अधिकारियों ने महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, मुंशी कार्यालय, मालखाना और शस्त्रागार का अवलोकन किया। इसके अलावा





बंदी गृह (हवालात), पुलिस बैरक और भोजनालय की स्थिति को भी परखा गया। अभिलेखागार ( रिकॉर्ड रूम ) के निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों के रख-रखाव और लंबित विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। ?पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सीसीटीएनएस पर डेटा फीडिंग की प्रगति जांची और निर्देशित किया कि अपराधों का रिकॉर्ड ऑनलाइन अपडेट करने में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विवेचकों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का निस्तारण निष्पक्ष और त्वरित गति से किया जाए। थाना परिसर में लावारिस और जब्त किए गए वाहनों को व्यवस्थित ढंग से रखने के लिए भी कहा गया। ?निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि थाने पर आने वाले हर फरियादी के साथ संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिसिंग में पारदर्शिता और अनुशासन सर्वोपरि है। भ्रष्टाचार या लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

# जौनपुर में पुलिस व्यवस्था होगी और मजबूत: 1500 नए आरक्षियों की तैनाती से बदलेगा कानून-व्यवस्था का चेहरा



### अपराध पर सख्ती

हालिया आपराधिक घटनाओं पर उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया है। शेष मामलों के लिए थाना अध्यक्षों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर में पुलिस व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी (डीआईजी स्तर) ने पुलिस कार्यालय और पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कई अहम जानकारियां साझा कीं।

अधिकारी ने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया और उपलब्ध संसाधनों व उनके रखरखाव की सराहना की। उन्होंने बताया कि थानों को आधुनिक तकनीक और नए उपकरणों से लैस किया जा रहा है, जिससे कार्यक्षमता में सुधार होगा।

## पुलिस बल में बड़ा इजाफा

अधिकारी ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल के आसपास नए प्रशिक्षु आरक्षियों की पासिंग आउट परेड प्रस्तावित है।

इसके बाद जनपद को करीब 1500 नए आरक्षी मिलेंगे, जिससे पुलिस बल की संख्या वर्तमान से लगभग डेढ़ गुना हो जाएगी।

## जनता की शिकायतों पर सख्त रुख

सीयूजी नंबर न उठने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी ने स्वीकार किया कि व्यस्तता के कारण ऐसा हो सकता है, लेकिन सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे समय पर फोन उठाकर जनता की मदद सुनिश्चित करें।

## आगे भी जारी रहेगा निरीक्षण

अधिकारी ने बताया कि पुलिस बल में वृद्धि के बाद गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही वे स्वयं भी विभिन्न थानों का निरीक्षण करेंगे ताकि जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुंवर अनुपम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आतिश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर गोल्डी गुप्ता एवं सहायक पुलिस अधीक्षक श्रृष्टि जैन मौजूद रहीं

# जौनपुर में रामनवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भव्य शोभायात्रा से गूंजा शहर 'जय श्रीराम' के जयघोष से

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर जनपद में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नगर में निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे शहर को राममय बना दिया। भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ शोभायात्रा की शुरुआत अहियापुर स्थित राम-जानकी मंदिर से हुई। इससे पहले कोतवाली चौराहे पर बनाए गए कंट्रोल रूम का उद्घाटन सुधीर साहू, श्रवण पप्पू और विजय गुप्ता ने भगवान श्रीराम की आरती एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईपीएस गोल्डी गुप्ता (सीओ सिटी) एवं नगर मजिस्ट्रेट द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

## आकर्षण का केंद्र रही झांकियां और भव्य आयोजन

युवा बजरंग दल के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा में हाथी-घोड़े, बैंड-बाजा, आकर्षक झांकियां और भगवान श्रीराम की सुसज्जित पालकी मुख्य आकर्षण रहे। विश्व हिंदू परिषद द्वारा जिला संयोजक गणेश मोदनवाल के नेतृत्व में शोभायात्रा का संचालन किया गया, जिसमें नगर और प्रखंडों से आए हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। विराज ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता भगवा ध्वज लेकर 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे।

## पूरा शहर हुआ राममय

शोभायात्रा मार्ग–सब्जी मंडी, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, शाही पुल, ओलंदगंज और कजगांव पड़ाव तक–भगवा ध्वजों और तोरण द्वारों से सजा नजर आया। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर आरती उतारी गई और डीजे की धुन पर भक्त झूमते नजर आए। भंडारा और सेवा का अद्भुत उदाहरण नगर के विभिन्न स्थानों पर भंडारे और जलपान की व्यवस्था की गई– सब्जी मंडी स्थित काली जी मंदिर के पास सुबह से देर रात तक भंडारा स्टेशन रोड सहित कई स्थानों पर प्रसाद वितरण चहारसू चौराहा पर विंध्यवासिनी मंदिर समिति द्वारा ठंडा पेयजल व नाश्ता कोतवाली चौराहे पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह द्वारा शरबत व जलपान सेवाश्रद्धालुओं की भारी भीड़, लाइव प्रसारण भी पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी रही।

कोतवाली चौराहे पर बने कंट्रोल रूम से शोभायात्रा का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिससे अधिक लोग आयोजन से जुड़े। मातृशक्ति की रही विशेष भागीदारी शोभायात्रा में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। भाजपा नेत्री सचिन सारिका सोनी एवं उनकी टीम विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

## इनका रहा सराहनीय योगदान

आयोजन को सफल बनाने में सुभाष गर्ग, श्रवण चौरसिया, विनोद कुमार केसरवानी, मुन्नालाल सेठ, राजकुमार गौतम, सुधीर साहू, विजय गुप्ता, अविनाश गुप्ता सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रख्यात कथावाचक रजनीकांत त्रिवेदी की उपस्थिति भी विशेष रूप से सराहनीय रही। पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने भी छपे छपे पर पुलिस जवानों की व्यवस्था की गई थी कि कहीं से कोई अप्रिय घटना ना घटे यह भी एक सराहनी कार्य रहा है

## समापन पर आभार

अंत में बजरंग दल अध्यक्ष रंजीत अग्रहरी और महासचिव संजीव चौरसिया ने सभी सहयोगियों, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कुल मिलाकर, रामनवमी के अवसर पर जौनपुर में निकली यह शोभायात्रा आस्था, एकता और सांस्कृतिक उल्लास का जीवंत उदाहरण बन गई।

# साजिश का शिकार या सच्चाई से बचाव? आनंद कुमार एडवोकेट ने खोले कई राज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर




जौनपुर के चर्चित जमीन विवाद में अब कहानी ने नया और विवादित मोड़ ले लिया है।

आरोपों में घिरे आनंद कुमार एडवोकेट ने सामने आकर पूरे मामले को साजिश करार दिया है और कई गंभीर खुलासे किए हैं। आनंद कुमार का साफ कहना है कि उन पर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं।

उनके अनुसार, आरोप लगाने वाली छात्रा उनके ही रिश्ते की भतीजी है और इस पारिवारिक विवाद को जानबूझकर गलत दिशा दी जा रही है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले के पीछे भूमाफिया राज और उसका भाई कौशल का हाथ बताया जा रहा है, जो रिश्तेदारी में ही आते हैं और जमीन पर कब्जे की नीयत से उन्हें फंसाने की कोशिश कर रहे हैं।

एडवोकेट आनंद कुमार ने यह भी बताया कि मामला कोई नया नहीं है तकरीबन साल 2014 में छात्रा के पिता की मृत्यु हुई और 2019 में मुकदमा दर्ज कराया गया। अब तक इस मामले में 9 बार फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लग चुकी है, जिससे साफ होता है कि आरोपों में दम नहीं है।

उनका कहना है कि बार-बार झूठे आरोप लगाकर उन्हें कानूनी जाल में फंसाने और जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है।

# बरसठी तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी पर मड़ियाहूं में हमला

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जिले के मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब बरसठी में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी प्रणव भारती पर दबंगों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के पीछे पुरानी कहासुनी का विवाद है। जानकारी के अनुसार, दिन में हुई कहासुनी के बाद शाम करीब 8:30 बजे ग्राम प्रधान शिव जगत यादव और उसके साथियों ने रास्ते में घात लगाकर ग्राम पंचायत अधिकारी को रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट की। हमले में अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह उनकी जान बच सकी। हमलावरों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घायल अधिकारी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावर दबंग किस्म के लोग हैं और पहले भी विवादों में शामिल रहे हैं, लेकिन पुलिस की ढिलाई के कारण उनके हौसले बुलंद हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अभियोजन की समीक्षा में डीएम ने दिए प्रभावी पैरवी के निर्देश



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जिला मजिस्ट्रेट/ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता में है, कि गंभीर अपराधियों वाले प्रकरणों में सजा दिलाने हेतु पैरवी की जाये। बच्चों एवं महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में दोषियों को सजा दिलाये जाने हेतु विशेष पैरवी की जाये। जिन मामलों में समाज पर सीधा असर पड़े, ऐसे प्रकरणो को प्राथमिकता के साथ पैरवी की जाये, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित हो।

उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अभियोजन कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं परिणाममुखी बनाया जाना आवश्यक है। कहा कि 05 वर्ष से अधिक समय 890 लम्बित मुकदमे हैं। लम्बित मुकदमों की पैरवी प्राथमिकता के साथ की जाएं। उन्होंने कहा कि 807 वादों में 550 गवाह आये, 274 की गवाही दर्ज हुई तथा 235 अपरीक्षित हुएं। कहा कि चार्ट बनाया जायें, जिससे पता चले कि कितने गवाह आये और कितनों की गवाही दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि एससी/एसटी के समझौते वाले ऐसे प्रकरण का विवरण तैयार कर धनराशि रिकवरी की जाएं। उन्होंने कहा कि सीएम डैश बोर्ड पोर्टल पर अभियोजन द्वारा समय से फीडिंग कराई जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहें।

# थाना समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जन समस्याएं

कन्नौज

थाना छिबरामऊ में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा आमजन की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर, पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने निर्देशित करते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायती प्रार्थना-पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। थाना समाधान दिवस के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे तथा प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रारंभ की गई।

# नियम की अनदेखी, शराब की बिक्री, बना चर्चा का विषय

### शटर के नीचे से शराब बिक्री का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल जौनपुर जंक्शन (भंडारी) के पास का मामला



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जनपद में कुछ मिले या न मिले लेकिन शराब आपको 24 घंटे कभी भी मिल सकती है। आपको बता दे कि जौनपुर शहर के भंडारी स्टेशन के पास एक शराब की दुकान पर शटर के नीचे से शराब बिक्री का फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फोटो में साफ दिखाई दे रहा है, कि कैसे एक ग्राहक आता है, और शटर के नीचे शराब खरीद कर लेकर चला जाता है। जबकि नियमों के अनुसार शराब की दुकान का समय सुबह 10 से रात्रि 10 तक होता है। लेकिन कुछ दुकानदारों ने इस नियम को ठेंगा दिखाते हुए शराब की अवैध तरीके से बिक्री करते नज़र आ रहे है। अब सवाल यह उठता है कि क्या आबकारी विभाग नियम की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई करता है। या इसी तरह दुकानदार नियमों को ताक पर रखते हुए शराब बिक्री करते रहेंगे। ये अपने आप में एक बड़ा सवाल है। इस सम्बन्ध में डीईओ विष्णु प्रताप और इंस्पेक्टर अबुल कैस से फोन पर संपर्क किया गया, लेकिन किसी कारणवश फोन रिसीव नहीं हो पाया।

# कन्नौज: डीएम ने किया पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने आज छिबरामऊ एवं अकबरपुर के मध्य स्थित भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईंधन की उपलब्धता, माप-तौल की शुद्धता, उपभोक्ताओं की सुविधा तथा अभिलेखों के संधारण की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में जनपद में डीजल, पेट्रोल एवं एल.पी.जी. स्टॉक की स्थिति, आमद एवं बिक्री की समीक्षा हेतु व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। उपजिलाधिकारी छिबरामऊ, तहसीलदार छिबरामऊ एवं पूर्ति निरीक्षक छिबरामऊ की टीम तथा जिला पूर्ति अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक सदर एवं पूर्ति निरीक्षक तिर्वा की टीम द्वारा अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर जाकर जांच की गई। छिबरामऊ क्षेत्र में 02 पेट्रोल पंप एवं 01 गैस एजेंसी तथा तिर्वा क्षेत्र में 03 पेट्रोल पंप एवं 02 गैस एजेंसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पेट्रोल पंपों पर ईंधन की बिक्री सामान्य पाई गई तथा आमद की स्थिति संतोषजनक रही। गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ पूर्व की अपेक्षा नियंत्रित पाई गई।

एजेंसियों को ई-केवाईसी कार्य हेतु पृथक काउंटर/विंडो स्थापित कर त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे उपभोक्ताओं को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

जनपद में संचालित 82 पेट्रोल पंपों पर डीजल का प्रारंभिक संयुक्त स्टॉक 969 केएल तथा पेट्रोल का 882 केएल उपलब्ध है। विगत दिवस डीजल की कुल बिक्री 483 केएल एवं पेट्रोल की 190 केएल दर्ज की गई। इसी प्रकार जनपद की 28 गैस एजेंसियों पर घरेलू एल.पी.जी. का प्रारंभिक स्टॉक 14,299 सिलेंडर है। विगत दिवस कुल बिक्री 3,836 सिलेंडर तथा आमद 6,103 सिलेंडर रही। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जनपद में ईंधन एवं घरेलू एल.पी.जी. का स्टॉक पर्याप्त एवं संतोषजनक स्थिति में उपलब्ध है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से ईंधन की खरीद एवं भंडारण न करें तथा एल.पी.जी. उपभोक्ता निर्धारित समय पर बुकिंग कर ही रिफिल प्राप्त करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से आपूर्ति मिलती रहे।

प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी अथवा अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित कन्नौज के लिए अनुशासन का संकल्प

## सरकारी कार्यालयों में 'लेट-लतीफी' पर लगेगी लगाम; राज्यमंत्री असीम अरुण ने वर्चुअल बैठक में दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

### असीम अरुण ने इस बैठक में स्पष्ट किया कि 'विकसित भारत' के निर्माण में अनुशासनहीनता के लिए कोई स्थान नहीं है।

कन्नौज जनपद में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक जवाबदेह और समयबद्ध बनाने के लिए शनिवार को एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने इस बैठक में स्पष्ट किया कि 'विकसित भारत' के निर्माण में अनुशासनहीनता के लिए कोई स्थान नहीं है। बैठक में जनपद के सभी ब्लॉक प्रमुख, नगर पालिका व नगर पंचायत अध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी सम्मिलित हुए।

राज्यमंत्री द्वारा जारी 'सप्त-सूत्रीय' अनुशासन निर्देश में समय की शुचिता: सभी सरकारी कार्यालय अनिवार्य रूप से सुबह 10:00 बजे खुलेंगे। अधिकारियों और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। पब्लिक ऑवर' का सम्मान: सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 बजे के बीच कोई भी आंतरिक या वर्चुअल बैठक आयोजित नहीं होगी। यह समय केवल आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके निराकरण के लिए आरक्षित रहेगा। अटेंडेंस मॉनिटरिंग: सभी ब्लॉक प्रमुख और निकायों के अध्यक्ष सुबह 10:00 बजे से पूर्व उपस्थित रहकर अपनी देखरेख में कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराएंगे।

कार्य-जीवन संतुलन: अनुशासन का अर्थ केवल समय पर आना नहीं, बल्कि समय पर कार्य पूर्ण कर कार्यालय बंद करना भी है, ताकि कर्मचारी मानसिक रूप से स्वस्थ और ऊर्जावान रहें। सर्व-व्यापी नियम: यह व्यवस्था केवल प्रशासनिक दफ्तरों तक सीमित नहीं रहेगी; शिक्षक, डॉक्टर और पशुचिकित्सक सहित सभी आवश्यक सेवाओं पर समान रूप से लागू होगी। जनता की भागीदारी (शिकायत सेल): यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी निर्धारित समय पर अनुपस्थित पाया जाता है, तो नागरिक तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1077 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

दैनिक समीक्षा: 1077 पर प्राप्त शिकायतों को कमांड सेंटर द्वारा तुरंत जिला स्तरीय अधिकारियों को भेजा जाएगा। राज्यमंत्री स्वयं प्रतिदिन शाम को इन शिकायतों और की गई कार्रवाई की समीक्षा करेंगे।

भ्रष्टाचार और लापरवाही पर 'जीरो टॉलरेंस' राज्यमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि अधकच्चा काम करने की प्रवृत्ति और समय की बर्बादी को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विकसित देशों की तर्ज पर कन्नौज की कार्यप्रणाली को विश्वस्तरीय बनाने के लिए समयशीलता को हमारे सिस्टम के डीएनए में शामिल करना होगा। मंत्री ने कहा कि 'जो समाज अपनी त्रुटियों से सीखता है, वही प्रगति करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समयबद्ध कार्यशैली हमारे लिए आदर्श है। कन्नौज में अब सरकारी आयोजन हों या विभागीय कार्य, सब 'ऑन टाइम' होंगे। हम एक ऐसी कार्य-संस्कृति विकसित कर रहे हैं जहाँ नागरिक के समय का सम्मान सर्वोपरि होगा।

# आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण सम्पन्न, बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालयी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था।




जन एक्सप्रेस। बस्ती

हर्रैया बीआरसी सभागार में नोडल अध्यापकों का तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद की देखरेख में शनिवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालयी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था। इसमें परिषदीय विद्यालयों के कुल 159 नोडल अध्यापकों ने भाग लिया।

बीईओ ने कहा कि शारदा कार्यक्रम के तहत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें आयु-संगत कक्षा में नामांकित करना और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना विभागीय जिम्मेदारी है। कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए शिक्षकों को संवेदनशीलता के साथ धरातल पर कार्य करना होगा।प्रशिक्षण के दौरान नोडल अध्यापकों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान करने, उनके सर्वेक्षण की प्रक्रिया समझने और उन्हें विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में नामांकित कर शिक्षा से जोड़ने की रणनीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) मनोज मिश्र, संतोष कुमार शुक्ल, राजीव शुक्ल, काशीराम वर्मा, रवीश कुमार मिश्र और शिक्षक डॉ श्री नारायन मिश्र ने शिक्षकों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने सर्वेक्षण प्रक्रिया, बच्चों की शैक्षिक स्थिति का आकलन करने और उन्हें विद्यालयी शिक्षा में प्रभावी ढंग से शामिल करने के तरीकों पर विशेष जोर दिया। बताया कि बच्चों के लर्निंग गैप को भरने के लिए विशेष ब्रिज कोर्स और गतिविधि आधारित शिक्षण अनिवार्य है। शारदा पोर्टल पर डेटा फीडिंग और बच्चों के बेसलाइन मूल्यांकन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बच्चों को स्कूल के वातावरण में ढालने के लिए उनके मनोवैज्ञानिक संवेदीकरण पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

# जमीनी रंजिश में दलित को मारा पीटा, एसपी से न्याय की गुहार

जन एक्सप्रेस। बस्ती



कप्तानगंज थाना क्षेत्र के करनपुर निवासी दलित दयाराम ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर पुरानी रंजिश को लेकर घारी की दीवाल तोड़ने, जाति सूचक गालियां देने आदि के मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। एसपी को दिये पत्र में दयाराम ने कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर गत 26 मार्च को गांव के राधेश्याम, पवन, घनश्याम पुत्रगण रामशब्द, रजनीश पुत्र घनश्याम इन्द्र देव, रमा कान्त पुत्रगण केशव प्रसाद, सुनील मिश्र पुत्र चन्द्रमौल आदि लोगों ने उसके सहन पर आकर घारी की दीवाल को कुदाल फावडा सब्बल से तोड़ने लगे। मना करने मारा पीटा तथा जाति सूचक शब्द से गाली देने लगे। यह सुनकर उनके भाई श्रीराम आये तो उक्त लोगों ने उसके भाई को मारा पीटा। उसके भाई हृदयराम की पत्नी बिन्दू को घनश्याम और रजनीश ने बुरी तरह से मारा पीटा। 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को उक्त लोग मौके पर उपस्थित मिले । पुलिस के कहने पर वह कप्तानगंज थाने पर पहुंचा किन्तु पुलिस ने दोषियों के विरूद्ध न तो कोई कार्रवाई किया न मुकदमा ही दर्ज किया। उसने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार एसपी से लगाया है।

## जेवर एयरपोर्ट से दुनिया भर में महकेगी कन्नौज के इत्र की खुशबू

# हाई-टेक कार्गो और कोल्ड स्टोरेज से नाजुक फूलों के अर्क की महक रहेगी अब पूरी तरह सुरक्षित



जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक 'इत्र नगरी' अब एक बड़े वैश्विक बदलाव की दहलीज पर खड़ी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) का निर्माण कन्नौज के सदियों पुराने इत्र और एसेंशियल ऑयल उद्योग के लिए किसी वरदान से कम नहीं माना जा रहा है। अब तक परिवहन और लॉजिस्टिक्स की जिन चुनौतियों से यहाँ का व्यापारी जूझ रहा था, जेवर एयरपोर्ट उन सभी बाधाओं को पार करने का 'रनवे' साबित होगा।

### इत्र पार्क: कन्नौज की नई औद्योगिक पहचान

कन्नौज में विकसित हो रहा आधुनिक इत्र पार्क इस उद्योग को पारंपरिक भट्ठियों से निकालकर आधुनिक लैब और ग्लोबल स्टैंडर्ड्स तक ले जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट से इसकी निकटता इस पार्क को सीधे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से जोड़ देगी। यहाँ बनने वाली अत्याधुनिक इकाइयाँ अब अपना माल सीधे एयरपोर्ट के कार्गो हब तक पहुंचा सकेंगी।

### कैसे जुड़ा है विदेशी बाजार

कन्नौज का इत्र उद्योग मुख्य रूप से फ्रांस (पेरिस), यूके, यूएसए, संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) और सऊदी अरब से गहराई से जुड़ा है। दुनिया के बड़े परफ्यूम ब्रांड्स बेस नोट के रूप में कन्नौज के नेचुरल ऑयल्स का इस्तेमाल करते हैं। खाड़ी देशों में 'अत्तर' की भारी मांग है, जो बिना अल्कोहल के तैयार होता है। जेवर एयरपोर्ट इन देशों के लिए सीधी और तेज डिलीवरी का रास्ता खोलेगा।

## प्रमुख उद्यमियों का नजरिया

### 1- समय की बचत और ग्लोबल डिलीवरी

जेवर एयरपोर्ट हमारे लिए केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि व्यापार का नया द्वार है। अभी हमें दिल्ली माल भेजने के लिए 24 घंटे पहले प्लानिंग करनी पड़ती है। जेवर एयरपोर्ट पास होने से हम 'जस्ट इन टाइम' डिलीवरी मॉडल पर काम कर पाएंगे, जिससे विदेशी क्लाइंट्स का भरोसा कन्नौज के मार्केट पर और मजबूत होगा।

प्रदीप कपूर, इत्र व्यवसायी एवं निर्यातक

### 2- लॉजिस्टिक्स लागत में बड़ी कटौती

इंटरनेशनल मार्केट में समय और लागत की बड़ी कीमत है। अभी हमारा काफी समय सड़क मार्ग और क्लीयरेंस की पेचीदगियों में बर्बाद होता है। जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से लॉजिस्टिक्स की लागत में कम से कम 15-20 प्रतिशत की कमी आएगी, जिसका सीधा फायदा छोटे और बड़े दोनों स्तर के व्यापारियों को मिलेगा।

प्रवीण टंडन, इत्र कारोबारी

### 3- कोल्ड-चेन कार्गो और क्वालिटी कंट्रोल

कन्नौज के इत्र की असली ताकत उसकी शुद्धता और खुशबू है। जेवर एयरपोर्ट पर मिलने वाली आधुनिक 'कोल्ड-चेन' कार्गो सुविधाओं से हमारे प्रोडक्ट्स की लाइफ बरकरार रहेगी। अब हमें इस बात की चिंता नहीं होगी कि लंबे सफर या गर्मी की वजह से तेल की क्वालिटी पर कोई आंच आएगी।

अभिनव गुप्ता, इत्र कारोबारी

### 4- नए वैश्विक ऑर्डर्स की संभावना

कन्नौज का अत्तर दुनिया का सबसे बेहतरीन उत्पाद है, लेकिन एयर कार्गो की सीधी सुविधा न होने से हम बड़े ग्लोबल ऑर्डर लेने में हिचकते थे। जेवर एयरपोर्ट के पास लॉजिस्टिक्स पार्क बनने से हमारी एक्सपोर्ट क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। यह हमारे पारंपरिक उद्योग के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

तारिक मौलवी, इत्र निर्माता

### वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' को लगेंगे पंख, वैश्विक पटल पर चमकेगा कन्नौज का हुनर

# पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़: लोगों में हो रहा विवाद, सुरक्षा की मांग, पुलिस गश्त बढ़ाने का अनुरोध

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** पेट्रोल और डीजल को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर अचानक भीड़ बढ़ गई है। कई स्थानों पर तेल लेने को लेकर लोगों के बीच विवाद और तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी को पत्र लिखा है। उन्होंने पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और पुलिस पेट्रोलिंग तेज कराने का अनुरोध किया है।जिला पूर्ति अधिकारी ने अपने पत्र में बताया कि खीरी पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसिएशन ने उन्हें अवगत कराया है। एसोसिएशन के अनुसार, जनपद के कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल वितरण के दौरान अत्यधिक भीड़ हो रही है, जिससे ग्राहकों के बीच कहासुनी और विवाद की स्थिति बन रही है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों के कारण आम लोगों में तेल की मांग अचानक बढ़ गई है। इसके परिणामस्वरूप कई पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लग रही हैं। डीएसओ ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि जनपद के सभी पेट्रोल पंपों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने और पुलिस गश्त बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। यह कदम पेट्रोल और डीजल का वितरण सुचारू रूप से जारी रखने के लिए आवश्यक है।

# स्कूल चलो अभियान की निकाली गई रैली, रैली के तहत अभिभावको मे जागरूकता फैलाई गई

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



स्कूल चलो अभियान की रैली अभिभावक व बच्चों को पढ़ाओ ऐसी जागरूकता पैदा करने के लिए बच्चों को पढ़ने के लिए एक निवेदित रैली का आयोजन किया गया, बैंड बाजे के साथ में स्कूल चलो स्कूल चलो, आधी रोटी खाओ बच्चों को पढ़ाओ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी दो घर की रोशनी होती है ऐसे अनेक नारे बच्चों के द्वारा गूंजते हुए सड़क पर नजर आए बैंड बाजे के साथ बच्चे व शिक्षक शिक्षकों व अभिभावकों के सहयोग से रैली का आयोजन किया गया स्कूल चलो अभियान की रैली उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार रैली का आयोजन किया गया, सभी पढ़ें सभी बढ़े शिक्षा एक ऐसी मास्टर चाबी है जिससे हर एक ताले खुल सकते हैं शिक्षा के बिना व्यक्ति अनभिज्ञ रहता है जीवन में शिक्षा और अनुशासन यह बहुत कड़े पहलू हैं इनका जीवन में सदैव अपनाना चाहिए बड़ी कड़ी मेहनत से शिक्षा को ग्रहण करना चाहिए प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओ व अभिभावक को धन्यवाद दिया सभी का आभार प्रकट किया रैली को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया एक अभिभावक से प्रार्थना की जो कमजोर वर्ग के बच्चे हैं उनके लिए आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर लक्ष्मी नगर कॉलोनी गोला सेवा में तत्पर है और सदैव तत्पर रहेगा ऐसे बच्चों का प्रवेश तत्काल कराए जो नि शुल्क सेवा होगी जो किसी देवी आपदा से पीड़ित है, या किसी प्रकार कि समस्या से परेशान है, बीमारियों से ग्रसित हैं, ऐसे परिवार जिनकी कोई देखरेख करने वाला नहीं है, ऐसे बच्चों को निशुल्क शिक्षा आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर लक्ष्मी नगर कॉलोनी के द्वारा दी जाती है और हमेशा देते रहेंगे काजल वर्मा लक्ष्मी देवी ममता मिश्रा अंजली वर्मा सुमित कुमार यादव रामनरेश वर्मा सोहनी गुप्ता कामिनी वर्मा सानिया शर्मा मनीषा देवी लक्ष्मी श्रीवास्तव रूबी देवी नेहा शर्मा अलका वर्मा पूजा गुप्ता कल्पना गुप्ता अंजली वर्मा प्रिय सिंह नेहा वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं ब अभिभावक महोदय उपस्थित रहे प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने सभी एडावक व शिक्षक शिक्षकों व नन्हे मुन्ने भैया बहन सभी का आभार प्रकट किया रैली के कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बाइक टकराव के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष

### बीच-बचाव करने आई महिला की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या, गांव में पुलिस तैनात

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



थाना हैदराबाद की अज़ान चौकी क्षेत्र के बघमरा गांव में बीती रात एक मामूली बाइक टकराव ने खूनी रूप ले लिया। दो पक्षों के विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची 50 वर्षीय महिला कमला देवी की लाठी-डंडों से पिटाई के बाद मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए हैदराबाद पुलिस गांव में तैनात कर दी गई है। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, मुड़ा जवाहर निवासी अनुराग गौतम पुत्र संतोष कुमार किसी काम से बाइक से बघमरा गांव आया था। गांव के दक्षिणी छोर पर चमन यादव अपने झाले (खेत पर बने मकान) के पास खड़ा था, तभी अनुराग की बाइक उससे टकरा गई। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले मिश्रीलाल, पंकज, दिनेश और बसंत (सभी पुत्र बाबूराम पासी, निवासी बघमरा) बीच-बचाव करने पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतका कमला देवी के परिवार और इन पड़ोसियों के बीच जमीन को लेकर पहले से पुरानी रंजिश चली आ रही थी, जिसके चलते बीच-बचाव के दौरान ही दोनों पक्षों में कहासुनी तेज हो गई।

इसी बीच चमन यादव के घर विवाद की सूचना पहुंची तो उसकी मां कमला देवी और बड़ा बेटा रेशम सिंह यादव भी मौके पर आ गए। आरोप है कि पहले से लाठी-डंडों से लैस पंकज, दिनेश, मिश्रीलाल, बसंत आदि ने उन पर हमला बोल दिया। मारपीट में कमला देवी को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और वह मौके पर ही गिर पड़ीं।सूचना पर डायल 112 की टीम पहुंची और स्थिति को संभालते हुए थाना प्रभारी हैदराबाद को बुलाया। घायल कमला देवी को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही हैदराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।इस संबंध में थाना प्रभारी हैदराबाद सुनील मलिक ने बताया कि 'मृतक महिला का शव पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। अभी तक मृतका के परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस गांव में कैंप कर रही है और हालात पर नजर रखे हुए है।

# चैत्र नवरात्रि महायज्ञ का धूमधाम से समापन, सरयू तट पर भव्य मूर्ति विसर्जन



जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी

चैत्र नवरात्रि में चल रही महायज्ञ का समापन शनिवार को हुआ जिसके बाद गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। सरयू नदी मोतीपुर में मूर्ति विसर्जन के साथ आयोजन का समापन हुआ। यह आयोजन ग्रामीणों के लिए उत्साह और भक्ति का केंद्र बना रहा। ग्राम पंचायत सिंगहा कलां के सिंगाही खुर्द में चैत्र नवरात्रि महायज्ञ का समापन शनिवार धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर गाजे-बाजे के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरयू नदी मोतीपुर पहुंची।शोभायात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिला, जयकारों और भक्तिमय माहौल के साथ यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए सरयू नदी के तट पर पहुंची, जहां आचार्यों ने विधि-विधान के साथ मूर्ति विसर्जित की। इस मौके पर सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। ग्रामीणों ने आयोजन के सफल समापन पर सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मूर्ति विसर्जन के बाद श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और प्रसाद वितरित किया। आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# पांच पिंजरे और 10 कैमरे लगाए जाने के बाद तेंदुआ अब तक पिंजरे में नहीं फंसा



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

फुटहा फार्म में तेंदुए को पकड़ने का अभियान तेज कर दिया गया है। वन विभाग ने पांच पिंजरे और 10 कैमरे लगाए हैं, साथ ही पिंजरे में बकरी को चारे के रूप में रखा गया है। हालांकि, आज शनिवार तक तेंदुआ पिंजरे में कैद नहीं हो सका है। बेलराया वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत फुटहा फार्म के साथ-साथ सिंधौना, रमुआपुर और दलराजपुर में कुल पांच पिंजरे लगाए गए हैं। बेलराया रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक पिंजरे के पास दो-दो कैमरे लगाए गए हैं और ड्रोन के जरिए भी निगरानी की जा रही है। उन्होंने जल्द ही तेंदुए को पकड़ने का दावा किया।

गौरतलब है कि बीते बुधवार देर शाम इसी क्षेत्र में तेंदुए ने एक घर में घुसकर सात वर्षीय मासूम सिमरन को मार डाला था। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय व्याप्त है, और वे तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है और आसपास के गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। तेंदुए की मौजूदगी के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और लोग भय के साये में जीवन यापन कर रहे हैं। वन विभाग की टीमें फिलहाल मौके पर डटी हुई हैं और हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं।

# पटेल संस्थान की बैठक में कई विंदुओं पर हुई चर्चा



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर

कूर्मि क्षत्रिय समाज कल्याण समिति की आवश्यक बैठक मिलवाई पास रोड स्थित पटेल संस्थान में संस्थान के अध्यक्ष पटेल राजीव वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में होली मिलन समारोह को सफल बनाने की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसके अलावा एक मासिक बैठक हर माह के पहले रविवार को संस्थान में होना सुनिश्चित किया गया है। बैठक में विभिन्न प्रकार के सामाजिक बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में संगठन को विस्तार देने एवं संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। इस मौके पर पटेल अशोक कनौजिया, अजय वर्मा, अमित कुमार वर्मा, महेश कुमार वर्मा एडवोकेट, डॉक्टर दीपू वर्मा, कपिल वर्मा, विशाल वर्मा, संजय वर्मा एडीओ आदि लोग मौजूद रहे।

# घिमऊ क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

ग्राम नदिहा खुर्द के खंड अंबारीहार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजमान शास्त्री दाल सिंह चैतन्य जी एवं शास्त्री खुशी किशोरी जी के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति रस की अमृत वर्षा प्राप्त हुई।इस अवसर पर घिमऊ जिला पंचायत क्षेत्र से प्रत्याशी डॉ. उपदेश सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने व्यास पीठ पर पहुंचकर दोनों विद्वान आचार्यों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया तथा कथा का रसपान किया। डॉ. यादव ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और एकता का संदेश देते हैं।

उन्होंने ग्रामवासियों द्वारा मिले स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह सदैव इसके ऋणी रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. श्यामसुंदर, सुमित पाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# टीपीआरएस स्कूल के छात्र छात्राओं ने महेशपुर रेंज के जंगल किया एकदिवसीय भ्रमण

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी



क्षेत्र के प्रतिष्ठित शैक्षिक संस्थान टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की ओर से छात्र छात्राओं का एक दिवसीय स्थानीय शैक्षिक भ्रमण करवाया गया जिसके अंतर्गत महेशपुर रेंज में स्थित जैव-विविधता से परिपूर्ण प्राकृतिक परिवेश का दर्शन अवलोकन किया गया जिसमें संस्थान के 92 छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसके अंतर्गत बच्चों ने स्थानीय जंगल में भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों, जंगली जीवों व पक्षियों के दर्शन किए जैव विविधता से परिपूर्ण प्राकृतिक जंगल में बच्चों ने ज्ञान लाभ के साथ ही भरपूर मनोरंजन किया।

महेशपुर रेंज के रेंजर निर्भय प्रताप शाही जी ने उपस्थित समस्त बच्चों का स्वागत करते हुए महेशपुर रेंज में स्थित जैव विविधता से परिपूर्ण प्राकृतिक जंगल के महत्व, जंगली जीवों व पक्षियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शाही जी ने अपने संदेश के दौरान सभी छात्र छात्राओं को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया व पेड़ पौधों के रोपण से लेकर संरक्षण तक के सुझाव दिए। निर्भय प्रताप शाही जी ने मध्यान्ह भोजन के बाद बच्चों के मन में उठ रही जिज्ञासाओं को शांत किया। भ्रमण के अंत में बच्चों ने महेशपुर रेंज में स्थित नर्सरी में रोपित विभिन्न प्रकार के पौधों का विस्तृत निरीक्षण किया।यह शैक्षिक भ्रमण टीपीआरएस स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव व स्कूल के प्रबंधक आंनद गुप्ता के संरक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस भ्रमण के दौरान स्कूल से वरिष्ठ अध्यापकों में अंकित मिश्र, पंकज शुक्ल, इज़हार हुसैन अंसारी, रोहित गुप्ता, मनदीप सिंह व किरण राठौर ने सहभागिता की।

# 20 दिन से खड़ी गन्ना ट्रालियों पर किसानों का फूटा गुस्सा

### ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के हस्तक्षेप पर मिल प्रबंधन ने दिया 2 दिन का आश्वासन



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां में बीते लगभग 20 दिनों से गन्ना लेकर खड़ी किसानों की ट्रालियां खाली न होने से किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लंबे इंतजार और आर्थिक नुकसान से परेशान क्षेत्रीय किसानों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह से अपनी समस्या साझा की। शुक्रवार को अमनदीप सिंह किसानों के साथ बेलरायां स्थित सरजू सहकारी चीनी मिल पहुंचे और मिल प्रशासन से वार्ता की। इस दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर अमनदीप सिंह और सीसीओ के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। किसानों का कहना था कि कई दिनों से ट्रालियां लाइन में खड़ी हैं, जिससे उन्हें समय और धन दोनों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं ट्रालियों के लंबे समय तक खड़े रहने से गन्ने की गुणवत्ता प्रभावित होने की भी चिंता जताई गई।किसानों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए मिल के सीसीओ ने आश्वासन दिया कि दो दिन के भीतर लंबित ट्रालियों को प्राथमिकता के आधार पर खाली कराया जाएगा। आश्वासन के बाद किसानों ने राहत की सांस ली, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# पेट्रोल और डीजल के डहराते संकटर पर डीएम का सख्त आदेश

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

### जरूरत ज्यादा पेट्रोल लेने वालों पर होगी कार्यवाही

जिले में गैस, डीजल व पेट्रोल संकट गहराता जा रहा है। इस संकट का सीधा असर जिले कानून व्यवस्था पर मण्डराता हुआ दिखाई देने लगा है। पेट्रोल पम्पों पर नोंक झोंक तक होने लगी है। इस प्रकार की स्थित ज्यादा न बढे इसी बीच जिलाधिकारी ने अपील के साथ एक आदेश जारी कर दिया गया है। इस आदेश के तहत जरूरत से ज्यादा ईंधन एकत्र करने वालों पर कार्यवाही हो सकती है। डीएम ने अपील जारी करते हुए कहा कि जिले में पेट्रोल डीजल का कोई संकट नही है। लेकिन स्टाक लगाने पर कार्यवाही की जा सकती है। गौरतलब हो कि लालबाग चैराहा स्थित पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों और वाहन स्वामियों के बीच बातचीत के साथ नोकझोंक होती रही। कमोबेश ऐसा ही हाल शहर के ट्रांसपोर्ट चैराहा, चुंगी व अन्य पेट्रोल पंपों पर भी रहा।कोई अपनी बाइक व कार तो कोई पिपिया, जरीकेन लेकर पंप पर ईंधन लेने पहुंचा। इससे पंपों पर सुबह से लगी कतार देर रात तक कम नहीं हुई। हालांकि जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर के निर्देश पर लगातार लाउडस्पीकरों से पेट्रोल व डीजल की किल्लत न होने का उद्घोष भी कराया जाता रहा लेकिन इसके बावजूद लोग बिना जरूरत के ईंधर की खरीद में जुटे दिखे।शहर स्थित लालबाग पेट्रोल पंप पर सुबह छह बजे से ही लोग वाहनों में पेट्रोल व डीजल भरवाने के लिए पहुंचने लगे। अचानक बढ़ी खरीद से परेशान संचालक ने बाइक पर सौ रुपये का ही पेट्रोल देने का नियम लागू कर दिया। वहीं, कार चालक को अधिकतम एक हजार रुपये का पेट्रोल दिया जाने लगा। साथ ही ऑनलाइन पेमेंट भी मना कर दिया गया।इसे लेकर कई वाहन स्वामियों की पेट्रोल पंप कर्मियों से झड़प भी हुई। इसके चलते दोपहर एक बजे तक पेट्रोल पंप का संचालन बंद कर दिया गया। वहीं, ट्रांसपोर्ट चैराहा स्थित पंप पर लोगों को मांग के अनुसार पेट्रोल दिया जाता रहा। कई पेट्रोल पंप संचालकों ने ऑनलाइन पेमेंट लेने से मना कर दिया, जिससे वाहन स्वामियों को काफी परेशानी उठाना पड़ी। सिधौली कस्बे में भी कई पंपों पर डीजल की किल्लत बताकर व्यावसायिक वाहनों को डीजल देने से मना किया गया। गोंदलामऊ में बारिश के बीच भी लोग सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लाइन लगाकर ईंधन लेने के लाइन लगा कर खड़े हो गए। रामगढ़ मोड़ स्थित डगरहा धाम के पास बने भारत पेट्रोलियम पंप पर करीब 12 बजे से ही लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। घबराए लोग थ्रेशिंग प्रभावित होने के डर से बड़े-बड़े डिब्बे और बर्तन लेकर पंप पर पहुंच गए।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस का सहारा लेना पड़ रहा है। बेहटा में रानी फिलिंग स्टेशन और साई फिलिंग स्टेशन पर किसी को पेट्रोल व डीजल नहीं दिया गया। चैधरी फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल व डीजल सौ रुपये प्रति बाइक व एक हजार रुपये प्रति कार की दर से दिया गया। बिसवां में पेट्रोल पंप संचालक राजकुमार जैन और जमील खान ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की जिले में कोई कमी नहीं है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव की आयोजित


**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** श्री हनुमान जन्मोत्सव की आयोजित होने वाली 25वीं विराट में कीर्तन पदयात्रा पर आज नगर में जागरण के लिए नगर के सुभाष पार्क से बड़े चौराहे होते हुए अस्पताल रोड से विभिन्न मार्गो को तय करते हुए यात्रा निकाली गई जिसमें कार्यक्रम संयोजक राजू अग्रवाल विमल अग्रवाल अजय अग्रवाल सदर विधायक योगेश वर्मा भाजपा महामंत्री आशू मिश्रा जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्रा आचार्य अनूप मिश्रा समीर नगर पालिका अध्यकनिक इरा श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में नर नारी शामिल हुई हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए ध्वज लेते हुए नगर के मुख्य मार्ग से निकले।

# बंगाल में सियासी घमासान

## अमित शाह की चार्जशीट से ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला, शाह बोले, ये भय से मुक्ति का चुनाव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ती जा रही है। भाजपा ने ममता सरकार के खिलाफ विधानसभा चुनाव से पहले मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक आरोप पत्र 'चार्जशीट' जारी की है। इस आरोप पत्र के जरिए शाह ने तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन को 'अराजकता और भ्रष्टाचार का युग' बताया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा को बचाने और इसे भयमुक्त बनाने का चुनाव है।



### अमित शाह ने क्या-क्या कहा?

अमित शाह ने बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश की सुरक्षा बंगाल के चुनावी नतीजों से अटूट रूप से जुड़ी हुई है। आज देश में घुसपैठियों के प्रवेश का केवल एक ही मुख्य रास्ता बचा है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता हो रहा है। अगर बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना है, तो यहां सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि ममता सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए सीमावर्ती इलाकों में डेमोग्राफी के साथ खिलवाड़ होने दिया।

### 'विक्टिम कार्ड' की पॉलिटिक्स खेलती हैं ममता: शाह

तंज कसते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की पॉलिटिक्स खेली हैं। कभी उनका पैर टूट जाता है, कभी उनके सिर पर पट्टी बंध जाती है, कभी वह बीमार पड़ जाती हैं और कभी वह चुनाव आयोग के सामने खड़ी होकर बेबसी का नाटक करती हैं। चुनाव आयोग को गालियां देती हैं। लेकिन मैं उन्हें यह बताने आया हूं कि बंगाल के लोग अब विक्टिम कार्ड की इस पॉलिटिक्स को अच्छी तरह समझ चुके हैं।

### 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है चार्जशीट: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह चार्जशीट, टीएमसी सरकार के 15 वर्षों के काले कारनामों का संकलन है। सोनार बांग्ला का स्वप्न दिखाकर सिंडिकेट राज स्थापित कर बंगाल की जनता का शोषण करने वाले शासन की कहानी है। टीएमसी के कुशासन में बंगाल भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। ऊपर से नीचे तक आपराधिक सिंडिकेट जनता को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के अभाव में बंगाल उद्योग के लिए एक प्रकार से कब्रिस्तान बन चुका है। अमित शाह ने कहा कि यह चार्जशीट केवल भाजपा की नहीं, बल्कि बंगाल की पीड़ित जनता की आवाज है। 2011 से ही भाजपा इस अराजकता के खिलाफ संघर्ष कर रही है और अब समय आ गया है कि जनता इसका हिसाब ले।

# सीएम एमके स्टालिन ने डीएमके प्रत्याशियों की सूची जारी की, 234 में 164 सीटों पर लड़ेगी पार्टी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा चुनावों को लेकर सियासी बिसात बिछ चुकी है। मुख्यमंत्री और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने गठबंधन सहयोगियों के बीच सीटों के बंटवारे का एलान कर दिया है। कुल 234 विधानसभा सीटों में से डीएमके खुद 164 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, कांग्रेस को 28 सीटें दी गई हैं। इस एलान के साथ ही स्टालिन ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी पार्टी की मजबूत पकड़ को बरकरार रखना चाहते हैं।



### डीएमडीके को 10 सीटें

इस बार सबसे बड़ा उलटफेर डीएमडीके को लेकर देखने को मिला है। पार्टी को 10 सीटें आवंटित की गई हैं। अन्य सहयोगियों में वीसीके को 8, सीपीआई और सीपीआई-एम को 5-5 सीटें, जबकि एमडीएमके को 4 सीटें मिली हैं। मुस्लिम मतदाताओं के बीच पैठ रखने वाली पार्टी आईयूएमएल और एमएमके को 2-2 सीटें दी गई हैं। एमजेके और एसडीपीआई को 1-1 सीट दी गई हैं।

### बोडिनायकन्नूर से चुनाव लड़ेंगे पनीरसेल्वम

इस सूची में सबसे ज्यादा चर्चा ओ पनीरसेल्वम की हो रही है। कभी एआईएडीएमके के कद्दावर नेता रहे पनीरसेल्वम अब डीएमके गठबंधन की ओर से बोडिनायकन्नूर से चुनावी मैदान में उतरेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि स्टालिन ने पनीरसेल्वम को अपने पाले में लाकर दक्षिण तमिलनाडु के 'मुकुलथोर' वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाने की तैयारी कर ली है।

### डीएमके ने दिग्गजों पर फिर जताया भरोसा

उम्मीदवारों की इस सूची में अनुभवी चेहरों को प्राथमिकता दी गई है। अरुप्पुकोट्टई से पार्टी के दिग्गज केकेएसएसआर रामचंद्रन को फिर से उतारा गया है, जबकि कन्याकुमारी सीट से महेश और पलयमकोट्टई से वहाब पर पार्टी ने दांव लगाया है। मुख्यमंत्री स्टालिन का यह फैसला बताता है कि वह विकास के 'द्रविड़ मॉडल' के साथ-साथ मजबूत सामाजिक समीकरणों के जरिए सत्ता में वापसी की रणनीति पर काम कर रहे हैं। विपक्षी खेमे में इस बड़ी घोषणा के बाद खलबली मचना तय है। स्टालिन ने चुनाव से काफी पहले ही अपनी सेना और मोर्चेबंदी तैयार कर ली है।

# पश्चिम एशिया के हालात: मंत्रियों के अनौपचारिक समूह के साथ रक्षा मंत्री की बैठक, पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को पश्चिम एशिया संकट पर मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब केंद्र सरकार इस संघर्ष को लेकर कई बैठकें कर चुकी है और लोगों को यह भरोसा दिला रही है कि ईंधन की कोई कमी नहीं है। विदेश मंत्रालय हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए है और पश्चिम एशिया में मौजूद भारतीय नागरिकों को हरसंभव मदद देने की कोशिश कर रहा है।

### उपमुख्यमंत्रियों के साथ बैठक

इससे पहले, शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की थी। इस बैठक में पश्चिम एशिया की हालिया स्थिति और उसके देश पर संभावित प्रभाव को देखते हुए राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों की ओर से दिए गए सुझावों की सराहना की और कहा कि ये सुझाव बदलते हालात से प्रभावी तरीके से निपटने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्कता, तैयारी और मिलकर कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को ऐसे वैश्विक संकटों से निपटने का पहले से अनुभव है। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र और राज्यों की ओर से 'टीम इंडिया' के रूप में मिलकर किए गए प्रयासों को याद किया, जिससे आपूर्ति श्रृंखला, व्यापार और आम जीवन पर पड़े असर को कम किया गया था। उन्होंने कहा कि यही सहयोग और तालमेल आज भी भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

# भारत में बढ़ सकती है महंगाई: रिपोर्ट में डरावनी चेतावनी, पश्चिम एशिया संकट वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक बाजार एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव को नजरअंदाज कर रहे हैं। सिस्टमैटिक्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा हालात केवल तात्कालिक उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य में एक बड़े बदलाव का संकेत हैं, जो आगे चलकर बार-बार उभर सकते हैं और लंबी अवधि तक अनिश्चितता बनाए रख सकते हैं।



### वैश्विक बाजार उम्मीद और डर के बीच झूल रहा है

रिपोर्ट के अनुसार, बाजार फिलहाल हर युद्ध से जुड़ी खबर पर उम्मीद और डर के बीच झूल रहे हैं, लेकिन इसके पीछे एक गहरा बदलाव चल रहा है। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में बदलती नीतियां और ईरान की प्रतिक्रिया मिलकर ऐसी स्थिति बना रही हैं, जहां निवेशकों के लिए लंबी अवधि के जोखिमों का आकलन करना मुश्किल हो गया है। रिपोर्ट ने इसे वैश्विक भू-राजनीतिक ढांचे में एक बड़े मेटामॉर्फोसिस के रूप में बताया है, जिसमें अमेरिका और चीन के नेतृत्व वाले ग्लोबल साउथ के बीच शक्ति संतुलन बदल रहा है। इससे आने वाले समय में इस तरह के तनाव और टकराव बार-बार देखने को मिल सकते हैं।

### संकट का सीधा असर ऊर्जा बाजार पर दिख रहा

आर्थिक मोर्चे पर रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस संकट का सीधा असर ऊर्जा बाजार पर दिख रहा है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास या उससे ऊपर पहुंच चुकी है, जो न सिर्फ सप्लाई से जुड़े जोखिम बल्कि बढ़ते जियोपॉलिटिकल प्रीमियम को भी दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर तनाव कम भी होता है, तब भी कच्चे तेल और गैस की सप्लाई में बाधाएं बनी रह सकती हैं, जिससे कीमतें लंबे समय तक ऊंची रह सकती हैं।

### भारत को लेकर क्या आशंका?

भारत को लेकर रिपोर्ट में विशेष रूप से चेतावनी दी गई है कि ऊंचे कच्चे तेल के दाम और कमजोर मांग मिलकर स्टैगफ्लेशन की स्थिति पैदा कर सकते हैं। इससे हाल के आर्थिक सुधारों पर असर पड़ सकता है और घरेलू अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले महीनों में भारत की खुदरा महंगाई दर 6 से 7 प्रतिशत से ऊपर जा सकती है। अंत में रिपोर्ट ने कहा है कि मौजूदा हालात अस्थायी नहीं हैं। ऊंचे तेल के दाम, सख्त वित्तीय परिस्थितियां और बार-बार होने वाले भू-राजनीतिक झटके अब वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थायी विशेषताएं बन सकते हैं, जिससे लंबी अवधि तक समायोजन का दौर जारी रह सकता है।

### भारी कर्ज बढ़ा रही चिंता

इसके साथ ही वैश्विक कर्ज भी चिंता का बड़ा कारण बनता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के दौरान वैश्विक कर्ज करीब 29 ट्रिलियन डॉलर बढ़कर 348 ट्रिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिससे सरकारों की आर्थिक प्रोत्साहन देने की क्षमता सीमित हो सकती है।

# ओडिशा में दर्दनाक हादसा: नयागढ़ में टूरिस्ट बस पलटी, पांच की मौत, तूफान से मयूरभंज-पुरी में तीन की गई जान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे और तेज तूफान ने मिलकर तबाही मचा दी। नयागढ़ जिले में एक टूरिस्ट बस के पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। वहीं, मयूरभंज और पुरी जिलों में आए तेज आंधी-तूफान के कारण तीन लोगों की जान चली गई।




### नयागढ़ में बस हादसा: तेज रफ्तार बनी वजह

पुलिस के मुताबिक, यह हादसा रात करीब 2 बजे हनुमान घाटी रोड पर दासपल्ला इलाके में हुआ, जब 55 यात्रियों से भरी बस मोड़ लेते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। मृतकों की पहचान हरी पात्रा, लक्ष्मी पात्रा, सुप्रभा साहू, सुमति और चालक प्रवीण कुमार साहू के रूप में हुई है, जो सभी बरहामपुर के निवासी थे। घायलों को तुरंत बचाव दल ने बाहर निकालकर दासपल्ला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई भयावह स्थिति

घायल यात्री आर्य पात्रा के अनुसार, बस 100 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चल रही थी और अचानक पलट गई। कुछ यात्री बाहर जा गिरे, जबकि कई लोग बस के नीचे दब गए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 4 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने भी शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### तूफान का कहर: मयूरभंज और पुरी में 3 की मौत

इसी बीच, शुक्रवार रात आए तेज आंधी-तूफान ने मयूरभंज और पुरी जिलों में भारी नुकसान पहुंचाया। इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11 बजे मयूरभंज जिला मुख्यालय बारीपदा में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। इसी दौरान दो लोग अपनी मोटरसाइकिल से जा रहे थे, लेकिन तेज तूफान के कारण उन्होंने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पेड़ों से टकरा गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान रामदास हांसदा और नागेन मुर्मू के रूप में हुई है। हादसे में घायल तीन लोगों का इलाज बारीपदा जिला मुख्यालय अस्पताल में चल रहा है।

# एनसीईआरटी- यूजीसी: 'नए नियमों को लेकर हुए विवाद से बचा जा सकता था'

# कमेटी सुधारेगी पाठ्यक्रम: धर्मेंद्र प्रधान

- एनसीईआरटी की किताबों में 'न्यायिक भ्रष्टाचार' जैसे विषयों को शामिल करने से जो विवाद पैदा हुए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश की शिक्षा व्यवस्था और पाठ्यक्रम को लेकर चल रहे घमासान पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने स्वीकार किया कि यूजीसी के नए नियमों और एनसीईआरटी की किताबों में 'न्यायिक भ्रष्टाचार' जैसे विषयों को शामिल करने से जो विवाद पैदा हुए, उन्हें टाला जा सकता था। उन्होंने माना कि इन मुद्दों को जिस तरह से समाज के सामने पेश किया गया, उसमें कमी रह गई।



### सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में तैयार हो रहा नया सिलेबस

एनसीईआरटी विवाद पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि अब चीजें अदालती दिशा-निर्देशों के तहत आगे बढ़ रही हैं। दरअसल, कक्षा 8 की सोशल साइंस की किताब में 'न्यायिक भ्रष्टाचार' और जजों की कमी जैसे मुद्दों को जिस तरह से लिखा गया था, उस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद एनसीईआरटी ने माफी मांगते हुए उस किताब को वापस ले लिया था। शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी है कि अब इस अध्याय को फिर से लिखने के लिए जस्टिस इंदु मल्होत्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में पूर्व अटार्नी जनरल और एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद भी शामिल हैं। यह कमेटी भोपाल लॉ एकेडमी के सुझावों को भी शामिल करेगी। इतना ही नहीं, नया अध्याय तैयार कर कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा।

### 'हम भेदभाव के खिलाफ हैं'

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार की मंशा किसी को भी प्रताड़ित करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा संवैधानिक कर्तव्य है कि समाज के किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव न हो। चाहे वह अनुसूचित जाति, जनजाति हो या अन्य पिछड़ा वर्ग, हम समानता के पक्षधर हैं।'

### यूजीसी नियमों पर सस्पेंस बरकरार

जनवरी 2026 में लागू हुए 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन' को लेकर भी मंत्री ने अपनी बात रखी। इन नियमों का मकसद कैंपस में भेदभाव रोकना था, लेकिन सामान्य वर्ग के छात्रों की ओर से इसे कोर्ट में चुनौती दी गई थी। फिलहाल यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत का जो भी फैसला होगा, सरकार उसे पूरी निष्ठा से लागू करेगी। धर्मेंद्र प्रधान के इस बयान से साफ है कि आने वाले समय में शिक्षा और न्यायपालिका के बीच समन्वय को लेकर ज्यादा संवेदनशीलता बरती जाएगी।

# होर्मुज से गुजर रहे भारत के दो जहाज, सुरक्षा देने के लिए युद्धपोत के साथ भारतीय नौसेना अलर्ट



- सूत्रों के अनुसार, आने वाले समय में ऐसे और जहाज इस मार्ग से गुजरेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेहरान

भारत के लिए पेट्रोलियम उत्पाद लेकर जा रहे दो और व्यापारी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच भारतीय नौसेना के युद्धपोत इन्हें सुरक्षा देने के लिए स्टैंडबाय पर तैनात हैं। सूत्रों के अनुसार, आने वाले समय में ऐसे और जहाज इस मार्ग से गुजरेंगे। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य रणनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। यह दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में से एक है, जहां सुरक्षा को लेकर लगातार सतर्कता बरती जा रही है। बता दें, अमेरिका और इस्राइल-ईरान टकराव के बीच इस जलडमरूमध्य में लगातार तनाव बरकरार है। ईरान अमेरिका, इस्राइल समेत अपनी किसी दुश्मन देशों के जहाजों को वहां से नहीं गुजरने दे रहा है। भारत के जहाजों को नहीं रोका जा रहा है। जंग के हालातों के बीच पहले भी भारत के जहाज होर्मुज से निकल चुके हैं। इसके बावजूद सुरक्षा देने के लिए भारतीय नौसेना को युद्धपोत के साथ अलर्ट पर रखा गया है।

### भारत ने कूटनीतिक ताकत से अपने जहाजों की आवाजाही सुनिश्चित कराई

इससे पहले बीते दिनों चार भारतीय जहाज भारत आ चुके हैं। जग वसंत, पाइन गैस, शिवालिक और नंदा देवी भी करीब 92 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचे थे। भारत में घरेलू और व्यवसायिक उपयोग के लिए एलपीजी गैस की बड़ी मांग है। यही वजह है कि होर्मुज जलडमरूमध्य बाधित होने के बाद भारत में एलपीजी का संकट पैदा हो गया था, लेकिन सरकार ने कूटनीतिक स्तर पर ईरान के साथ बातचीत कर भारतीय जहाजों का होर्मुज से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित कराया। ईरान ने भी बयान जारी कर साफ कर दिया है कि भारतीय जहाजों को नहीं रोका जा रहा है।

### पश्चिम एशिया संकट के चलते बाधित था होर्मुज

ये जहाज उन 22 भारतीय जहाजों में शामिल थे, जो पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए थे। युद्ध के चले ईरान ने होर्मुज को आंशिक रूप से बाधित कर दिया है, जिसके चलते पूरी दुनिया में तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रणाली लगाने की मांग, सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चुनावी प्रक्रिया में धांधली को रोकने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में दोहरी वोटिंग, पहचान बदलकर वोट डालने और फर्जी मतदाताओं द्वारा वोट डालने के मामलों का जिक्र किया गया है। याचिकाकर्ता ने आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्रों पर फिंगरप्रिंट और आइरिस बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की है। यह जनहित याचिका अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर की गई है। संविधान के अनुच्छेद 32 का हवाला देते हुए याचिका में मौजूदा सुरक्षा उपायों के बावजूद रिश्वतखोरी, अनुचित प्रभाव, पहचान छिपाकर वोट डालना, दोहरी वोटिंग और फर्जी वोटिंग की निरंतर घटनाओं पर चिंता जताई गई है। याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से आग्रह किया है कि वह चुनाव आयोग को विशेष रूप से आगामी विधानसभा चुनावों में मतदान केंद्रों पर फिंगरप्रिंट और आइरिस-आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण शुरू करने का निर्देश दे। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वास्तविक मतदाता ही वोट डाल सकें और एक नागरिक, एक वोट के सिद्धांत का कड़ाई से पालन हो।



### मौजूदा मतदाता पहचान प्रणाली की कमियां

याचिका में तर्क दिया गया है कि वर्तमान मतदाता पहचान विधियां, जो काफी हद तक मतदाता पहचान पत्र और मैन्युअल सत्यापन पर आधारित हैं, पुरानी तस्वीरों, लिपिकीय त्रुटियों और वास्तविक समय सत्यापन की कमी के कारण दुरुपयोग की संभावनाओं से ग्रस्त हैं। याचिका में कहा गया है कि बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, जो अद्वितीय और गैर-डुप्लिकेट होता है, पहचान छिपाकर वोट डालने और कई बार वोट डालने जैसी समस्याओं को प्रभावी ढंग से समाप्त कर देगा।

### चुनाव आयोग की शक्तियां और संवैधानिक दायित्व

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक जनादेश पर प्रकाश डालते हुए याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग के पास अनुच्छेद 324 के तहत ऐसी तकनीकी उपाय शुरू करने की पूर्ण शक्तियां हैं और वह मतदाता पहचान को मजबूत करने के लिए प्रासंगिक नियमों में संशोधन कर सकता है। याचिकाकर्ता ने यह भी बताया है कि बायोमेट्रिक सत्यापन प्रवासी मतदाताओं, डुप्लिकेट चुनावी प्रविष्टियों और फर्जी मतदाताओं से संबंधित मुद्दों को हल करने में मदद कर सकता है। साथ ही चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए एक वास्तविक समय ऑडिट ट्रेल भी बना सकता है।

# विधानसभा में अमरावती को स्थायी राजधानी बनाने का प्रस्ताव, नायडू ने केंद्र से की कानूनी मान्यता की मांग



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य विधानसभा में अमरावती को स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से अमरावती को आधिकारिक तौर पर राजधानी का कानूनी दर्जा देने की भी मांग की। यह प्रस्ताव एक विशेष विधानसभा सत्र के दौरान लाया गया, जिसमें विपक्षी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधायक मौजूद नहीं रहे। दरअसल, अमरावती की कहानी आंध्र प्रदेश के 2014 के विभाजन से जुड़ी है। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014के तहत राज्य दो हिस्सों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बंट गया था। उस समय तय किया गया था कि हैदराबाद 10 साल तक दोनों राज्यों की साझा राजधानी रहेगा और इस दौरान आंध्र प्रदेश को अपनी नई राजधानी विकसित करनी होगी। इसी पृष्ठभूमि में नायडू ने अमरावती को अपनी ड्रीम राजधानी परियोजना के रूप में आगे बढ़ाया। 2014 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने विशेषज्ञों की मदद से अमरावती को राजधानी के रूप में चुना और विकास की दिशा में कदम बढ़ाए। हालांकि, परियोजना को पर्यावरणीय और वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा, बावजूद इसके राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण से राहत मिलने के बाद इसके आगे बढ़ने की उम्मीद जगी थी। लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़ा राजनीतिक बदलाव हुआ। वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व में YSRCP ने भारी बहुमत हासिल किया और सत्ता में आने के बाद अमरावती परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। नई सरकार ने विदेशी बैंकों से लिए जाने वाले कर्ज को भी वापस कर दिया और तीन राजधानियों अमरावती (विधायी), विशाखापट्टनम (कार्यकारी) और कुरनूल (न्यायिक) का प्रस्ताव सामने रखा। अब एक बार फिर सत्ता में लौटे नायडू ने अमरावती को स्थायी राजधानी बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस मुद्दे को राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से पुनर्जीवित कर दिया है। यह प्रस्ताव न केवल राज्य की राजधानी को लेकर जारी असमंजस को खत्म करने की कोशिश है, बल्कि पिछले एक दशक से चल रही राजनीतिक खींचतान का नया अध्याय भी खोलता है।